RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 349
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मिली की शूटिंग ने मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाला
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# पुल हादसे में नौ गिरफ्तार, मृतक संख्या 134 हुई

### ● मोदी ने की उच्च स्तरीय बैठक, आज करेंगे दुर्घटनास्थल का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** मोरबी

**मोरबी** में तारों के पुल का प्रबंधन करने वाले ओरेवा समूह के चार कर्मचारियों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही, जिन कंपनियों को पुल के रखरखाव एवं संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री ने इस मामले पर सोमवार रात एक बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों से घटना से प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद करने को कहा। वे मंगलवार को मोरबी का दौरा करेंगे। मच्छु नदी पर स्थित यह केबल पुल रविवार को टूट गया था और इस हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ कर सोमवार को 134 पहुंच गई। हादसे से पहले की वीडियो क्लिप में यह देखा जा सकता है कि पुल कुछ ही सेकंड के अंदर टूट गया और इस पर मौजूद काफी संख्या में लोग नदी में गिर गए।

राजकोट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा, मोरबी हादसा मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें पुल का प्रबंधन करने वाले ओरेवा समूह के दो प्रबंधक और दो टिकट बुकिंग क्लर्क भी शामिल हैं। उन्होंने देश को स्तब्ध कर देने वाले इस हादसे की आपराधिक जांच के बारे में मीडिया को सूचना देते यह कहा। उन्होंने कहा कि हादसे में मरने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़ कर 134 हो गई है। हादसे के एक दिन बाद सोमवार को भी बचाव अभियान जारी रहा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल विभिन्न एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे बचाव अभियान की निगरानी के लिए रविवार रात मोरबी में ही डेरा डाले रहे। राज्य की राजधानी गांधीनगर से करीब 300 किमी दूरी पर स्थित एक सदी से अधिक पुराना यह केबल पुल रविवार शाम साढ़े छह बजे टूट गया। राज्य सूचना विभाग ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के पांच दल, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की छह पलटन, वायुसेना का एक दल, ( शेष पेज 8 )



गुजरात के मोरबी में मच्छु नदी पर केबल पुल टूटने से हुई दुर्घटना के बाद राहत और बचाव कार्य में लगे एनडीआरएफ कर्मचारी

## कांग्रेस ने की हादसे की न्यायिक जांच की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात के मोरबी में पुल टूटने के कारण 130 से अधिक लोगों की मौत की घटना पर दुख जताते हुए सोमवार को कहा कि इस घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिए। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस घटना को लेकर जवाबदेही तय होनी चाहिए ताकि आगे ऐसी घटनाएं नहीं हों। खरगे ने यहां संवाददाताओं से कहा, गुजरात की सरकार से यह अपेक्षा है कि वे घायलों के लिए तुरंत चिकित्सा का इंतज़ाम करें और लापता लोगों की जल्द से जल्द तलाश करें, साथ ही घायलों एवं मृतकों के परिवारों को उचित सहायता राशि भी प्रदान करें। उन्होंने इस हादसे की न्यायिक जांच की मांग करते हुए कहा, यह राजनीति करने का समय नहीं है, परंतु इस दुर्घटना की जवाबदेही ज़रूर तय होनी चाहिए तभी भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा। उधर, तेलंगाना में संवाददाताओं से मुखातिब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से जब मोरबी हादसे के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह इस दुखद घटना का राजनीतिकरण नहीं करेंगे।

## पुतिन समेत विश्व के कई नेताओं ने जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गुजरात** के मोरबी में सस्पेंशन पुल हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और इजराइल के पीएम याइर लापिद, नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउबा समेत विश्व के कई नेताओं ने संवेदना व्यक्त की है। गुजरात की राजधानी गांधीनगर से करीब 300 किलोमीटर दूर स्थित मोरबी में मच्छू नदी पर बना यह पुल एक सदी से भी अधिक समय पुराना था। मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य के बाद इसे आम जन के लिए पांच दिन पहले ही खोला गया था। पुल रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे टूट गया। इस हादसे में अब तक 140 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सोमवार को क्रेमलिन वेबसाइट पर प्रकाशित एक संदेश में पुतिन ने कहा कि माननीय राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, कृपया गुजरात राज्य में दुखद पुल हादसे के प्रति मेरी संवेदना स्वीकार करें। रूस की एक समाचार एजेंसी टीएएसएस के मुताबिक, पुतिन ने हादसे में जान गंवाने वाले पीड़ितों के प्रियजनों और दोस्तों के प्रति सहानुभूति और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। दिल्ली में रूसी राजदूत ने भी अपनी संवेदना जताई।

इसी प्रकार हादसे को लेकर सऊदी अरब के विदेश मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा कि मित्र राष्ट्र भारत के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करते हैं। शोक संदेश में इजराइल के प्रधानमंत्री लापिद ने कहा कि गुजरात में हुए पुल हादसे के बाद इजराइल के लोगों की संवादनाएं और प्रार्थनाएं भारत के लोगों के साथ हैं। अमेरिका की ओर से संवदेना प्रकट करते हुए नई दिल्ली स्थित दूतावास ने कहा कि यूएस मिशन पुल हादसे में मरने वाले लोगों के प्रति शोक प्रकट करता है। बीबीसी की रिपोर्ट को ट्वीट करते हुए ब्रिटिश राजदूत ने हादसे पर दुख जताया। ( शेष पेज 8 )

# टू-फिंगर टेस्ट महिलाओं की गरिमा पर कुठाराघातः कोर्ट

### ● उच्चतम न्यायालय ने केंद्र और राज्यों को इसे बंद करने के दिए निर्देश, ऐसा परीक्षण करने वाला व्यक्ति कदाचार का दोषी होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को बलात्कार पीड़िताओं से संबंधित टू-फिंगर परीक्षण की 'अनुचित' प्रथा की निंदा की और कहा कि इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है तथा इससे यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाएं फिर से पीड़ित होती हैं, और यह उनकी गरिमा पर एक कुठाराघात है। टू-फिंगर परीक्षण यौन उत्पीड़न और बलात्कार की शिकार महिलाओं के बारे में यह जानने के लिए किया जाता है कि वे सेक्स की अभ्यस्त हैं या नहीं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह कहना 'पितृसत्तात्मक' और 'लैंगिकतावादी' है कि किसी महिला के अपने साथ बलात्कार होने की बात पर सिर्फ इसलिए विश्वास नहीं किया जा सकता कि वह यौन रूप से सक्रिय है। इसने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि दुष्कर्म पीड़िताओं के परीक्षण की टू-फिंगर प्रणाली समाज में आज भी व्याप्त है। न्यायालय ने कहा कि टू-फिंगर परीक्षण करने वाले किसी भी व्यक्ति को कदाचार का दोषी ठहराया जाएगा। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने झारखंड सरकार की याचिका पर बलात्कार और हत्या की घटना के दोषी शैलेंद्र कुमार राय उर्फ पांडव राय नामक व्यक्ति को बरी करने के झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को पलट दिया और उसे गुनहगार करार देने के एक निचली अदालत के फैसले को कायम रखा।



पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के एक दशक पुराने एक फैसले में टू-फिंगर परीक्षण को महिलाओं की गरिमा और निजता का उल्लंघन बताया गया था। इसने कहा, दुर्भाग्य की बात है कि यह प्रणाली अब भी व्याप्त है। महिलाओं का गुप्तांग संबंधी परीक्षण उनकी गरिमा पर कुठाराघात है। यह नहीं कहा जा सकता कि यौन संबंधों के लिहाज से सक्रिय महिला के साथ दुष्कर्म नहीं किया जा सकता। ( शेष पेज 8 )

# मोदी का कांग्रेस पर हमला, कहा पहले सरदार पटेल से तो जुड़िए

### ● अखबारों में दिए विज्ञापनों में पहले गृह मंत्री की तस्वीर गायब रहने पर विपक्षी पार्टी को लिया आड़े हाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/ बनासकांठा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राजस्थान की सरकार द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर अखबारों में दिए गए इश्तहारों में देश के पहले गृह मंत्री की तस्वीर नदारद रहने के मुद्दे पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और उसके नेताओं को भारत को एकजुट रखने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी से जुड़ने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर यह हमला ऐसे समय में किया है जब उसके नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस पश्चिमी प्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान चला रहे हैं। गहलोत के हाथों में कांग्रेस की गुजरात में चुनावी रणनीति की कमान है। मोदी ने कहा, कांग्रेस ने राज्य के कम से कम दो प्रमुख अखबारों में पूरे पन्नों का विज्ञापन दिया है। आज सरदार पटेल की जयंती है। इन विज्ञापनों में उन्होंने सरदार पटेल की एक भी तस्वीर नहीं लगाई है। वह देश के और कांग्रेस के बड़े नेता थे और जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व वाली सरकार में उप प्रधानमंत्री थे।

प्रधानमंत्री ने यहां जलापूर्ति से संबंधित 8000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की और मुख्य नर्मदा नहर से कसारा-दंतीवाड़ा पाइपलाइन सहित कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद वह एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

भारत जोड़ो यात्रा की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा, वे देश को जोड़ना चाहते हैं। पहले सरदार पटेल से तो जुड़े, जिन्होंने देश को एकजुट किया है। यह सरदार पटेल का अपमान है। ( शेष पेज 8 )



सरदार पटेल की जयंती पर बनासकांठा में एक सभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# रेस्तरां-होटल का लाइसेंस देने के लिए बनी समिति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● आतिथ्य कारोबार की प्रक्रियाएं आसान बनाने को एलजी ने उठाया कदम, 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

**होटल** और रेस्तरां का कारोबार सुचारू रूप से संचालित करने की संभावना अब बढ़ गई है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रेस्तरां और होटल के लिए लाइसेंस प्रक्रिया और आवश्यकताओं को आसान बनाने के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है। अधिकारियों के अनुसार यह कदम आतिथ्य क्षेत्र को गति प्रदान करेगा और देर रात तक तथा होटल-रेस्तरां की छतों पर भोजन परोसने की व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करेगा।

एलजी ने इस समिति से 15 दिन में रिपोर्ट एवं सिफारिशें मांगी हैं। अधिकारियों के अनुसार समिति की अध्यक्षता प्रमुख सचिव (गृह) करेंगे। समिति में आयकर विभाग, प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), नगर निगम (एमसीडी), पुलिस, अग्निशमन सेवा और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल ने समिति को 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें देने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने कहा कि लाइसेंस प्रक्रिया और आवश्यकताएं अक्सर पुरानी, अनावश्यक रूप से प्रतिबंधात्मक, कठोर और विवेकाधीन पाई जाती हैं। होटल-रेस्तरां के संचालकों को अक्सर उत्पीड़न और भ्रष्टाचार की शिकायतें रहती हैं, जिसके परिणामस्वरूप तथ्यात्मक रूप से देखा जा सकता है कि अन्य वैश्विक और भारतीय शहरों के विपरीत, दिल्ली का आतिथ्य क्षेत्र अभी तक अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाया है।

अधिकारियों ने कहा कि समिति रेस्तरां, भोजनालयों और होटल की लाइसेंस संबंधी जरूरतों को आसान और सुगम बनाएगी। ( शेष पेज 8 )

# नोएडा में खुला उप्र का पहला डाटा सेंटर

**रिंकू यादव।** नोएडा

**गौतमबुद्ध** नगर के ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश का पहला डाटा सेंटर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इसका उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डाटा सेंटर के लिए दुनिया अब हमारी तरफ देख रही है। उत्तर प्रदेश डाटा हब बनने जा रहा है। नोएडा में इसके लिए 39 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार बनने के बाद जब मैंने नोएडा की यात्रा शुरू की थी, तो विपक्ष ने कहा कि कुर्सी जाएगी। हम डरे नहीं और जो-जो संकल्प लिया, वह किया। इसी वजह से आज प्रदेश निवेश में सबसे आगे है। डाटा सेंटर की जरूरत और संभावनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज भारत में 65 करोड़ इंटरनेट उपभोक्ता हैं। यह पूरे विश्व का 20 प्रतिशत है और स्टोरेज की क्षमता केवल दो प्रतिशत। भारत अब इस दिशा में आगे बढ़ा है और ग्रेटर नोएडा में खुले इस डाटा सेंटर ने यह दिखा कि हम भी डाटा को अपने यहां ही सुरक्षित रख सकते हैं। देश में डाटा स्टोरेज के लिए अपार अवसर हैं। नोएडा इसके लिए बेहद अनुकूल जगह है। ( शेष पेज 8 )



### ● सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया लोकार्पण, 39 हजार करोड़ के एमओयू साइन

### डाटा सेंटर का हब बनेगा उत्तर प्रदेश

**मुख्यमंत्री** योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर का केंद्र बनेगा। राज्य में डाटा सेंटर नीति लागू होने के पहले वर्ष में 20,000 करोड़ रुपए निवेश हो चुके हैं। अडाणी, वेबवर्क्स, सिफी, एसटीटी और एनटीटी जैसी कंपनियों ने भी अपने निवेश प्रस्ताव पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय और वैश्विक डाटा केंद्र निवेशकों से 600 मेगावॉट से अधिक डेटा सेंटर के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। डेटा सेंटर की क्षमता को उसके द्वारा खपत की जाने वाली बिजली के संदर्भ में मापा जाता है।

### आज इंडिया वाटर वीक में हिस्सा लेंगे मुख्यमंत्री

**दो** दिवसीय दौरे पर नोएडा आए मुख्यमंत्री गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में रात्रि प्रवास करेंगे। पहली नवंबर को मुख्यमंत्री सुबह करीब 10 बजे इंडिया एक्सपो मार्ट जाएंगे, जहां इंडिया वाटर वीक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री नॉलेज पार्क-4 में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यूपी सीडा की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। यहां वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,747 | ↑ | 788 | |
| निफ्टी | 18,012 | ↑ | 225 | |
| सोना | 50,239 | ↑ | 9 | /10g |
| चांदी | 57,345 | ↓ | 135 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ज्ञानवापी मस्जिद विवाद पर 10 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े एक विवाद पर 10 नवंबर को सुनवाई के लिए सहमत हो गया। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ को अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि इस मामले में तत्काल सुनवाई की आवश्यक्ता है क्योंकि अदालत का आदेश 12 नवंबर को खत्म हो रहा है जो मस्जिद के उस क्षेत्र को संरक्षित करने के लिए है जहां एक सर्वेक्षण के दौरान शिवलिंग मिला है। जैन ने कहा, हमारी मुश्किल यह है कि अदालत का अंतरिम आदेश 12 नवंबर को खत्म हो रहा है। इसके बाद पीठ 10 नवंबर को सुनवाई के लिए तैयार हो गई। शीर्ष अदालत ने 20 मई को इस मामले को सिविल जज से जिला जज, वाराणसी को स्थानांतरित कर दिया था।

# आईटीबीपी के याक बाहुबली, टट्टू मधु को मिले पदक

### ● सिक्किम और लद्दाख क्षेत्रों में एलएसी चौकियों पर राशन, बारूद ले जाने के लिए मिला विशेष सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत-तिब्बत** सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की पशु परिवहन इकाई के याक बाहुबली और टट्टू मधु को क्रमशः सिक्किम और लद्दाख क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थित अग्रिम चौकियों तक कई टन राशन, उपकरण और गोला-बारूद पहुंचाने के लिए विशेष सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। आईटीबीपी के अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि 10 वर्षीय मधु ने जहां लद्दाख सेक्टर में बल में अपनी सात साल की सेवा के दौरान कुल 59,821 किलोग्राम भार ढोया है, वहीं बाहुबली (9.6 वर्ष) ने 2,348 किलोमीटर पैदल चलकर 7,818 किलोग्राम भार ढोया है। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पशु परिवहन इकाई के ऐसे सदस्यों को सालाना पदक दिए जाते हैं जिन्होंने असाधारण सेवा की हो और आईटीबीपी की सुदूर सीमा चौकियों तक पहुंचने के लिए पहड़ियों पर कुछ सबसे कठिन यात्राएं की हों। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, टट्टू, खच्चर और याक वाली इकाई के सदस्यों ने चालू वर्ष में 3,43,593 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की और कुल 30,45,019 किलोग्राम भार ढोया। ये जानवर सूखा राशन, ईंधन, गोला-बारूद, पैकेट बंद भोजन और अन्य सामान सीमा चौकियों पर ले जाते हैं जो लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक 8,000-16,000 फुट की उंचाई से उंचाई पर स्थित हैं। गत 24 अक्टूबर को आईटीबीपी के स्थापना दिवस के अवसर पर दोनों विजेताओं को उनकी संबंधित सीमा चौकियों पर पदक दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि टट्टुओं को मैदानी इलाकों में पाला जा सकता है, लेकिन याक को आमतौर 15,000 फीट या इससे ज्यादा ऊँचाई पर स्थित चौकियों पर तैनात किया जाता है क्योंकि इससे नीचे ये रह नहीं पाते। ( शेष पेज 8 )



याक बाहुबली



टट्टू मधु

# पर्थ में विराट के कमरे की वीडियो रिकॉर्डिंग में शामिल कर्मी हटाए गए

### ● कोहली ने प्रशंसक द्वारा वीडियो लीक किए जाने की निंदा की

**पर्थ (भाषा)।** विराट कोहली ने सोमवार को एक प्रशंसक द्वारा उनके होटल के कमरे का वीडियो शूट करने और इसे सार्वजनिक करके उनकी निजता का हनन करने की निंदा की। उधर होटल प्रबंधन ने इसमें शामिल व्यक्तियों को हटा दिया गया है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से तुरंत ही मूल वीडियो को हटा दिया गया है। कोहली ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक संदेश के साथ फिर से साझा करते हुए कहा कि वह इस तरह की हरकत से खुश नहीं हैं। मौजूदा टी20 विश्व कप में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया में मौजूद कोहली ने लिखा, मैं समझता हूं कि प्रशंसक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को देखकर खुश और उत्साहित होते हैं और उनसे मिलने के लिए रोमांचित होते हैं और मैंने हमेशा इसकी सराहना की है। उन्होंने कहा, लेकिन यह वीडियो भयावह है और इससे मैं अपनी निजता को लेकर काफी परेशान महसूस कर रहा हूं। कोहली ने कहा, अगर मैं अपने होटल के कमरे में निजता नहीं रख सकता तो फिर मैं कहां निजता की उम्मीद कर सकता हूं? मैं इस तरह के निजता के हनन से खुश नहीं हूं। ( शेष पेज 8 )

# लुला डी सिल्वा की सत्ता में वापसी तीसरी बार बने ब्राजील के राष्ट्रपति

### ● बेहद कड़े मुकाबले में बोलसोनारो को हराया

**एपी।** साओ पाउलो

**ब्राजील** में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में वामपंथी वर्कर्स पार्टी के लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने निवर्तमान राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो को हरा दिया है। निर्वाचन प्राधिकरण ने रविवार को यह जानकारी दी। प्राधिकरण के मुताबिक, आम चुनाव में पड़े कुल मतों में से 99 प्रतिशत मतों की गिनती के अनुसार, लूला डा सिल्वा को 50.9 फीसद और बोलसोनारो को 49.1 प्रतिशत मत मिले। यह लूला डा सिल्वा के लिए एक आश्चर्यजनक उलटफेर है। सिल्वा 2003 से 2010 के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके हैं। सिल्वा (77) को 2018 में भ्रष्टाचार के मामले में कैद की सज़ा सुनाई गई थी, जिस वजह से उन्हें उस साल चुनाव में दरकिनार कर दिया गया था। इस कारण, तत्कालीन उम्मीदवार बोलसोनारो की जीत का मार्ग प्रशस्त हुआ था। लूला डा सिल्वा ने साओ पाउलो शहर के एक होटल में एक भाषण में कहा, आज एकमात्र विजेता ब्राजील के लोग हैं। यह मेरी या वर्कर्स पार्टी की जीत नहीं है, न ही उन पार्टियों की जिन्होंने अभियान में मेरा समर्थन किया है। यह राजनीतिक दलों, व्यक्तिगत हितों और विचारधाराओं से ऊपर उठे लोकतांत्रिक आंदोलन की जीत है। ( शेष पेज 8 )



अपनी जीत का जश्न मनाते लुला डी सिल्वा

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 नवंबर, 2022



# गाजियाबाद में प्रदूषण खतरनाक श्रेणी में, एक्यूआई स्तर 340 दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में प्रदूषण का स्तर पिछले दो सप्ताह से खतरनाक श्रेणी में बना हुआ है। दिवाली का प्रदूषण और पराली से गाजियाबाद में प्रदूषण की रोकथाम के लिए इस बार एक अक्टूबर से ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रेप लागू किया गया है।

ग्रेडेड रिसपांस एक्शन में एक्यूआइ बढ़ने के साथ पाबंदियां तय की गई हैं। प्रदूषण के तीसरे चरण की पाबंदियां लागू की गई हैं। इसके बाद भी प्रदूषण कम नहीं हो रहा है। सोमवार सुबह गाजियाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआइ 340 दर्ज किया गया। हालांकि, यह एक्यूआइ पहले के मुकाबले थोड़ा कम है।

बता दें किए दो दिन पहले शुक्रवार को भी दिल्ली एनसीआर में गाजियाबाद देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। वहीं गाजियाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआइ 371 दर्ज किया गया था। वहीं उसके पहले का एक्यूआइ 373 दर्ज किया गया था, जिसमें गाजियाबाद का लोनी क्षेत्र सबसे प्रदूषित रहा था। लोनी का एक्यूआइ 410 दर्ज किया गया था। इस प्रदूषण के चलते लोगों की आंखों में जलन भी महसूस होने लगी थी। वहीं लोगों को कार चलाते वक्त भी परेशानी हो रही थी।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Prashant Sharma is in process to avail the LAP with the Piramal Capital & Housing Finance Limited against his Property bearing No. 461, Area Measuring 111 Sq. mtrs., part of Khasra No. 172, Situated in the abadi Extended Lal Dora of Village Rithala Delhi-110085, having acquired vide Gift Deed dated 13.06.2019 (Doc No. 2441) executed by Bhagwan Dass Sharma

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपक कुमार पुत्र श्री सत्यपाल सिंह, संपत्ति Residential Free Hold Plot bearing No. 85, area measuring 35 Sq. Yds, i.e, 29.26 Sq. Mtrs, out of Khasra No. 3065Mi, Situated at Mansarovar Park, Village Shahpur Bamhaita, Pargana Dasna, Tehsil & District Ghaziabad, U.P., मूल बिक्री विलेख दिनांक 23.09.2022 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 6251 के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति, मेरे मुवक्किल मेसर्स विस्तार फाइनेंसियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ बिक्री विलेख दिनांक 17.04.2009 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 1434 कहीं खो गए है। इस सन्दर्भ में दिल्ली पुलिस को सुचना दिनांक 31.10,2022 को एनसीआर एल०ए० आर० नंबर 934712 को दर्ज करवाई गई है।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Kamlesh Bhasin, Kawal Bhasin and Sanjeev Bhasin** claims to be owner and in possession of **Property Bearing No. 55E, Industrial area, New Township, Faridabad, Haryana.** (hereinafter called the said property) by virtue of Sale Deed Dated 25.11.2010 r/w law inheritance, said Badri Nath Bhasin, Kawal Bhasin and Sanjeev Bhasin were the Joint Owners of the said property and said Badri Nath Bhasin Died on 02.05.2021 leaving Behind **Kamlesh Bhasin, Kawal Bhasin and Sanjeev Bhasin** as the only Legal Heirs as per confirmation letter dated 01.07.2021 issued by Tehsildar, accordingly said property devolved upon Kamlesh Bhasin, Kawal Bhasin and Sanjeev Bhasin as aforesaid and now Said **Kamlesh Bhasin, Kawal Bhasin and Sanjeev Bhasin** has agreed to create a mortgage in favour of our clients, **IDFC FIRST BANK LTD, Pusa Road, Rajendra Place Branch, New Delhi**.

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below **within 07 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

Vishal Diwan (Advocate)
For Diwan and Company LLP
Advocates and Solicitors
House No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi – 19
Mobile No. 9818399999

**PUBLIC NOTICE**

**BRIGHT STAR BUILDERS PRIVATE LIMITED**
M 11, Middle Circle, Connaught Circus, New Delhi 110001

We, Bright Star Builders Private Limited, having office at M 11, Middle Circle, Connaught Circus, New Delhi 110001, do hereby inform the general public by way of the present notice that we have lost the Original Exchange Deed (Tabadlanama), having 6 (six) pages, with registration no. 1847, Dated 28.06.2017, Book I, Vol. 3, Page No. 60, duly registered at the office of Sub Registrar, Badshahpur, Gurugram, executed between Bright Star Builders Private Limited as First Party; and Sh. Dushyant, Sh. Surender, Sh. Devender and Sh. Rakesh, all S/o Sh. Om Prakash S/o Trikha, resident of Village Palda/Palra, Sub Tehsil Badshahpur, Gurugram as Second Party pertaining to land belonging to the parties i.e. First Party - Khewat No. 10, Khatauni No. 11, Mustil No. 25, Kila No. 6/2 Min West-North (0-2) Salam, Jamabandi 2004-05, Mutation No. 2011, situated at Village Palda/Palra, Sub Tehsil Badshahpur, Gurugram. And Second Party Khewat No. 10, Khatauni No. 11, Mustil No. 25, Kila No. 5/2 Min East (0-2) Salam, Jamabandi 2004-05, Mutation No. 2351 and 2422, situated at Village Palda/Parla, Sub Tehsil Badshahpur, Gurugram.

We, have filed First Information Report with Crime Branch, Delhi Police vide in respect of Article / Document Lost in Delhi vide SO No: 430 / 2014 Delhi Police, P.S: Crime Branch, Delhi LR No:884772/2022 dated October 13, 2022.

Finder may send/contact the below-mentioned address-

**Rohit Mohan**
*(Authorised Signatory)*
**BRIGHT STAR BUILDERS PRIVATE LIMITED,**
M 11, Middle Circle, Connaught Circus, New Delhi 110001

**प्रपत्र सं. 3**
खविनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें,
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./573/2021
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 11479
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
श्री परवीन कुमार सिंह

सेवा में,
मैसर्स वी एन बिल्ड टेक प्रा. लि.
20, 21, 22, द्वितीय तल, सिल्वर स्क्वायर मॉल, सी 18
भगवान दास रोड सी स्कीम, जयपुर, राजस्थान

सम्मन

जबकि, ओए/573/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 22–07–2022 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 48,59,901/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 03–11–2022 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 03–08–2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

**प्रपत्र सं. 3**
खविनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें,
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1570/2021
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 11478
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
राजीव तोमर

सेवा में,
(3) मैसर्स सिद्धार्थ
बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड
निवासी दुकान नंबर 1 और 4, लोकल शॉपिंग सेंटर, पुष्प विहार, मदनगीर, नई दिल्ली–110062, इसके प्राधिकृत अधिकारी बिल्डर के माध्यम से

सम्मन

जबकि, ओए/1570/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 22–07–2022 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,10,30,776/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 03–11–2022 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 03–08–2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

**प्रपत्र सं. 3**
खविनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें,
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1533/2021
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4)के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 11476
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
राहुल जैन

सेवा में,
मैसर्स सिद्धार्थ
बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड
निवासी दुकान नंबर 1 और 4, लोकल शॉपिंग सेंटर, पुष्प विहार, मदनगीर, नई दिल्ली–110062, इसके प्राधिकृत अधिकारी बिल्डर के माध्यम से

सम्मन

जबकि, ओए/1533/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 22–07–2022 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,62,01,510.62/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 03–11–2022 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 03–08–2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

# ग्रेनो आएंगी राष्ट्रपति, इंडिया वाटर वीक का उद्घाटन आज

## यातायात पुलिस की एडवाइजरी, इमरजेंसी वाहनों को छोड़कर नोएडा एक्सप्रेसवे पर होगा रूट डायवर्ट

● सेक्टर 37 से डीएनडी चिल्ला की ओर आने वाला यातायात सेक्टर 37 से सेक्टर 18, रजनीगंधा चौक होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एक नंवबर से ग्रेटर नोएडा एक्सपो सेंटर में इंडिया वाटर वीक आईडब्ल्यूडब्ल्यू का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ देश की राष्ट्रपति करेंगी। वे नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस के जरिए एक्सपो सेंटर आएंगी। इसको लेकर एक्सप्रेस वे पर रूट को डायवर्ट किया जाएगा। ऐसे में कल जो भी लोग एक्सप्रेस वे का प्रयोग करते है वह प्लान देखकर ही निकले। बता इस एक्सप्रेस वे का प्रयोग ग्रेटर नोएडा, आगरा और लखनऊ जाने किया जाता है।

डीसीपी ट्रैफिक गणेश शाह ने बताया कि इस दौरान इमरजेंसी वाहनों पर यह यातायात डायवर्जन लागू नहीं होगा। ऐसे वाहनों को सकुशल पास कराया जायेगा। वहीं वाहन चालकों को कोई असुविधा न हो इसके लिए वे हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर सम्पर्क कर सकते है। आमजन यातायात सुविधा हेतु गूगल मैप का प्रयोग कर सकते है। गोलचक्कर चौक से एक्सप्रेस.वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाला यातायात गोलचक्कर चौक से रजनीगंधा चौकए सेक्टर 37 होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा। डीएनडी से एक्सप्रेस–वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाला यातायात रजनीगंधा चौक से स्टेडियम, सेक्टर 18, सेक्टर 37 होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा। चिल्ला रेड लाइट से एक्सप्रेस.वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाला यातायात सेक्टर 14ए फ्लाईओवर से गोलचक्कर चौक होते हुए रजनीगंधा चौक, सेक्टर 37 होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा। गोलचक्कर चौक से एक्सप्रेस.वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाला यातायात गोलचक्कर चौक से रजनीगंधा चौक, सेक्टर 37 होकर जा सकेंगे। रजनीगंधा चौक से एक्सप्रेस.वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाला यातायात रजनीगंधा से सेक्टर 18, सेक्टर 37 होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा। एलिवेटिड मार्ग से एक्सप्रेस–वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाला यातायात सेक्टर 37 होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगा।

सेक्टर 37 से एक्सप्रेस–वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाला यातायात सेक्टर 44 गोलचक्कर होकर सर्विस रोड से अपने गंतव्य को जा सकेगा। सर्विस रोड से नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस.वे पर चढने वाले यातायात का सर्विस रोड से संचालन कराया जाएगा। जीरो प्वाइंट से परीचौक की ओर जाने वाला यातायात जीरो प्वांइट से नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे होकर पंचशील अंडरपास से एनएसईजेड होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। परीचौक से नोएडा–ग्रेटर नोएडा की ओर आने वाला यातायात अल्फा कॉमर्शियल गोलचक्कर पी–3 गोलचक्कर होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। आगरा से नोएडा की ओर आने वाला यातायात परीचौक अल्फा कॉमर्शियल गोलचक्कर होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।

सेक्टर 37 से डीएनडी चिल्ला की ओर आने वाला यातायात सेक्टर 37 से सेक्टर 18, रजनीगंधा चौक होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। कालिन्दी से चिल्ला डीएनडी की ओर आने वाला यातायात सेक्टर 37 से सेक्टर 18, रजनीगंधा चौक होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। एलिवेटिड मार्ग से चिल्ला डीएनडी की ओर आने वाला यातायात सेक्टर 18, रजनीगंधा चौक होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। सर्विस रोड से नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे पर चढने वाले यातायात का सर्विस रोड से संचालन कराया जाएगा।

# पति को जहर देने वाली लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

**नोएडा।** हल्द्वानी गांव में पति को जहर देकर जेवरात समेट कर फरार हुई पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला है कि प्रेम प्रसंग के चलते महिला ने अपने पति को जहर देकर मारने की कोशिश की थी। थाना ईकोटेक 3 प्रभारी ने बताया कि हल्द्वानी गांव में ज्ञानचंद अपनी पत्नी सोनम व अन्य परिजनों के साथ रहते हैं।

शुक्रवार को सोनम ने ज्ञानचंद के खाने में जहरीला पदार्थ मिला दिया। खाना खाते ही उसकी हालत बिगड़ गई जिस पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। ज्ञानचंद की हालत को देखते हुए चिकित्सक ने उसे आईसीयू में रखा। चिकित्सकों ने परिजनों को बताया कि ज्ञानचंद को कोई जहरीला पदार्थ खिलाया गया है। ज्ञानचंद के भाई ने आरोप लगाया कि जहर देने के बाद उसकी भाभी सोनम घर से लाखों रुपए के जेवरात भी समेटकर फरार हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल के बाद सोनम को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि सोनम का किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

# पुलिस कमिश्नर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

भारत रत्न व लौह पुरूष के नाम से विख्यात देश के पहले गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की 147 वी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता व अखण्डता की शपथ दिलाई।

कमिश्नर आलोक सिंह ने उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलाई ।

लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके पद चिन्हों व आदर्शो का अनुकरण करने की प्रेरणा देते हुये कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता व कार्यो का ही परिणाम है जो



देश की एकता व अखंडता को सम्भव बनाया जा सका। इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त कानून, व्यवस्था रवि शंकर छवि, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय श्रीमती भारती सिंह, सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रसव के बाद कुतिया की मौत, लोगों ने किया हंगामा

● अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

प्रसव के बाद एक कुतिया की मौत हो जाने के बाद नाराज सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। दरअसल, सेक्टर 100 में स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में कुछ दिन पहले आवारा कुत्तों के हमले में आठ माह के बच्चे की मौत हो जाने पर सोसाइटी के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था, जिसके बाद नोएडा प्राधिकरण ने वहां से लावारिस कुत्तों को पकड़ा था, लेकिन एक गर्भवती कुतिया को सेक्टर–104 में रहने वाली एक पशु प्रेमी महिला ने अधिकारियों से लेकर अपने पास रख लिया था। कुतिया की प्रसव के बाद रविवार रात मौत हो गई। उसकी मौत के बाद लोगों ने प्राधिकरण के खिलाफ हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि जानवरों को पकड़ने के दौरान प्राधिकरण के कर्मियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

# गंगनहर में डूबते बंदर का सहारा बनीं हनुमान मूर्ति

**गाजियाबाद।** गंगनहर में गिरे बंदर को बचाने के लिए भगवान हनुमान की मूर्ति सहारा बन गई। गंगनहर के बीच पिलर पर हनुमान मूर्ति स्थापित थी। तैरता हुआ बंदर इस मूर्ति से चिपककर रातभर बैठा रहा।

अगली सुबह पुलिस ने बोट से पहुंचकर बंदर को रेस्क्यू किया। ठंडे पानी में पूरी रात रहने बंदर के बच्चे का शरीर सिकुड़ गया। पुलिस स्टेशन के सतीश कुमार ने बताया, बंदर कैसे गंगनहर में गिरा, इसका पता नहीं चला। लेकिन लोगों ने रविवार सुबह उसको गंगनहर के बीच पिलर पर स्थापित हनुमान मूर्ति को पकड़कर बैठे हुए देखा।

# बेपटरी हुई नई दिल्ली-अलीगढ़ ईएमयू ट्रेन

● तेज आवाज के बाद सहमे यात्री

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नई दिल्ली अलीगढ़ ईएमयू 04414 रविवार देर शाम गाजियाबाद जंक्शन पर बेपटरी हो गई। इसका खुलासा सोमवार को हुआ। गनीमत रही कि ईएमयू ट्रेन की गति अधिक नहीं होने के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और इसमें बैठे सभी यात्री सुरक्षित थे। इस हादसे की सूचना मिलते ही दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम डिंपी गर्ग गाजियाबाद जंक्शन पहुंचे।

करीब चार घंटे में ट्रेन को पटरी से हटाकर ट्रैक क्लियर किया गया। रविवार रात 12 बजे तक ट्रेन के बेपटरी होने की जांच विशेषज्ञों की टीम करती रही। मिली जानकारी के मुताबिक, ईएमयू ट्रेन शाम 7;15 बजे गाजियाबाद जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंची थी। दो मिनट रुकने के बाद ईएमयू दोबारा चली ही थी कि प्लेटफार्म छोड़ने से पहले ही एक कोच के चारों पहिए पटरी से उतर गए। इसके बात तेज आवाज और झटके के कारण इसमें बैठे यात्रियों में अफरा–तफरी मच गई। संभावित हादसे के मद्देनजर लोको पायलट ने आनन–फानन में ब्रेक लगाए।

स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों के साथ डीआरएम भी मौके पर पहुंचे। यात्रियों को प्लेटफार्म पर ही उतार दिया गया। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद ईएमयू को हटाया गया। इस हादसे में किसी यात्री को चोट नहीं आई, लेकिन ट्रेन के डिरेल होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ यात्री स्टेशन पर ही दूसरी ट्रेनों का इंतजार करते रहे, जबकि बाकी बसों में सवार होकर गंतव्य की ओर निकले। ट्रेन पटरी से कैसे उतरी इसकी जांच चल रही है और तकनीकी टीम जांच पूरी कर डीआरएम को सौंपेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सिटी हार्ट स्कूल में मनाई गई सरदार पटेल जयंती

**नोएडा।** कटहरा रोड स्थित सिटी हार्ट अकादमी स्कूल में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य रुचि भाटी ने बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल का जन्मोत्सव मनाया जाता है। जन्मदिन के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह की प्रार्थना सभा में सरदार पटेल की प्रतिमा पर स्कूल के डायरेक्टर संदीप भाटी ने दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए। स्कूल में एकता दौड़ का भी आयोजन किया गया। दौड़ में छोटे व बड़े सभी बच्चों ने भाग लिया। दौड़ का मुख्य उदेश्य बच्चों में एकता को जागृत करना था। स्कूल डायरेक्टर ने सभी बच्चों को सरदार पटेल के बारे में विस्तार से बताया और सभी को एकता की शपथ दिलाई। पलक भाटी ने सरदार पटेल के जीवन पर आधारित बातों का स्पीच के माध्यम से वर्णन किया। श्री भाटी ने सरदार पटेल के पदचिह्नों पर चलने के लिए प्ररित किया।

### गैजेट और फास्ट फूड स्वास्थ्य के लिए गंभीर समस्या



**गाजियाबाद।** गैजेट और फास्ट फूड बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। यह दावा राजेंद्र नगर स्थित एके चिल्ड्रन एकेडमी में मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित एक कार्यशाला में डॉ. ख्याति शर्मा ने किया। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. ख्याति शर्मा प्रत्यक्ष मेडी केयर और श्रद्धा सेवा समिति की निदेशक होने के साथ नवीन अस्पताल में फिजियोथेरेपी विभाग की प्रमुख हैं। डॉ. ख्याति ने कहा कि बच्चों में भी मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है, चिंता, सहकर्मी दबाव, परीक्षा का दबाव, अकेलापन जैसी चीजें उनको प्रभावित करती हैं। इस कार्यशाला का आयोजन प्रत्यक्ष मेडिकेयर और श्रद्धा सेवा समिति के सहयोग से सलाम नमस्ते कम्युनिटी रेडियो के संयुक्त सहयोग से किया गया था। कार्यशाला में एके चिल्ड्रन एकेडमी की प्रिंसिपल श्वेता राय और सलाम नमस्ते कम्युनिटी रेडियो की स्टेशन हेड बर्षा छाबरिया ने भाग लिया।

### इंदिरापुरम में नगर कीर्तन निकाला गया



**गाजियाबाद।** गुरुद्वारा इंदिरापुरम के संयोजन में रविवार सुबह नगर कीर्तन निकाला गया, जो आसपास के सभी इलाकों से होते हुए शाम को बजे वापस गुरुद्वारा इंदिरापुरम पर आकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालुओं ने भाग लिया। साहिबाबाद व गाजियाबाद की संगत ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और गुरु साहिबान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर हमारे प्रधान सरदार गुरप्रीत सिंह रम्मी जी ने सारी संगत का धन्यवाद किया और कहा के गुरु महाराज जी सभी को सदा चढ़दी कला में रखें।

# छठ महापर्व: उगते सूर्य को अर्घ्य देने उमड़ा आस्था का ज्वार

● अनुष्ठान के चौथे दिन अर्घ्य के बाद व्रतियों ने अन्न-जल ग्रहण कर पारण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय पर्व छठ आज सुबह उगते सूर्य के अर्घ्य के साथ ही संपन्न हो गया। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के चौथे दिन अर्घ्य के बाद व्रतियों ने अन्न.जल ग्रहण कर पारण किया।

सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए आस्था का ज्वार उमड़ा। बड़ी संख्या में छठ व्रती बांस की टोकरी, सुप में फल, खजूर आदि लाएं और सूर्यए छठ माता को प्रसाद चढ़ाया गया और जल में उतरकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया है। सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व संपन्न हो गया।

चार दिन तक चलने वाले इस त्योहार में भगवान सूर्य की आराधना की जाती हैं। नोएडा स्टेडियम में भी 30 हजार से ज्यादा लोगों ने सूर्य को अर्घ्य दिया। नोएडा के सेक्टर.31 पार्क, सेक्टर.71, सेक्टर.34 और 75 में भी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पर का समापन किया। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर.36 में बड़ी संख्या में लोग जमा हुए और उगते हुए सूरज को अर्घ्य दिया ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चेरी काउंटी के पास भी कृत्रिम रूप से बनाए गए तालाब में हजारों की संख्या में लोग जमा हुए और सूर्य को अर्घ्य देकर छठ का समापन किया।

### सोसाइटियों में लोगों ने स्विमिंग पूल में खड़े होकर अर्घ्य दिया

गाजियाबाद। लोक आस्था के छठ महापर्व पर सोमवार सुबह आसमान में भगवान सूर्य की लालिमा के साथ उदय हुए तो जिले में छठ घाटों से लाखों श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया।

विधि विधान से पूजा कर श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर से सुख–समृद्धि और मनवांछित फल की कामना की। इसके बाद छठ महापर्व पूर्ण हुआ और व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत भी खोला।

हरनंदी नदी, हिंडन नहर पर प्रशासन की ओर से छठ पूजा की व्यवस्था की गई थी। यहां पर हजारों लोगों ने सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। सुबह दोनों स्थानों पर मेला भी लगा। सोसायटियों में लोगों ने स्विमिंग पूल में खड़े होकर अर्घ्य दिया। इंदिरापुरम की शिप्रा सनसिटी, नीति खंड तीन के सेंट्रल पार्क, ओरेंज काउंटी, आम्रपाली विलेज समेत अन्य सोसायटियों के स्विमिंग पूल में गुलाब के फूल और गंगाजल डालकर छठ पर अर्घ्य देने की व्यवस्था की गई। सोमवार सुबह चार बजे से ही छठ व्रतियों ने छठ घाट पर पहुंचकर विधि विधान से पूजा की। सूर्योदय होने पर अर्घ्य दिया।

हरनंदी नदी के घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने पानी में खड़े होकर अर्घ्य दिया। इस दौरान कोई पानी में न डूबे इसके लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ की टीम स्टीमर से नदी में घूमती रही। बाहर सुरक्षा में पुलिस बल तैनात रहा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाष: 011–40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।


हरियाणा सरकार
साल
राख्या ख्याल
आज़ादी का
अमृत महोत्सव
हरियाणा दिवस
के अवसर पर प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मंगलवार, 1 नवम्बर, 2022
देशोऽस्ति हरयाणाख्य:
पृथिव्यां स्वर्गसन्निभ:
हरियाणा नाम का एक प्रदेश है जो धरती पर स्वर्ग के समान है
कोरोना टीकाकरण
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
Follow us on
@diprharyana

# सरदार पटेल प्रधानमंत्री बनते तो कई समस्याएं नहीं होती : शाह

- गृहमंत्री ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी को दिखाई हरी झंडी
- गृहमंत्री ने कहा, देश को विभाजित करने वालों के मंसूबों को किया नाकाम




सरदार पटेल की जयंती के अवसर रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाते गृहमंत्री अमित शाह, साथ में एलजी वी.के सक्सेना, विदेश मंत्री जयशंकर व अन्य।



दौड़ में खेल जगत की हस्तियों, खेलप्रेमियों और केंद्रीय पुलिस बलों के जवानों सहित लोगों ने भाग लिया। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि यदि सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत का पहला प्रधानमंत्री बनाया गया होता तो देश के सामने आज मौजूद अनेक समस्याएं होती ही नहीं।

भारत के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल की 147वीं जयंती के अवसर पर राजधानी स्थित सरदार पटेल विद्यालय में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ाने के लिए काम किया है और देश की सुरक्षा को सुदृढ़ किया है ताकि कोई भी भारत की सीमाओं पर बुरी नजर डालने का साहस नहीं कर सके। इससे पहले शाह ने राजधानी में भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 147वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक दौड़ को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को विभाजित रखने के, विरोधी ताकतों के प्रयासों के बावजूद अपनी दूरदर्शिता से एक मजबूत और अखंड भारत के सपने को साकार किया। दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू हुए रन फॉर यूनिटी में, खेल जगत की हस्तियों, खेलप्रेमियों और केंद्रीय पुलिस बलों के जवानों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

शाह ने कहा कि आज़ादी के समय भी, भारत को विभाजित रखने के लिए कुछ ताकतों ने प्रयास किए थे। हमने देखा है कि कैसे सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शिता और राजनीतिक सूझबूझ से जूनागढ़, जम्मू-कश्मीर और हैदराबाद को भारत संघ में शामिल किया था।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के इरादों के बिना, एक मजबूत और अखंड भारत संभव नहीं हो सकता था। शाह ने कहा कि वर्तमान भारत के निर्माण में पटेल की अहम भूमिका रही। शाह ने कहा, अगर सरदार पटेल नहीं होते तो भारत का नक्शा आज की तरह नहीं होता। वह लक्षद्वीप, जोधपुर, जूनागढ़, हैदराबाद और कश्मीर को साथ लाए। गृह मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल के बिना संगठित भारत का विचार फलीभूत नहीं होता। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले आठ वर्षों में इस संबंध में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। शाह ने कहा कि हम आज़ादी की शताब्दी के समय वर्ष 2047 में सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाने में सफल हो जाएंगे। शाह ने दौड़ में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को एकता की शपथ भी दिलाई। दौड़ को हरी झंडी दिखाने के समारोह में केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर, विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और निसिथ प्रमाणिक के अलावा दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे।

## मोरबी पुल हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

शाह ने अपने भाषण की शुरुआत गुजरात के मोरबी शहर में पुल टूटने के कारण जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देकर की। उन्होंने कहा कि गुजरात में कल (रविवार) एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। मैं इस हादसे पर खेद व्यक्त करता हूं और अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए भी प्रार्थना करता हूं।

## अपनी भाषा मत छोड़िए

केंद्रीय गृहमंत्री ने छात्रों से कहा, कभी अपनी भाषा मत छोड़िए। दुनिया की अन्य सभी भाषाएं सीखिए लेकिन अपनी मातृ भाषा कभी मत छोड़िए। भाषा अभिव्यक्ति का प्रकार है, ना कि आपकी बुद्धिमत्ता का। किसी को अंग्रेजी नहीं जानने पर हीनभावना से ग्रसित नहीं होना चाहिए। आपको अपनी मातृ भाषा को जीवंत रखना होगा। शाह ने अभिभावकों से कहा कि घर पर अपने बच्चों से उनकी मातृ भाषा में ही बात करें।

## द्वारका में दौड़ का आयोजन, रोहिणी में बने दो नए सामुदायिक भवन

**नई दिल्ली।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 147 वीं जयंती द्वारका में भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इसमें 1500 से अधिक लोगों ने सेक्टर -3, द्वारका में स्थित नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी ) से 5 किलोमीटर की दूरी तय करके वेगास मॉल तक दौड़ लगाई। इस अवसर पर प्रतिभागियों के लिए जुंबा फिटनेस सेशन भी आयोजित किया गया। नई दिल्ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के दो सामुदायिक भवनों का उद्घाटन किया और इनका नाम सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर रखा जाएगा। डीडीए के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# रेड लाइट ऑन अभियान: फाइल फिर एलजी के पास

- सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पुनः विचार करने का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को कहा कि नगर सरकार ने रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान की फाइल एक बार फिर उपराज्यपाल वीके सक्सेना को उनकी मंजूरी के लिए भेजी है। उन्होंने कहा कि फाइल में पर्याप्त मात्रा में सबूत हैं जिनमें अभियान के अनुकूल परिणामों को रेखांकित किया गया है।

राज्यपाल ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अभियान पर पुनर्विचार करने के लिए कहा था और फाइल लौटा थी। उन्होंने इस तरह के अस्थाई उपाय की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए केजरीवाल से अभियान पर पुनर्विचार करने के लिए कहा क्योंकि दिल्ली उच्च वायु प्रदूषण से जूझ रही है। राय ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में 40 शहरों में वाहनों के प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए इस तरह के अभियान चलाए गए हैं। उन्होंने कहा, हमने यह भी पाया कि ब्रिटेन और अमेरिका में इस तरह के अभियान चलाए गए हैं।

राजधानी में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए पहली बार यह अभियान 16 अक्टूबर, 2020 को शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत, वाहन चालकों को ट्रैफिक लाइट के हरे होने की प्रतीक्षा करते हुए अपने वाहनों का इंजन बंद करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

केंद्रीय सड़क अनुसंधान संथान (सीआरआरआई) के एक अध्ययन का हवाला देते हुए एक सूत्र ने कहा कि ट्रैफिक सिग्नल पर सिर्फ 20 फीसदी चालक ही इंजन बंद करते हैं लेकिन अभियान के दौरान 80 फीसदी लोगों ने सिग्नल पर अपने इंजन बंद कर दिए। पर्यावरण मंत्री राय ने शनिवार को कहा था कि नगर सरकार अभियान के संबंध में उपराज्यपाल द्वारा उठाए गए सभी सवालों का जवाब देगी और उनकी मंजूरी के लिए फाइल फिर से उन्हें भेजेगी।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में सीट आवंटन की दूसरी सूची जारी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए सीटों के आवंटन की दूसरी सूची जारी कर दी है और इसमें शामिल कुल 145 अभ्यर्थियों ने उन्हें आवंटित कॉलेज तथा पाठ्यक्रम स्वीकार भी कर लिए हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के पंजीयक विकास गुप्ता ने कहा कि हमने रविवार देर रात करीब एक बजे सूची जारी की।

छात्र डैशबोर्ड पर जाकर उन्हें आवंटित सीट को स्वीकृत कर सकते हैं। सुबह चार बजे तक इनमें से 145 छात्रों ने पहले ही सीटें मंजूर कर ली हैं। छात्रों के पास आवंटित सीटों को स्वीकार करने के लिए एक नवंबर तक का वक्त है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के पहले चरण के सीटों के आवंटन में 59,100 अभ्यर्थियों ने दाखिले लिया है। पहला चरण पूरा होने के बाद विश्वविद्यालय ने रिक्त सीटों को दूसरे चरण में शामिल किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनडीएमसी ने विभागाध्यक्षों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई



**नई दिल्ली।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत करने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष अमित यादव ने सोमवार सुबह सभी विभागों के प्रमुखों को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने और पारदर्शिता लाने के लिए सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। पालिका परिषद द्वारा एक लोक सेवक के रूप में सरकारी कामकाज और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के महत्व पर जोर देने के लिए 31 अक्टूबर से 06 नवंबर, 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रही है।

### कला मेले में 250 से ज्यादा कलाकृतियों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आधुनिक कला के मशहूर कलाकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी वसंत फेस्ट का यहां आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में राम कुमार, जामिनी रॉय, सोमनाथ होरे और प्रभाकर कोल्टे समेत अन्य की कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जा रहा है जहां इन्हें किफायती कीमत पर खरीदा भी जा सकता है। आयोजकों ने बताया कि आर्ट अलींडा और श्यामला की ओर से सुरेंद्र पॉल आर्ट गैलरी में आयोजित वसंत फेस्ट में आधुनिक कला के मशहूर कलाकारों की 250 से ज्यादा कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जा रहा है। उनके मुताबिक इसमें चित्र, जलरंग चित्रकला, कार्टून, लोक कला और मूर्तिकला का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी की संयोजक ज्योतिर्मय भट्टाचार्य ने बताया कि वसंत फेस्ट सिर्फ एक कला मेला नहीं है बल्कि इसमें आधुनिक कला के माहिर कालकारों के साथ-साथ युवा कलाकारों की कृतियों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है और ए खरीदने के लिए किफायती कीमत पर उपलब्ध हैं।

### क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के बहाने ठगी, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने के बहाने एक व्यक्ति से कथित तौर पर 17 लाख रुपए ठगने के आरोप में पुलिस ने 36 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी सारिक नसीम के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 10 अक्टूबर को पुलिस को एक शिकायत मिली जिसमें आरोप लगाया गया था कि पीड़ित से बिटकॉइन में निवेश करने के बहाने 17 लाख रुपए की ठगी की गई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी के मुताबिक, जांच के दौरान पुलिस ने पीड़ित के बैंक खाते के विवरण का विश्लेषण किया। जिस बैंक के खाते में धोखाधड़ी का पैसा स्थानांतरित किया गया था , अधिकारियों के साथ समन्वय से उसके लेनदेन पर रोक लगा दी गई। उपायुक्त ने कहा कि अलीगढ़ इलाके में आरोपी की लोकेशन का पता लगाया गया, जहां से एक एटीएम से रकम निकाली गई। यहां छापेमारी के बाद नसीम को गिरफ्तार किया गया।

# प्रदूषण से निजात नहीं, आकाश में छायी धुंध



- राजधानी के 19 निगरानी केंद्रों पर एक्यूआई 400 के पार, आने वाले दिनों में स्थिति होगी गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में प्रदूषण से निजात नहीं मिल रही है। सोमवार को भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही और आकाश में पूरे दिन धुंध छायी रही। औसत एक्यूआई शाम चार बजे भले 392 पर दर्ज किया गया, लेकिन राजधानी के 35 में से 19 निगरानी केंद्रों पर शाम सात बजे यह 400 से 452 के बीच दर्ज किया गया।

सफर के आंकड़ों के अनुसार पराली जलाने से दिल्ली के पीएम2.5 प्रदूषण में योगदान बढ़कर 22 प्रतिशत हो गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 392 (बहुत खराब) रहा, जो रविवार को 352 था।

बृहस्पतिवार को एक्यूआई 354, बुधवार को 271, मंगलवार को 302 और सोमवार (दिवाली) को 312 था। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने कहा कि हवा की मंद गति के कारण प्रदूषक तत्व आगे नहीं बढ़ पाए। राजधानी में हवा की गति 8 से 12 किमी प्रतिघंटा रही। मंगलवार की सुबह स्थिति गंभीर हो सकती है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से चार नवंबर से आर्द्रता बढ़ सकती है और हवा की गति और कम हो सकती है, जिससे धुंध में और इजाफा हो सकता है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत आने वाली पूर्वानुमान एजेंसी वायु गुणवत्ता मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली (सफर) के अनुसार, सोमवार को दिल्ली के पीएम2.5 प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान बढ़कर 22 प्रतिशत हो गया।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर घर लौटे व्रती

- घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, 36 घंटे का निराजल व्रत का पारण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के कई घाटों पर श्रद्धालुओं द्वारा उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही दो दिवसीय छठ पूजा त्यौहार सोमवार को संपन्न हो गया।

सूर्य और छठी मईया की पूजा के लिए 36 घंटे लंबा निर्जला व्रत करने वाले व्रतियों ने सोमवार सुबह घुटने तक गहरे पानी में अनुष्ठान किए और उगते सूर्य को दूध और जल का अर्घ्य अर्पित किया। छठ पर्व के अंतिम दिन हज़ारों श्रद्धालु दिल्ली में स्थाई घाटों और अस्थाई तालाबों में सूर्य भगवान की पूजा करने के लिए उमड़े थे।

कोविड के कारण पिछले दो साल से लागू पाबंदियों के कारण इस वर्ष लोगों में पर्व के प्रति बहुत उत्साह देखा गया। छठ पूजा दीवाली से छठे दिन, षष्टी को होती है और इसे सूर्य षष्ठी भी कहा जाता है क्योंकि यह पर्व सूर्य भगवान को समर्पित है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी नीत सरकार ने इस साल छठ पूजा के लिए शहर में 1,100 घाट बनाए थे और 2014 के 2.5 करोड़ रुपए के बजट को 10 गुना बढ़ाकर इस साल 25 करोड़ रुपए कर दिया था।

# बंद होगी राजधानी की योगशाला, सरकार खफा

- उपमुख्यमंत्री का आरोप, एलजी ने अफसरों को डरा-धमका कर बंद कराया कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम को लेकर केजरीवाल सरकार और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के बीच तनातनी थमने का नाम नहीं ले रही है।

योगशाला को बंद करने के आदेश पर एलजी और दिल्ली सरकार आमने-सामने हैं। जहां उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अफ़सरों को डरा-धमकाकर दिल्ली की योगशाला बंद करने का आदेश जारी कराने की बात कही है। वहीं एलजी कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि सक्सेना को योजना जारी रखने को लेकर कोई फाइल नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि पहले भी उन्हें कोई फाइल नहीं मिली थी और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सिर्फ पत्र लिखकर योजना को जारी रखने की मांग की थी।

दिल्ली सरकार ने कहा है कि उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना की ओर से अबतक मंजूरी नहीं मिलने के कारण योगशाला योजना मंगलवार से बंद हो जाएगी। सूत्रों ने कहा कि हम पत्र को प्रस्ताव कैसे मान सकते हैं।

हालांकि दिल्ली सरकार के सूत्रों ने दावा किया कि एलजी ने 31 अक्टूबर के बाद दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम को जारी रखने की मंजूरी नहीं दी है। कार्यक्रम का संचालन करने वाले दिल्ली भेषज विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (डीपीएसआरयू) के शासी मंडल (बीओजी) ने पिछले हफ्ते हुई अपनी बैठक में इस योजना को जारी रखने की मंजूरी दी थी। दिल्ली की योगशाला के आधिकारिक ट्विटर पेज पर कहा गया कि दिल्ली की योगशाला की कक्षाएं कल यानी एक नवंबर 2022 से सरकारी आदेश के अनुसार बंद की जा रही हैं।

उसमें कहा गया है, डीपीएसआरयू की बीओजी की बैठक में इसे जारी रखने का निर्णय ले लिया गया। लेकिन अभी तक इसे एलजी की अनुमति नहीं मिली है। भविष्य में जैसे ही कोई सूचना आती है आपको सूचित किया जाएगा। सिसोदिया ने शुक्रवार को सक्सेना से मुलाकात की थी और उनसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया था कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की प्रमुख योजना को जारी रखने की अनुमति दी जाए।

एलजी के साथ मुलाकात के बाद सिसोदिया ने कहा था कि सक्सेना ने वादा किया है कि संबंधित दस्तावेजों पर गौर किया जाएगा और कुछ भी गलत नहीं होने दिया जाएगा। कार्यक्रम बंद किए जाने वाले ट्वीट को साझा करते हुए सिसोदिया ने आरोप लगाया, विश्वविद्यालय का बोर्ड चाहता है कि दिल्ली के आम लोगों के लिए योगशाला चले, सरकार ने बजट भी दे रखा है। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन फिर भी अफ़सरों को डरा-धमकाकर दिल्ली की योगशाला बंद करने का आदेश जारी करा दिया गया है। फ़िलिहाल कल से दिल्ली के पार्कों में योग की 590 क्लास (कक्षा) बंद हो जाएंगी।

# एम्स में मुफ्त रजिस्ट्रेशन के साथ 300 रु तक जांच होगी निशुल्क




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) इलाज के लिए अस्पताल में आने वाले मरीजों को बड़ी राहत की घोषणा की है। जिसके तहत मंगलवार (1 नवंबर) से एम्स में ओपीडी का निशुल्क पंजीकरण किया जाएगा।

एम्स प्रशासन की ओर से मरीजों से लिया जाने वाला ओपीडी का 10 रुपये का शुल्क समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही 300 रुपये तक की स्वास्थ्य जांच भी मुफ्त कर दी गई है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बड़ी राहत मिली है। यह व्यवस्था मंगलवार से ही लागू कर दी जाएगी। एम्स में ओपीडी पंजीकरण के लिए अब तक 10 रुपये का शुल्क निर्धारित है, जो आगामी 1 नवंबर से समाप्त हो जाएगा। अब लोगों को पंजीकरण के लिए किसी तरह का कोई शुल्क नहीं देना होगा। एम्स प्रशासन के इस फैसले से ऐसे लोगों को राहत मिलेगी, जो बेहद गरीब परिवार से होते हैं। ओपीडी के लिए पंजीकरण निशुल्क होने के साथ-साथ एम्स प्रशासन की ओर से एक और बड़ा निर्णय लिया गया है। इसके तहत अब एम्स में 300 रुपये तक की जांच की सुविधा भी नि:शुल्क ही होगी। यह निर्णय भी 1 नवंबर से अमल में आ जाएगा।

## सीटी स्कैन-एमआरआई जांच का डाटा होगा आनलाइन

एम्स में 1 नवंबर से ही सीटी स्कैन और एमआरआइ जांच का डाटा भी आनलाइन कर दिया जाएगा। इसका फायदा मरीजों को ही मिलेगा। इसके अलावा, एम्स में अब मरीज की जांच का डाटा भी रियल टाइम में अपडेट किया जाएगा।

**डैश बोर्ड की शुरूआत**

पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाते हुए शनिवार को अपनी वेबसाइट पर एक डैशबोर्ड की शुरुआत कर दी है। इसमें इमरजेंसी बिस्तर और प्रतीक्षारत मरीजों का रियल टाइम डाटा उपलब्ध कराया जा रहा है। एम्स के निदेशक एम श्रीनिवास ने कैजुअल्टी डैशबोर्ड की शुरुआत की। इमरजेंसी बिस्तरों की उपलब्धता के रियल टाइम डाटा, बिस्तर की स्थिति से जुड़े एकीकृत डैशबोर्ड और दोतरफा रेफरल प्राणली बनाने पर जोर दिया।

# हमें मिल-जुलकर मनाने चाहिए तीज-त्योहार : विधायक सिंगला

## छठ पूजा समारोह में पहुंचे विधायक ने कही यह बात

## पूर्वांचलियों की ओर से समारोह में विधायक का किया भव्य स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


छठ पूजा के अवसर पर खांडसा क्षेत्र में छठ पूजा करते विधायक सुधीर सिंगला।

छठ पूजा समारोह में पहुंचे गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने पूर्वांचलियों को छठ पर्व की बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने पर्व मिल-जुलकर मनाने चाहिए। त्योहार में एकता, भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। यह बात उन्होंने खांडसा क्षेत्र में यंग स्टार सेवा समिति की ओर से आयोजित भव्य छठ समारोह में बोलते हुए कही।

उन्होंने कहा कि छठ पूजा पूर्वांचल का प्रमुख त्योहार है। पूर्वांचल के लोगों की आस्था का यह बड़ा पर्व है। भले ही यह पर्व कठिन हो, लेकिन श्रद्धालुओं की भक्ति और विश्वास के आगे सारी कठिनाइयां दूर हो जाती हैं। उन्होंने गुरुग्राम में रह रहे पूर्वांचल के लोगों को छठ पर्व की बधाई देते हुए कहा कि उनके यहां रहकर काम करने से गुरुग्राम के विकास को पंख लगे हैं। गुरुग्राम में गगनचुंबी इमारतें हों औद्योगिक क्षेत्र, हर जगह पर पूर्वांचल के लोगों के काम से गति मिली है। उनके काम से गुरुग्राम का नाम विदेशों में चमकता है। गुरुग्राम की किस्मत संवारने में पूर्वांचलियों की भूमिका को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में वर्षों से पूर्वांचल समाज के लाखों लोग रह रहे हैं। यहां पर ही वे अपने त्योहार मनाते हैं। खास बात यह है कि त्योहारों को स्थानीय लोग मिलकर एक साथ मनाते हैं। सभी में धार्मिकता की यह भावना हमें एकता के सूत्र में पिरोती है। इस कार्यक्रम में समाजसेवी रितु कटारिया, सर्तेंद्र, जेपी कुशवाहा, जगदेव कुशवाहा, दयानंद कनौजिया, सुरेश शर्मा, अमित कुमार, प्रदीप कनौजिया व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## निकाय चुनाव को लेकर भाजपा गौतमबुद्ध नगर कार्यालय में बैठक


गौतमबुद्ध नगर भाजपा कार्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता।

नोएडा। जिला कार्यालय भारतीय जनता पार्टी गौतम बुद्ध नगर पर लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला कार्यालय गौतम बुद्धनगर में जिला कार्यकारिणी की एक सभा का आयोजन किया गया। इसमें निकाय चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

सभी पदाधिकारियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए उसके बाद निकाय चुनाव की जानकारी दी, जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व सांसद मुरादाबाद सतपाल सैनी रहे। उनके साथ जिला अध्यक्ष विजय भाटी, दादरी के विधायक तेजपाल नागर जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं जेवर विधानसभा से युवा नेता मनजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर, निकाय चुनाव संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, पूर्व मंत्री हरीश चंद्र भाटी जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज जिला महामंत्री योगेश चौधरी जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी ओम प्रकाश सैनी आदि सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### एलिवेटेड मार्ग पर चलता कैंटर बना आग का गोला


एलिवेटेड रोड पर चलते हुए कैंटर में लगी आग।

सोहना। एलिवेटेड रोड पर सोमवार की सुबह 3 बजे चलते हुए केंटर में लगी आग। चालक समेत पांच मजदूरों ने कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी से आग को काबू किया। कैंटर का कैबिन पूरी तरह से जल गया। सोमवार की सुबह तीन बजे गुरुग्राम से सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में सामान भरने के लिए जा रहा था। बीच रास्ते में भोंडसी के फ्लाई ऑवर पर चलते हुए केंटर के सामने वाले हिस्से से चालक जमना प्रसाद को आग का धुआं निकलता हुआ नजर आया। जब तक चालक जमना प्रसाद केंटर को रोकता। उससे पहले कैंटर के अगले हिस्से से आग की लपटें निकलनी शुरु हो गई। जल्द से चालक और उसके साथ बैठे दो मजदूर कैंटर से नीचे उतर गए। जिन्होंने कैंटर के पिछले हिस्से में सौ रहे दो अन्य मजदूरों को भी नीचे उतार लिया। जिसकी सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। गुरुग्राम के सेक्टर-29 से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची।

### संस्कृति मॉडल स्कूल के नये भवन का निर्माण हुआ शुरू



सोहना। राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में चार मंजिला भवन 18 माह में बनकर तैयार होगा। इस चार मंजिला भवन में 48 कमरों का निर्माण किया जाएगा। भवन की आधारशीला सोमवार को विधायक संजय सिंह ने रखते हुए शुरुआत की। शहर के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में करीब 6 वर्ष के बाद नये भवन निर्माण की शुरुआत हो गई है। स्कूल में पढ़ने वाले 1500 के लगभग विद्यार्थियों को 18 माह के बाद नया भवन बैठने को मिलेगा। जिसके निर्माण पर 4 करोड़ 90 लाख रुपये खर्च होंगे। नये भवन की आधार शिला विधायक संजय सिंह ने रखते हुए प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष गौरव चुग, पार्षद मनीष गोयल, मनोज गुप्ता समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर सोहना विधायक संजय सिंह ने बताया कि स्कूल में शिक्षा प्राप्त के लिए आ रहे 1500 विद्यार्थियों को खुले आसमान के नीचे बैठना पड़ रहा है। नये भवन का निर्माण कार्य 18 माह में बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण सामग्री में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने दी जाएगी। जिसका स्कूल की एसएमसी कमेटी सदस्य, शिक्षा विभाग के अधिकारी समय-समय पर देख रेख करेंगे।

### गुरू द्रोणाचार्य व माता शीतला की प्रतिमा लगवाएं : डा. गोयल


डा. डीपी गोयल।

गुरुग्राम। केंद्र सरकार की ओर से गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन को अंतरराष्ट्रीय स्तर का विकसित करने के निर्णय और बजट तय करने का स्वागत करते हुए रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने आग्रह किया है कि स्टेशन पर गुरु द्रोणाचार्य और माता शीतला की प्रतिमा भी स्थापित की जाए। इससे यहां आने-जाने वो लोग गुरुग्राम के धार्मिक, पौराणिक इतिहास से रुबरू होंगे। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री राव साहेब पाटिल दानवे, रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगाल और मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे डिम्पी गर्ग डा. डीपी गोयल ने पत्र लिखा है। पत्र में डा. डीपी गोयल ने कहा है कि पौराणिक संस्कृति के प्रतीक व गुरू द्रोणाचार्य की भूमि के साथ माता शीतला का साक्षात वास होने से हमारा गुरुग्राम एक धार्मिक और सांस्कृतिक शहर है। इसके इतिहास व लोगों की आस्था और भावनाओं के मद्देनजर ही इस शहर का नाम गुरुग्राम रखा गया था। अब यहां पर लोगों की आस्था व आध्यात्मिकता को ध्यान में रखते हुए गुरु द्रोणाचार्य व माता शीतला की प्रतिमा रेलवे स्टेशन पर जरूर स्थापित की जाए। जिससे अतीत की धरोहर और वर्तमान आधुनिकीकरण का एक बेहतरीन सामंजस्य यहां दर्शाया जा सके। यह काम साथ-साथ हो सकता है। गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया अभी प्रगति पर है। गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा के लिए यह विशेष सौगात होगी।

### जिप चुनाव को लेकर मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारियों की हुई बैठक

गुरुग्राम। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय गुरु कमल पर 3 विधानसभा क्षेत्र पटौदी, बादशाहपुर, सोहना में जिला परिषद चुनाव को लेकर वहां के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारियों की बैठक हुई। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि चुनाव में वार्ड अनुसार कार्यकर्ताओं को किस तरह से बूथ स्तर तक कार्य करना उसकी रचना योजना बनाई। बैठक में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पहली बार जिला परिषद का चुनाव सिंबल पर लड़ रही है। इसलिए सभी कार्यकर्ता अभी से ही चुनाव में जुट जाएं। बैठक में जिला महामंत्री महेश यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, ज्योति डैम्बला, जितेंद्र चौहान, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, मीडिया प्रमुख अजीत यादव, निधि राघव, गौरव चुघ, कृष्ण यादव आदि उपस्थित रहे।

# खेड़ला की वर्षा बनीं सोहना की बेस्ट मदर

## बाल विकास एवं परियोजना विभाग ने कराई थी प्रतियोगिता

## बेस्ट मदर प्रतियोगिता में 27 महिलाओं ने किया प्रतिभाग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के सीडीपीओ कार्यालय में बेस्ट मदर के लिए साक्षात्कार देते हुए महिला।

सोहना के गांव खेड़ला निवासी वर्षा को वर्ष 2022 के लिए प्रथम बेस्ट मदर चुना गया है। सरमथला निवासी सविता द्वितीय तथा सोहना के वार्ड-14 निवासी राजो ने तीसरे नंबर पर रही। सोमवार को बाल विकास एवं परियोजन विभाग के खंड कार्यालय में ब्लॉक स्तर का बेस्ट मदर की प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में खंड के 9 सर्कल में प्रथम, द्वितीय और तीसरा स्थान पर रहने वाली 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें माताओं से सीडीपीओ मीनाक्षी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघोला से आई डॉक्टर आयुशी ने नौनिहालों बच्चों के पालन पोषण से लेकर उनके खान-पान और टीकाकरण को लेकर सवाल जबाव किए। प्रत्येक प्रतिभागी मदर को एक-एक करके बुलाया गया। जिसमे 2 से ढाई घंटे का समय लगा। सीडीपीओ मीनाक्षी ने बताया कि महिलाओं में अभी भी बच्चों के लालन पालन से लेकर उनकी देखभाल और टीकाकरण के विषय में जागरुकता की कमी है। वहीं डॉक्टर आयुशी ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को टीकाकरण की जानकारी कम है। उन्हें प्रत्येक टीकाकरण से मिलने वाले शारीरिक लाभ के विषय में जानकारी नहीं है।

### बेस्ट मदर वर्षा को मिलेंगे 4000 रुपये

इस बार की प्रतियोगिता में गांव खेड़ला निवासी वर्षा ने प्रथम, सरमथला निवासी सविता ने दूसरे तथा सोहना निवासी राजो ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिला को 4000, द्वितीय स्थान के लिए 3000 तथा तीसरे स्थान पर आने वाली महिला को 2000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया।

# गैंगस्टर कौशल की अवैध संपत्ति पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## सेक्टर 33 में अतिक्रमण करके बना रखी थी 600 वर्ग गज में दुकानें व मकान


गुरुग्राम के गांव नाहरपुर में गैंगस्टर कौशल की अवैध संपत्ति को गिराती प्रशासन की जेसीबी।

गुरुग्राम। गुरुग्राम में गेंगेस्टर कौशल नाहरपुर रूपा की संपत्ति पर सोमवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। इस कार्यवाही में जिला प्रशासन के अमले ने गैंगस्टर कौशल की चार दुकानों तथा दो मकानों को ध्वस्त किया गया। ये दुकानें तथा मकान हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की सेक्टर-33 में अधिगृहित भूमि पर अतिक्रमण करके बनाए गए थे।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी द्वितीय के कार्यालय द्वारा गैंगस्टर कौशल को लगभग 600 वर्ग गज में अवैध रूप से बनी दुकानों तथा मकानों को हटाने के लिए नोटिस दिए गए थे। इन नोटिसों पर कोई भी कार्यवाही नहीं किए जाने के बाद प्राधिकरण की ओर से इन दुकानों तथा मकानों को रविवार तक खाली करने के नोटिस जारी किए गए। गैंगस्टर कौशल नाहरपुर रूपा पर हत्या, लूट, जबरन वसूली, हत्या का प्रयास आदि सहित 35 से ज्यादा केस दर्ज हैं। वर्तमान में वह जेल में बंद है। इस गैंगस्टर ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-33 में अधिगृहित जमीन के लगभग 600 वर्ग गज हिस्से पर अवैध कब्जा करके चार दुकानें तथा दो मकान बना लिए थे। इस अवैध कब्जे को हटाने के लिए संपदा अधिकारी द्वितीय कार्यालय द्वारा उसे नोटिस दिए गए। जिन पर कार्यवाही नहीं होने के चलते इन दुकानों तथा मकानों को पुलिस मदद से तोड़ने का निर्णय लिया गया। तोड़ने से पहले दुकानों व मकानों को खाली करने का नोटिस भी प्राधिकरण ने दिया गया।

गैंगस्टर की संपत्ति हटाने की कार्यवाही सोमवार को सुबह 8 बजे शुरू हुई। इस दौरान लगभग 200 पुलिस कर्मी मौके पर उपस्थित रहे। प्रशासन ने गुरुग्राम एसडीएम रविंद्र यादव को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया था।

# सुखराली में वाल्मीकि चौपाल जनता को समर्पित


सुखराली गांव में वाल्मीकि चौपाल का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

गुरुग्राम। गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने सुखराली गांव में नवनिर्मित वाल्मीकि चौपाल का उद्घाटन करके समर्पित किया। यह चौपाल लोगों के घरेलू, सार्वजनिक कार्यक्रमों में सहूलियत होगी।

उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जनता को सभी तरह की सुविधाएं देने के लिए, लगातार कार्य हो रहे हैं। कहीं चौपाल तो कहीं पर सामुदायिक केंद्र बनाकर सहूलियत दी जा रही है। समाज के हर वर्ग के लिए काम नियमित तौर पर किए जा रहे हैं। गुरुग्राम की हर कालोनी में किसी न किसी तरह के कार्यों को लगातार गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि गलियां, सीवरेज, बिजली, पानी, चौपाल, सामुदायिक केंद्र हर व्यक्ति, समाज के लिए जरूरी हैं। इन सब पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सार्वजनिक सुविधाओं में फ्लाईओवर, फुटओवर ब्रिज, अंडरपास का निर्माण भी हुआ है। शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बस अड्डे के पास अंडरपास का निर्माण पूरा हो चुका है। जल्द ही यह आम यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इससे बस अड्डे के आसपास का यातायात सुचारू होगा। उन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर उन्हें आमजन कार्यों को लेकर सलाह भी देते हैं और सुविधाओं के लिए अवगत भी कराते हैं।

# तैमूरपुर गांव में निर्विरोध चुने गए सभी छह वार्ड के पंच

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक


रोहतक जिला में खंड कलानौर के गांव तैमूरपुर में निर्विरोध चुने गए पंच को प्रमाण पत्र देते सहायक रिटर्निंग अधिकारी।

कलानौर खंड के गांव तैमूरपुर (जेठपुर) पंचायत के चुनाव में सोमवार को सभी छह वार्ड के पंचों का चुनाव निर्विरोध हो गया। सभी वार्डों में एक-एक नामांकन ही भरा गया था। सभी पंचों को प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। अब गांव में सिर्फ सरपंच पद पर ही चुनाव होगा। आगामी 12 नवम्बर को यहां वोट डाले जाएंगे और उसी दिन ही मतगणना करके सरपंच की घोषणा होगी।

पंच पद पर वार्ड-1 से नसीब पुत्र होशियार सिंह, वार्ड-2 से जानवी पत्नी जय सिंह, वार्ड-3 से देवीलाल पुत्र पोहकर, वार्ड-4 से संतोष पत्नी प्रीतम, वार्ड-5 से मयंक पुत्र देशराज और वार्ड-6 से रीना पत्नी राजकुमार की ओर से नामांकन भरा गया था। किसी भी वार्ड में दूसरा नामांकन दर्ज नहीं हुआ। नामांकन के बाद छंटनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी वार्ड में पंचों के निर्विरोध चुनाव की घोषणा कर दी गई। सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) की तरफ से सभी पंचों को प्रमाण-पत्र भेंट किए गए।

सरपंच पद पर पांच महिला दावेदार : ग्राम पंचायत तैमूरपुर इस बार एससी महिला के लिए आरक्षित है। सरपंच पद के लिए नामांकनों की छंटनी और कवरिंग कैंडिडेट के नामांकन वापिस लेने के बाद अब चुनाव मैदान में पांच महिला प्रत्याशी रह गई हैं। सोमवार को सभी सरपंच प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए। इसमें ममता पत्नी नरेश को साइकिल का चुनाव चिन्ह, लक्ष्मी देवी पत्नी तरुण संदीप को गिलास, सुदेश पत्नी श्रीभगवान को नारियल का पेड़, सुनीता पत्नी विनोद कुमार को हैंड पम्प, संगीता पत्नी बिजेन्द्र को सिलाई मशीन का चुनाव चिन्ह मिला है।

## हमें ऊर्जा की बचत को स्वभाव में उतारने की है जरूरत : डॉ. सुरजीत सिंह

गुरुग्राम। सोमवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग द्वारा ऊर्जा संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा और सौर ऊर्जा के महत्व पर सार्थक चर्चा हुई।

इस अवसर पर वैज्ञानिक सीएसआईआर डॉ. सुरजीत सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। छात्रों ने प्रभावशाली पेंटिंग और पोस्टर बनाकर ऊर्जारक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता डॉ. सुरजीत सिंह ने कहा कि हम सबको ऊर्जा के दुरुपयोग को रोकने और ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। क्योंकि जनसंख्या के तीव्र गति से बढ़ने के साथ ही हमारी मांग भी उसी गति से बढ़ रही है।

# रन फॉर यूनिटी में जज्बे के साथ दौड़े गुरुग्रामवासी

## लोगों को उपायुक्त ने दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना करते उपायुक्त।

आजादी अमृत काल में सोमवार को देश के पहले उप-प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर सोमवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौड़ को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 600 लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए दौड़ लगाई। इस दौरान लोगों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर आज जिले में 100 से अधिक स्थानों पर रन फॉर यूनिटी दौड़ निकाली गई। कार्यक्रम में उपायुक्त ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने देश के लोगों को एकता के सूत्र में पिरोते हुए नव भारत का निर्माण किया, जिसके लिए उन्हें भारत का लौह पुरुष भी कहा जाता है।

उन्होंने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि हम आज के दिन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए यही हमारी ओर से सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अपने देश की एकता की भावना जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कायोंढ़ द्वारा संभव बनाया जा सका। अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प किया। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी से अवगत कराते हुए कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को देशभक्त पटेल के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए, तभी हमारा समाज व देश तरक्की करेगा।

उन्होंने कहा कि जब भारत देश आजाद हुआ तब यह 500 से ज्यादा रियासतों में बंटा हुआ था। उन्होंने देश की सभी रियासतों के एकीकरण का कायर्ड किया। उनके अभूतपूर्व योगदान को याद करने के लिए आज का दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने किया अनुराग बख्शी का स्वागत

गुरुग्राम। हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल के नवनियुक्त चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व आईआरएस अनुराग बख्शी का सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सेक्टर-14 स्थित उनके आवास पर पहुंचकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उन्हें चेयरमैन बनाए जाने पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

स्वागत करने के दौरान गार्गी कक्कड़ के साथ जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, दयानंद मंडल अध्यक्ष नितिन शांडिल्य और उनकी पूरी टीम मौजूद रही। जिला अध्यक्ष ने माला पहनाकर बख्शी का स्वागत किया और उनकी धर्मपत्नी पूर्णिमा बख्शी को भी बधाई दी। गार्गी कक्कड़ ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक योग्य और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता को ये सम्मान देकर समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया है। केवल और केवल भाजपा ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसमें साधारण कार्यकर्ता को भी शीर्ष पद से नवाज़ा जा सकता है।

# रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून क्षेत्र को समझने के अभ्यास के लिए पहुंची गुरुग्राम

## गुरुग्राम की भौगोलिक स्थिति से होगी रूबरू

## विभिन्न थानों में पड़ने वाले क्षेत्रों में करेगी अभ्यास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाती गुरुग्राम की पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशालय की बी-194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून जिला के विभिन्न क्षेत्रों को समझने व जानने के अभ्यास के लिए सोमवार को गुरुग्राम पहुंची। यह प्लाटून गुरुग्राम में 6 नवंबर तक रहकर विभिन्न क्षेत्रों को जानने व समझने का प्रयास करेगी।

इस प्लाटून के सदस्यों ने सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित रस्साकशी खेल प्रतियोगिता में भी भाग लिया। पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने इस मौके पर प्लाटून को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई। इस दौरान उन्होंने गुरुग्राम की भौगोलिक स्थिति तथा यहां स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

पुलिस लाइन में आयोजित इस प्रतियोगिता में गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव, पुलिस कमिश्नर कला रामाचन्द्रन, पुलिस उपायुक्त डॉ. अशु सिंगला, डीसीपी मुख्यालय श्री अभिलक्ष जोशी और सिविल पुलिस के अन्य अधिकारियों के साथ कई अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशालय के दिशा-निर्देशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट-194 राकेश कुमार के मार्गदर्शन तथा सहायक कमांडेंट प्रहलाद राम के नेतृत्व में यह प्लाटून अभ्यास के लिए गुरुग्राम पहुंची है।

सहायक कमांडेंट प्रहलाद राम ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स का इस तरह के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य एरिया के बारे में विस्तार से परिचित होना है, ताकि भविष्य में होने वाली कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी की आशंकाओं में आसानी से तैनात होकर स्थिति पर नियंत्रण कर सकें।

## 'आप' का भगवाकरण

### केजरीवाल की रणनीति

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कुछ दिनों पहले नए करेंसी नोटों पर भगवान गणेश व देवी लक्ष्मी के चित्र छापने का सुझाव दिया था। यह इस किस्म की उनकी एकमात्र टिप्पणी नहीं हैं। ऐसा लगता है कि आम आदमी पार्टी प्रमुख सोच विचार कर ऐसे एजेंडे पर चल रहे हैं जो उनके विचार से 'हिंदुत्व' का एजेंडा है। भारतीय जनता पार्टी ने हाल ही में जल्द विधानसभा चुनाव होने वाले राज्य गुजरात में वादा किया है कि वह उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समान नागरिक संहिता-यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए एक समिति का गठन करेगी। केजरीवाल ने यह कह कर इस वादे की आलोचना की व इसका मजाक उड़ाया है कि भाजपा जनता को धोखा दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऐसा ही वादा विधानसभा चुनाव के पहले उत्तराखंड में भी किया था। लेकिन उनका कहना है कि चुनाव जीतने के बाद 'समिति की बात भुला दी गई' और अब वह गुजरात चुनाव के पहले एक और समिति की बात कर रही है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि चुनाव के बाद इस समिति की बात भी भुला दी जाएगी। इस प्रकार केजरीवाल एक प्रकार से 'हिंदुत्व' विचारधारा के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं जिस पर राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार अब तक भाजपा का अधिकार रहा है। दशकों से भाजपा के तीन 'प्रमुख मुद्दे' रहे हैं-अयोध्या में राम मंदिर, अनुच्छेद 370 समाप्त करना तथा समान नागरिक संहिता-यूसीसी। किसी अन्य पार्टी ने अब तक इन मुद्दों में



ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई क्योंकि इनको 'सांप्रदायिक' माना जाता रहा है। हालांकि, शिवसेना भी हिंदुत्व की ओर झुकाव वाली पार्टी है, पर उसने कभी हिंदुत्व के ये प्रमुख मुद्दे नहीं उठाए। वैसे भी वह हमेशा एक क्षेत्रीय पार्टी रही है। लेकिन आप अपना विस्तार करने में लगी है, हालांकि यह सवाल अलग है कि उसका यह प्रयास कितना सफल होगा।

इसके अलावा आप का जन्म एक 'सेक्युलर' पार्टी के रूप में हुआ था और इसमें वामपंथी झुकाव वाले काफी प्रगतिशील बुद्धिजीवी व अन्य प्रगतिशील थे। लेकिन अब इनमें से अधिकांश पार्टी से बाहर हैं और अन्य सभी पार्टियों की तरह आप भी अत्यधिक केन्द्रीकृत हो गई है। इसके केन्द्र में केजरीवाल हैं। यही कारण है कि सार्वजनिक बुद्धिजीवियों व उदारवादियों को केजरीवाल के इस दृष्टिकोण से झटका लगा कि करेंसी नोटों पर देवी देवताओं के चित्र छापे जाएं। लेकिन केजरीवाल अब एक्टिविस्ट होने के बजाय राजनेता हैं और उनको ऐसे लोगों के विचारों की जरा भी चिन्ता नहीं है। उनका रास्ता चरमपंथ के बजाय 'असली राजनीति' है। हालांकि, उदारवादियों की तुलना में शायद भाजपा के लोग उनसे ज्यादा नाराज हैं क्योंकि अब तक वे अकेले ही 'हिंदुत्व' के दावेदार थे। इस प्रकार वे केजरीवाल को न केवल वैचारिक प्रतिद्वंद्वी, बल्कि वैचारिक विरोधी भी समझ सकते हैं। देवी-देवताओं के नाम पर केजरीवाल की रणनीति पर प्रतिक्रिया करना उनके लिए कठिन था जो यूसीसी पर उनकी रणनीति से थोड़ा और जटिल हो गया है। स्पष्ट है कि केजरीवाल अन्य गैर-भाजपा नेताओं की तरह यूसीसी से हिचकने वाले नहीं हैं। ऐसे में सवाल है कि भाजपा केजरीवाल जैसी समस्या से कैसे निपटेगी? भाजपा को इस तथ्य से संतोष हो सकता है कि अतीत में 'हिंदुत्व' कार्ड खेलने वाली अन्य पार्टियों को सफलता नहीं मिली है जिसका उल्लेख हमने पहले के संपादकीयों में भी किया है। लेकिन पिछले कुछ सालों में अनेक ऐसी चीजें हुई हैं जो पहले कभी नहीं हुई थीं। उदाहरण के लिए पहले कभी एक्टिविस्टों व आदर्शवादियों के ढीलेढाले गठबंधन से ऐसी राजनीतिक पार्टी नहीं बनी जो दो राज्य सरकारें चला रही हो। इस स्थिति में संभवत: भाजपा की चिन्ता स्वाभाविक है।

# कर प्राप्ति में वृद्धि से सब्सिडी में राहत

हालांकि, पिछले साल से कर वसूली में वृद्धि की गति धीमी पड़ी है। इसलिए कर वसूली में कमियां दूर करने की जरूरत है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



अतीत में बजट अनुमानों-बीई की तुलना में केन्द्र सरकार की कर प्राप्तियों में थोड़ी कमी आई है, जबकि खर्च बीई की तुलना में अधिक हुआ है। इस कारण साल दर साल राजकोषीय घाटा-एफडी बढ़ रहा है। एफडी पर लगाम लगाने के लिए अक्सर गैर-कर प्राप्तियों पर जोर दिया जाता है। इनमें सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू से डिविडेंट के रूप में प्राप्तियां, पीएसयू में सरकारी शेयरों की बिक्री से मिली प्राप्तियां, भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई द्वारा अतिरिक्त का हस्तांतरण तथा दूरसंचार स्पेक्ट्रम की बिक्री व सेवाओं, आदि से मिली प्राप्तियां शामिल हैं। लेकिन यह रास्ता टिकाऊ नहीं है क्योंकि गैर-कर राजस्व से प्राप्तियों पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, पीएसयू से मिलने वाला डिविडेंट अनेक तत्वों पर निर्भर करता है जो उद्यमों के लिए विशिष्ट हैं और निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है कि इससे लक्ष्य की प्राप्ति होगी। उदाहरणार्थ, 2017-18 में सार्वजनिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण तेल व गैस खोज एवं उत्पादन कंपनी ओएनजीसी से हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन-एचपीसीएल में 51.11 प्रतिशत सरकारी शेयर खरीदने के लिए कहा गया। इससे 30,000 करोड़ रुपये मिलने तथा एफडी लक्ष्य प्राप्त होने की आशा थी। लेकिन इस प्रक्रिया में ओएनजीसी पर कर्ज का अतिरिक्त बोझ लद गया।

2021-22 से स्थिति में आमूल परिवर्तन आया, जब कर संग्रह लक्ष्य से थोड़ा अधिक हुआ, लेकिन खर्च भी लगातार बढ़ते रहे। अच्छी बात है कि कर संग्रह में अतिरिक्त प्राप्ति बीई में निर्धारित अतिरिक्त खर्च से ज्यादा रही। इससे सरकार को एफडी को लक्ष्य के भीतर रखने में सहायता मिली और उसे गैर-कर प्राप्तियों पर ज्यादा निर्भर नहीं रहना पड़ा। 2021-22 में सकल कर राजस्व-जीटीआर 27,10,000 करोड़ रहा जो 22,20,000 करोड़ रुपये के बजट अनुमान-बीई से 490,000 करोड़ अधिक था। इसमें कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह, वस्तु एवं सेवा कर टैक्स या जीएसटी तथा कस्टम व एक्साइज़ ड्यूटी शामिल हैं। यह संग्रह 25,20,000 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान-आरई से भी 1,90,000 करोड़ रुपये अधिक था जिसका अनुमान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1, फरवरी, 2022 को 2022-23 के बजट में लगाया था। वित्त आयोग के फार्मूले के अनेसार केन्द्र सरकार के कर संग्रह का 41 प्रतिशत राज्यों को दिया जाता है। सेस संग्रह इससे बाहर है जो विभाजन योग्य धनराशि का हिस्सा नहीं है। राज्यों को इस अनिवार्य हस्तांतरण के बाद केन्द्र के पास शुद्ध कर राजस्व-एनटीआर 18,50,000 करोड़ था जो 15,50,000 करोड़ के बीई से 300,000 करोड़ अधिक था। यह 85,000 करोड़ के आरई से भी 17,65,000 करोड़ अधिक था। बीई से अधिक 300,000 करोड़ एनटीआर से राजस्व व खर्च के अन्य क्षेत्रों में 284,500 कमी से पार पाने में सहायता मिली।

इनमें सीपीएसयू विनिवेश से 161,500 करोड़, उर्वरक सब्सिडी पर 80,000 करोड़ तथा खाद्य सब्सिडी पर 43,000 करोड़ शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप 2021-22 में एफडी सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का 6.7 प्रतिशत था जो 6.8 प्रतिशत बीई से कम था। 2022-23 के लिए वित्त मंत्री सीतारमण ने जीटीआर का लक्ष्य 27,60,000 करोड़ रखा था। इसके विपरीत साल के पहले 6 महीनों में संग्रह 13,49,000 करोड़ था। इसमें 2 अक्टूबर, 2022 तक प्रत्यक्ष कर प्राप्तियां, 30 सितंबर, 2022 तक केन्द्रीय जीएसटी संग्रह तथा 32 अगस्त, 2022 तक एक्साइज़ ड्यूटी या सीईडी शामिल हैं। राज्यों को 376,000 करोड़ आबंटित करने के बाद केन्द्र के पास 973,000 करोड़ बचा, जबकि वर्ष का बीई 19,35,000 करोड़ रुपये था।

वर्ष के लक्षित कर राजस्व में से सरकार पहली छमाही में 50 प्रतिशत से थोड़ा अधिक एकत्र कर चुकी है। सामान्य रूप से दूसरी छमाही में कर संग्रह में वृद्धि होती है जिसका कारण अक्टूबर-नवंबर के त्योहारी मौसम में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि तथा यह तथ्य है कि अधिकांश लोग अपने कर दायित्व का भुगतान साल के अंत में करते हैं। उदाहरणार्थ, 2021-22 में 16 प्रतिशत करों का भुगतान मार्च, 2022 में हुआ था। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए तथा सीईडी के सितंबर, 2022 के आंकड़ों पर गौर करते हुए 2022-23 में जीटीआर के लगभग 30,50,000 करोड़ होने की आशा है जो बीई से 290,000 करोड़ अधिक है।

लेकिन पेट्रोल व डीजल पर मई, 2022 से प्रभावी सेंट्रल एक्साइज़ में कटौती से राजस्व में कमी लगभग 90,000 करोड़ हो सकती है। यदि ऐसा न होता तो यह और अधिक 31,40,000 होता। इस प्रकार केन्द्र का एनटीआर लगभग 21,00,000 करोड़ होगा जो बीई से 165,000 करोड़ रुपये अधिक होगा। राजस्व सचिव तरुण बजाज के अनुसार प्रत्यक्ष कर संग्रह में वृद्धि का लक्ष्य 30 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि पहले इसका अनुमान 16 प्रतिशत था। इस परिदृश्य में अतिरिक्त जीटीआर 425,000 करोड़ होगा तथा इसी प्रकार एनटीआर भी 250,000 करोड़ अधिक होगा।

दूसरी ओर सरकार को विभिन्न प्रकार की सब्सिडी में भारी वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है। अनुमान है कि उर्वरक सब्सिडी पर इसे 250,000 करोड़ खर्च करना पड़ेगा, जो 141,000 करोड़ अधिक होगा क्योंकि बीई 109,000 करोड़ था। इसी प्रकार खाद्यान्न सब्सिडी में बीई 207,000 करोड़ की तुलना में लगभग 130,000 करोड़ अधिक खर्च होगा। इसका कारण प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई का विस्तार दिसंबर, 2022 तक करना है। इसमें 22,000 करोड़ रुपये और जोड़े जाने चाहिए जो राज्य-संचालित तेल मार्केटिंग कंपनियों को जून 2020 से जून 2022 तक घरेलू एलपीजी की कीमत से कम पर सप्लाई की पूर्ति के लिए दिए जाएंगे। इस कालखंड में एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में लगभग 300 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि घरेलू एलपीजी कीमतों में केवल 70 प्रतिशत वृद्धि हुई। इसके कारण सब्सिडी पर 293,000 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। गैर-कर राजस्व प्राप्ति क्षेत्र में भी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसई में सरकारी शेयरों के विनिवेश से 65,000 करोड़ के लक्ष्य के बजाय अब तक केवल 25,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस तथ्य को देखते हुए कि भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल की भारी बिक्री पर विराम लग गया है तथा एलआईसी की बिक्री भी अटक गई है, इस वर्ष इस मद में लगभग 30,000 करोड़ की कमी आने की आशंका है।

कुल मिला कर सरकार को इस मद में में 320,000 करोड़ रुपये की कमी का सामना करना पड़ सकता है। इसमें से लगभग 250,000 करोड़ की पूर्ति बीई से अधिक अतिरिक्त कर संग्रह से होने की उम्मीद है जिससे 70,000 करोड़ की कमी बनी रहेगी। यह जीडीपी का केवल 0.25 प्रतिशत है। यदि यह अतिरिक्त कर संग्रह न होता तो एफडी के बीई में 6.4 प्रतिशत कमी होती जो अब 1.25 प्रतिशत रह जाएगी। निश्चित रूप से कर संग्रह में वृद्धि मोदी सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धि है। लेकिन सब्सिडी के तत्काल व्यावहारिक प्रबंधन की जरूरत है क्योंकि करों से मिलने वाली राहत असीम नहीं है। 2022-23 में कर संग्रह में वृद्धि जीडीपी विस्तार की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है, जबकि 2021-22 में यह 1.7 प्रतिशत थी।

खाद्यान्न, उर्वरक, ईंधन, आदि क्षेत्रों में खर्च पर काफी हद तक बचत की जा सकती है। इसके लिए कवरेज पर नियंत्रण, कीमतों में कटौती, क्षमता में सुधार, आदि रास्ते अपनाए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, अप्रैल-दिसंबर, 2022 में पीएमजीकेवाई के अंतर्गत मुफ्त खाद्यान्न वितरण को सही ठहराना थोड़ा कठिन है।

# दीवाली पर बढ़ी मांग से मिले सकारात्मक संकेत

"दीवाली उपभोक्ता आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मांग में सुधार के साथ चमक सकती है।"

**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जबकि नव-निर्वाचित ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के पदारोहरण को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है, यह वह नहीं बल्कि भारतीय उपभोक्ता हैं जो भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इस दीपावाली पर देश के निराशाजनक वर्षों के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कुछ बेहतर करने के इरादे जाहिर करते हुए पर्याप्त कदम उठाए हैं।

भारतीय उपभोक्ता उत्साह के साथ वापस आ गए हैं, लेकिन कई ऐसे भी क्षेत्र हैं जो कोविड महामारी के बाद के दौर में लगे झटकों के संकेत दे रहे हैं। ऐसे में सोना, हाउसिंग और वाहनों ने खासी छाप छोड़ी। उपभोक्ताओं ने 39 टन सोना और आवास इकाइयों, कारों, सफेद और भूरे रंग के सामान, वस्त्र, वस्त्र और अन्य खरीद की अरबों रुपये की खरीद की।

ऑल इंडिया ज्वैलरी एंड गोल्ड फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा कि आर्थिक गतिविधियों में जोरदार तेजी और उपभोक्ता मांग में सुधार के बाद जुलाई-सितंबर तिमाही में घरेलू बाजार में सोने की मांग 80 फीसदी बढ़ी। इसके अनुमान के मुताबिक, देश में सोने और चांदी के सिक्कों, नोटों, मूर्तियों और बर्तनों की बिक्री 25,000 करोड़ रुपये के शिखर पर पहुंच गई। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) ने इसे 2021 की तुलना में 19500 करोड़ रुपये अधिक होने का अनुमान लगाया है। आर्थिक उछाल के वापस आने के संकेत हैं। जुलाई-सितंबर आवास बिक्री डेटा 41 प्रतिशत ऊपर है, संभवत: तीन लाख इकाइयों को छू रहा है जैसा कि प्रवृत्ति 2009-2014 के लिए थी।

उस वर्ष से दिल्ली और एनसीआर में बिक्री लगभग 68 प्रतिशत और मुंबई के आसपास 27 प्रतिशत घट गई। सबसे खराब 2016 था जब रेरा और जीएसटी के अनावरण के बाद विमुद्रीकरण के कारण यूनिट की बिक्री में भारी गिरावट आई थी। आवास पर दोहरा कर लगाया गया है। इसमें स्टैंप ड्यूटी है और अब जीएसटी भी है, जिसे बेहतर तरीके से हटा दिया जाना चाहिए। ब्याज दरों में वृद्धि के बावजूद आवास की बिक्री में वृद्धि उत्साहजनक है।

इसी तरह, फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएडीएआई) के अनुसार, नवरात्रि और दिवाली के दौरान कार की बिक्री 10.94 प्रतिशत बढ़कर 1,464,001 हो गई, जो 2021 की बिक्री 1,319,647 इकाई थी। सेमीकंडक्टर की कमी कम होने से बिक्री में तेजी आई। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा कि महीने के लिए उत्पादन भी 88 प्रतिशत बढ़कर 372,126 हो गया। प्रवेश स्तर की यात्री कारों की बिक्री 38.4 प्रतिशत या 1,026,309 इकाई बढ़ी, जबकि दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 1,735,199 इकाई रही। हालांकि, शुभ मानी जाने वाली सोने की खरीदारी लगभग समान रूप से हुई है, ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति होल्डिंग फर्म के साथ एफएमसीजी उत्पादों की बिक्री में कमी आई है। मैरिको समूह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिक्री सामान्य से काफी नीचे है। उत्पादों के बारे में वरीयताओं और गुणवत्ता की शिकायतों में बदलाव के कारण कन्फेक्शनरी की बिक्री में 10.3 प्रतिशत की गिरावट आई और पेय और घरेलू देखभाल में 2.5 और 5.5 प्रतिशत की गिरावट आई। सूखे मेवे और मसालों पर पड़ोस के राजनीतिक संबंधों का भी असर पड़ता है। अफगानिस्तान से वाघा सीमा के माध्यम से आने वाले किशमिश, पिस्ता, खुबानी, अंजीर, हींग और शाह जीरा के सूखे मेवों को साफ करने में मशीनरी सावधान और धीमी रही है। कपड़ा खंड का भी औसत कारोबार रहा। सूरत की कपड़ा मिलों की बिक्री करीब 8000 करोड़ रुपये या 50 फीसदी कम हो सकती है। खुदरा मांग कम रही है, यह दर्शाता है कि बड़े पैमाने पर लोग खरीदारी से परहेज कर रहे हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार, उच्च कीमतों और उपभोक्ता व्यवहार से घिरे बाजार के कारण थोक व्यापारी वस्त्र, साड़ी और अन्य कपड़े नहीं उठा रहे हैं। खुदरा विक्रेताओं के पास पिछले दो वर्षों से भारी मालसूची ने कुल बिक्री में कटौती की है।

अक्सर यह कहा जाता है कि वैश्विक दिग्गजों के नेतृत्व में ई-कॉमर्स ने खुदरा कारोबार को काफी हद तक प्रभावित किया है। विश्व बैंक के आंकलन अनुसार, ई-कॉमर्स कुल भारतीय खुदरा कारोबार का के वल 1.6 प्रतिशत है। शॉपीफाई के अनुसार, दिवाली से पहले ई-कॉमर्स फर्मों को उम्मीद थी कि उनकी बिक्री 11.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी, लेकिन अभी तक वे अंतिम बिक्री के आंकड़े के साथ सामने नहीं आई हैं। सॉफ्टबैंक द्वारा संचालित मीशो ने दावा किया कि कम टिकट वाली खरीदारी हुई है और दो बड़ी कंपनियों - फ्लिपकार्ट और अमेज़न ने 5.7 बिलियन डॉलर या 40,000 करोड़ रुपये की त्योहारी बिक्री का बड़ा हिस्सा देखा, जिसमें मोबाइल फोन बिक्री में अग्रणी रहे हैं।

उच्च विकास के प्रक्षेपवक्र प्रयासों के बावजूद वैश्विक अस्थिरता, मुद्रास्फीति और यूक्रेन युद्ध देश को प्रभावित कर रहे हैं। यह वृद्धि अब 7.4 प्रतिशत (संचयी 23.6 प्रतिशत) मुद्रास्फीति के साथ 7 प्रतिशत से नीचे झूल रही है। यह आरबीआई के कंफर्ट जोन से बाहर है। क्या इसका मतलब यह है कि मात्रा के हिसाब से भारत ब्रिटेन को पीछे छोड़ सकता है? संभावना नहीं है, लेकिन वास्तव में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है क्योंकि कोविड के दौरान कुछ कठिनाइयां बढ़ीं और संकेत तक गिर गए। भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,277.43 और ब्रिटेन की 49,761 डॉलर है। यूके में एक मजबूत व्यापार संतुलन है। दीवाली ने उम्मीद दी है कि आने वाले साल तक भारत इन झंझटों से छुटकारा पाकर अपनी यात्रा को और भी ज्यादा सार्थक बनाएगा।

## आप की बात

### हिन्दू मंदिरों पर हमले

**आज** ब्रिटेन में कौन चला रहा है हिंदू हेट गेंग। कारण कुछ दिनों बाद आज एक बार फिर ब्रिटेन हिंदू मंदिरों पर दूसरी बार हमला किया गया है। इसके कुछ समय पहले भी ब्रिटेन में विष्णु मंदिर पर हमला किया गया था और अब आज मां दुर्गा के मंदिर पर हमला किया गया एवं मंदिर पर लगे भगवा झंडे को तोड़ दिया गया। अक्सर देखा गया है कि विदेशों में हिंदू मुस्लिम आपस में मिल जुल कर रहते हैं एवं एक दूसरे के धार्मिक स्थलों का भी सम्मान करते हैं परंतु आजकल जिस तरह से पाकिस्तान इस एकता को तोड़ने का प्रयास कर रहा है वह दुखदाई है। अत: यह तो किसी की साजिश है जो बार -बार हिंदुओं को परेशान कर रहा है एवं उनके देवी-देवताओं को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। हमें लगता है इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है जो आज हिंदुस्तान में तो छोड़िए विदेश में भी हिंदू मुस्लिम एकता को पचा नहीं पा रहा है तथा विदेशों में हिंदू मुस्लिम एकता को खत्म कर के उनकी सांप्रदायिक एकता को नष्ट कर रहा है। ब्रिटेन सरकार से अपेक्षा है वह हिंदू देवी देवताओं के मंदिरों पर हो रहे इन हमलों के हमलावरों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें तथा उनको सजा दिलाएं।

- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### हृदयविदारक घटना

**गुजरात** के मोरबी में पुल टूटने से हुए हादसे में हुई जनहानि की खबर अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। जब पुल की क्षमता ही 100 लोगों की थी तो आखिरकार कैसे उस पर इतनी तादाद में लोग पहुंच गए। मोरबी में हाल ही में पुनर्निर्मित 140 साल पुराने झूला पुल के गिरने से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की आशंका है, क्योंकि लगातार शवों का मिलना जारी है। थल सेना, वायु सेना और एनडीआरएफ की टीमें लगातार रेस्क्यू में लगी हुई हैं। पुल की मरम्मत के बाद इसे आम जनता के लिए खोला गया था। जिसके पांच दिन बाद ही पुल का इस तरह से गिर जाना यह सवाल खड़े करता है कि क्या पुल के बजाय भ्रष्टाचार की मरम्मत हुई थी। मोरबी की मच्छु नदी पर बने झूला पुल के गिरने को लेकर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिरकार इस घटना के पीछे जिम्मेदार लोगों ने जरा सी भी संवेदनशीलता दिखाई होती तो इतने बड़े हादसे को रोका जा सकता था। जब पुल की क्षमता उतनी नहीं थी कि उस पर इतने लोग एक साथ जा सके या फिर वह इतना भार वहन कर सके तो किसकी इजाजत से इतने लोग वहां पर एक साथ पहुंच गए। इस हादसे के बाद से कई परिवार की जिंदगियां समाप्त हो गईं।

- **योगेंद्र गौतम,** ललऊ खेड़ा बाजार, उन्नाव

### बेकाबू होते हालात

**समूचे** उत्तर प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक डेंगू एवं मलेरिया से हालात बेकाबू हो रहे है। लगभग एक माह से मरीजो की संख्या बढ़ती जा रही है। कितने ही मरीज ठीक प्रकार से उपचार न मिलने के कारण काल का ग्रास बन चुके है। परन्तु स्वास्थ्य विभाग पिछले वर्ष से कम आंकड़े बताकर अपनी पीठ थपथपाने में मस्त है। मेरठ, गाजियाबाद, प्रयागराज हो लखनऊ सभी जगह हालात खराब है। निजी अस्पताल हो या सरकारी अस्पताल हो मरीजो की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अगर सरकारी आकड़ो की ही बात की जाए तो पिछले दो माह में करीब छ: हजार मरीजो को डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। ऊपर से जिन मरीजो को डेंगू हो चुका है उनको स्वाइन फ्लू की भी शिकायत आ रही है। पूरे प्रदेश में स्थिति भयावह हो चुकी है परन्तु ना तो स्वास्थ्य विभाग अभी नींद से जागने को तैयार है और ना ही सफ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। मच्छरों का प्रकोप भी कम होने का नाम नही ले रहा है। मच्छरों से बचाव के लिए दवा छिड़कने की व्यवस्था भी नगरपालिका एवं नगर निगम के द्वारा नही कराई जा रही।

- **नागेंद्र,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**आज़म** खान विधानसभा व संसद में तथा बाहर सांप्रदायिक शक्तियों को कठोर चुनौती देने का खामियाजा भुगत रहे हैं।

- **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष



**मास्को** झूठा बहाना बना कर अन्न गलियारा बंद कर रहा है। सभी देशों को रूस को भूख पर राजनीति से रोकना चाहिए।

- **दिमित्रो कुलेबा**
यूक्रेन के विदेश मंत्री



**केजरीवाल** ने राम मंदिर का विरोध किया, हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किया और भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने के लिए मंत्री से नया प्रचार कराया।

- **अनुराग ठाकुर**
केन्द्रीय मंत्री

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत सरदार पटेल की परिकल्पनाः योगी

## राष्ट्र नायकों के प्रति सम्मान का भाव हमें निरंतर एक नई प्रेरणा प्रदान करता हैः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरा देश स्वतंत्र भारत की एकता और अखण्डता के शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं पावन जयन्ती पर देश और समाज के लिए किये गये उनके योगदान के प्रति उन्हें नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दे रहा है।

मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी के फ्लैग ऑफ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। रन फॉर यूनिटी का फ्लैग ऑफ किया। उन्होंने कहा कि भारत को कई टुकड़ों में बांटने की अंग्रेजों की कुटिल चाल थी। भारत में 563 से अधिक रियासतें थी। उस समय की ब्रिटिश सरकार ने इन रियासतों को इस बात की आजादी दी थी कि वे चाहे तो भारत के साथ रहें पाकिस्तान के साथ रहें अथवा अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाये रखें। अपनी सूझ-बूझ, संगठन क्षमता और मातृभूमि के प्रति सरदार वल्लभ भाई पटेल की अगाध निष्ठा ने भारत को एकता के सूत्र में बांधते हुए 563 से अधिक रियासतों को शान्तिपूर्ण तरीके से वर्तमान भारत का महत्वपूर्ण अंग बनाया। जूनागढ़ और हैदराबाद की रियासतें उस समय अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाये रखने अथवा पाकिस्तान में विलय का प्रयास कर रही थी। लेकिन उनके प्रयास सफल नहीं हो पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी को इस बात पर गौरव की अनुभूति होती है कि सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। इसके शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल थे। विगत आठ-साढ़े आठ वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो कार्य प्रारम्भ हुए हैं उन्हें पूरा देश देख रहा है। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में रन फॉर यूनिटी का आयोजन देश के सभी जनपदों में किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में भी सभी 75 जनपदों में यह कार्यक्रम हो रहा है। प्रदेश के खेलकूद और संस्कृति विभाग द्वारा लखनऊ में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया में प्रेरणादायी देश बना है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश तथा मातृभूमि के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए अधिकार के साथ ही कर्तव्यों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। आज हर व्यक्ति यह मानता है कि मौलिक अधिकारों के साथ संविधान द्वारा तय किये गये उनके कुछ कर्तव्य भी हैं। उन सभी कर्तव्यों के प्रति हर व्यक्ति आज जागरूक हुआ है। यह नेतृत्व पर निर्भर करता है कि वह देश के नागरिकों को किस प्रकार इनके साथ जोड़ता है। सीएम ने कहा कि सरदार पटेल जैसा महानायक जिस देश में हो वह देश आतंकवाद, उग्रवाद, अलगाववाद तथा भ्रष्टाचारियों के सामने घुटने नहीं टेक सकता। वह मजबूती के साथ इस प्रकार की दुष्प्रवृत्तियों से लड़ने के लिए अपने को तैयार करता है। आज देश से नक्सलवाद समाप्त हो रहा है। कश्मीर विकास की नई धारा से जुड़ रहा है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री सूचना एवं गृह संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उपस्थित थे।

वहीं मुख्यमंत्री ने पटेल की जयन्ती के अवसर पर जीपीओ स्थित सरदार पटेल पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के इस महान शिल्पी का स्मरण आज भारत तथा वर्तमान पीढ़ी के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी स्वावलम्बी राष्ट्र अपने राष्ट्र नायकों को विस्मृत करके आगे नहीं बढ़ सकता है।

# 10 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को प्रदेश में मिल रही है पेंशनः सीएम

● सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग टी-20 कप के द्वितीय टूर्नामेंट का सीएम ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत के प्रत्येक नागरिक को बिना भेदभाव के शासन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार ने दिव्यांगजनों की पेंशन को बढ़ाने का कार्य किया। आज उत्तर प्रदेश में 10 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को 12000 रुपये सालाना मासिक पेंशन के रूप में मिल रही है। सरकार सभी के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी का मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास एक नए भारत की कहानी को कहता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विकलांग शब्द को दिव्यांग कह कर एक नया जोश दिव्यांगजनों में भरा है। मैं इन सभी का सम्मान करता हूं कि अपनी तकलीफको भुलाकर दिव्यांगजन देश और समाज के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। सीएम योगी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 147वीं जयंती के अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग टी-20 कप के द्वितीय टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए कार्यक्रम की ब्रांड एम्बेसडर पद्मश्री खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार से अलंकृत दिव्यांग एथलीट दीपा मलिक को धन्यवाद करते हुए कहा कि वह लाखों लोगों की प्रेरणा हैं। उन्होंने ऋषि अष्टावक्र का जिक्र करते हुए कहा कि उनके मंत्र भारत ही नहीं समूचे विश्व को एक नई रोशनी प्रदान करते हैं।

## राजस्थान की कांग्रेस सरकार जनता से मांगे माफीः मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। मायावती ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि राजस्थान के पंचायतों में लड़कियों के साथ जो घटना हुई वह सरकारी व्यवस्था को शर्मसार करने वाली है। इससे कांग्रेस व राजस्थान सरकार का असली चेहरा सामने आता है। सोमवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि राजस्थान के पंचायतों में लड़कियों की स्टाम्प पेपर पर कर्ज अदाएगी सम्बंधी खरीद-फरोख्त सामाजिक व सरकारी व्यवस्था को शर्मसार करने वाली यह अतिदु:खद घटना। क्या लड़की हूँ लड़ सकती हूँ का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी व उनकी राज्य सरकार का लड़कियों के प्रति यही असली क्रूर रूप है? मायावती ने आगे कहा कि विभिन्न आयोगों द्वारा इस घटना के सम्बंध में स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करना उचित किन्तु यह इसका समुचित हल नहीं, बल्कि वहाँ की कांग्रेसी सरकार को दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के साथ साथ इस शर्मनाक घटना पर महिला समाज व राज्य की जनता से भी तुरन्त माफी माँगनी चाहिये।

## सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता की अप्रतिम मिसालः केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने अपने शिविर कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जन सुनवाई भी की। जनता दर्शन में आये तमाम लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं एवं प्रार्थना पत्र भी लिये, साथ ही कई लोगों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में उपमुख्यमंत्री ने शासन के कई उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारियो व पुलिस अधीक्षको सहित कई अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

इस अवसर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विविधता को एकता के सूत्र में पिरोते हुए सरदार पटेल ने आधुनिक भारत का स्वरूप दिया। उपमुख्यमंत्री ने सरदार पटेल को अपनी आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है और हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। 562 रियासतों को एकता के सूत्र में बांधकर अखंड भारत के निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। देशसेवा के प्रति उनके द्वारा किए गए योगदान के लिए आज पूरा राष्ट्र उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहा है और उनके योगदान को स्मरण ही नहीं कर रहा है बल्कि भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उनकी स्मृतियों को संजोए रखने के उल्लेखनीय कार्य भी किए जा रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद भी वह देश की एकता के लिए हमेशा योगदान देते रहे।

## प्रदेश के सभी प्रमुख बस स्टेशनों पर आज से बुकिंग व पूछताछ काउन्टर शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह के निर्देशों केक्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबन्ध निदेशक संजय कुमार ने सभी क्षेत्रीय प्रबन्धकों एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धकों को निर्देशित किया है कि मंगलवार 1 नवम्बर से प्रदेश के सभी प्रमुख बस स्टेशनों पर बुकिंग/पूछताछ काउन्टर प्रारम्भ कर दिये जायें। उन्होंने बताया कि इन काउन्टर को क्रियाशील करने के लिए कम्प्यूटर हार्डवेयर सभी क्षेत्रों को दिया जा चुका है। संजय कुमार ने बताया कि बुकिंग/पूछताछ काउन्टर को क्रियाशील करने में कार्यदायी संस्था मे. ओरियन प्रो की टीम द्वारा साफ्टवेयर इंस्टाल करने एवं एप्लीकेशन के प्रयोग में सहयोग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन पूछताछ एवं बुकिंग काउन्टर पर बसों के टिकट उपलब्ध होंगे तथा यात्रियों को किराया एवं समय सारिणी की जानकारी दी जा सकेगी।

## भाजपा नेतृत्व, सरकार व संगठन का ध्येय जनमानस की सेवाः भूपेन्द्र चौधरी

● हार से पहले ही बहाने तलाश रहा विपक्षः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अमन गिरि के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी-योगी की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं, चाक-चौबंद कानून व्यवस्था के प्रति अगाध जनविश्वास तथा कार्यकर्ताओं के सतत् सम्पर्क संवाद के साथ चुनाव मैदान में है। भाजपा गोला विधानसभा उपचुनाव को पिछले चुनाव से भी अधिक मतों से जीतेगी। उन्होने कहा कि जिन अपेक्षाओं के साथ जनता ने भाजपा को वोट दिया है, भाजपा सरकारें उन अपेक्षाओं को पूरा कर रही है। भाजपा नेतृत्व, सरकार तथा संगठन का ध्येय जनमानस की सेवा है और हम अहर्निश सेवा कार्यों के माध्यम से जनता के बीच है। भाजपा के अनवरत जनता के बीच रहकर सेवा कार्य करने के कारण ही विपक्ष की जातिवादी, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार तथा अपराध से सींची हुई राजनीतिक जमींन बंजर हो चुकी है और यही कारण है कि विपक्ष हार से पहले ही बहाने तलाश रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने देश व प्रदेश के विकास के साथ-साथ सुरक्षा तथा पारदर्शी शासन व्यवस्था देने का काम किया है। सरकार व संगठन ने सदैव जनता के हितों के लिए उनके दरवाजे पर पहुंचकर कोरोना काल में भोजन, राशन तथा जरूरत के अन्य वस्तुएं उपलब्ध कराई है।

## सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल अपील पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

● अयोध्या के विवादित ढांचा को ढ़हाए जाने का मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ

**अयोध्या** के विवादित ढांचा को ढ़हाए जाने के मामले में सत्र अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली अपील की ग्राह्यता पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस सरोज यादव की खंडपीठ ने यह आदेश अयोध्या निवासी हाजी महबूब अहमद व एक अन्य की ओर से दाखिल की गई अपील पर दिया है। हालांकि पहले इनकी ओर से पुनरीक्षण याचिका दाखिल की गई थी। पीठ ने पुनरीक्षण याचिका को आपराधिक अपील में परिवर्तित करने का आदेश दिया था।



सोमवार को पीठ के समक्ष इस अपील पर सभी पक्षो की सुनवाई पुरी हो गई। सीबीआई का कहना था कि अपीलार्थी इस मामले में पीड़ित नहीं हैं। लिहाजा वो यह अपील दाखिल नहीं कर सकते। वहीं राज्य सरकार की ओर से भी अपील की पोषणीयता पर सवाल उठाया गया। दूसरी तरफअपीलार्थियों का कहना था कि वो इस मामले में विवादित ढांचा गिराए जाने की वजह से पीड़ित पक्ष हैं। लिहाजा उन्हें सत्र अदालत के फैसले को चुनौती देने का अधिकार है। 30 सितंबर 2020 को अयोध्या प्रकरण की विशेष अदालत ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया था। विशेष अदालत ने इस मामले में विवादित पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणीए पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशीए पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारत समेत सभी मुल्जिमों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। इस अपील में कहा गया है कि अपीलार्थी इस मामले में न सिर्फ गवाह थे बल्कि घटना के पीड़ित भी हैं।

## आयुष मंत्री का फेसबुक एकाउन्ट हैक

**लखनऊ।** प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने बताया कि उनका आधिकारिक फेसबुक एकाउन्ट हैंकर्स द्वारा हैक कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करवा रहा हूॅ और जल्द ही फेसबुक पेज को पुन: नियंत्रण में ले लिया जायेगा। डा. दयालु ने अपने फेसबुक एकाउन्ट फालोअर्स से कहा है कि मेरे फेसबुक पेज पर पोस्ट की गयी किसी भी मैसेज को लाइक, कमेन्ट एवं शेयर न करें।

## देश को एकजुट रखने में सरदार पटेल का बड़ा योगदान

● सपा मुख्यालय में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सोमवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सादगी के साथ मनायी गई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को विख्यात शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी आचार्य नरेन्द्र देव की 133वीं जयंती पर गोमती तट स्थित समाधि पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। साथ में आचार्य नरेन्द्र देव के परिवार के सदस्य यशोवर्धन तथा मीरा वर्धन उपस्थित थे। साथ में राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी थे। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि देश को मजबूत बनाने, एकजुट रखने और खुशहाल रखने में सरदार पटेल का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने किसानों की लड़ाई लड़ी और उन्हें उनका हक और सम्मान दिलाया। आजादी की घोषणा पर उन्होंने देशी रियासतों को भारत संघ में शामिल कराने का अभूतपूर्व कार्य किया था। श्री यादव ने कहा कि आज किसान दु:खी है। सरदार के नाम की सियासत करने वालों ने देश के किसानों से उनकी आय 2022 तक दुगनी करने का जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया। न तो उन्हें मुफ्त बिजली दी। किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला। किसान कर्ज और महंगाई की मार से आत्महत्या कर रहे हैं। सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। इस अवसर पर योगेश प्रताप सिंह पूर्व राज्यमंत्री, लाल बिहारी यादव विधायक, अरविन्द कुमार सिंह एवं उदयवीर सिंह पूर्व सदस्य विधान परिषद, नंदिता शुक्ला तथा बैजनाथ दुबे पूर्व विधायक, तोताराम, विकास यादव, केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र यादव, ओमप्रकाश पटेल, सूरज सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## मनी लांड्रिग के मामले में निरुद्ध केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ( विसं )।** जिला जज व ईडी के विशेष जज संजय शंकर पांडेय ने मनी लांड्रिग के एक मामले में निरुद्ध केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन व पीएफआई सदस्य अतीकुर्रहमान की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिमों के अपराध को गंभीर करार दिया है। मनी लांड्रिग का यह मामला हाथरस कांड के जरिए सामाजिक ताना बाना बिगाड़ने के लिए विदेशों से हुई फंडिग का है। छह फरवरी 2021 को इस मामले में सिद्दीक कप्पन व पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के सदस्य अतीकुर्रहमान के अलावा केए रउफ शरीफ, मसुद अहमद व मोहम्मद आलम के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुआ था। ईडी की दिल्ली इकाई विदेशी फंडिग के मामले में पीएफआई के खिलाफ पहले से जांच कर रही थी। विवेचना के दौरान पीएफआई के सदस्य अशरफ कादिर व अब्दुल रज्जाक पीडीयक्कल को भी न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का केन्द्रीय राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**केन्द्रीय** संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर चित्र प्रदर्शनी एवं जनसमुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को बक्शी का तालाब ब्लॉक में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने किया। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य जनसमुदाय को राष्ट्रीय एकता दिवस के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। देश को आजादी दिलाने में उनका अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आज का युवा देश के बारे में न सोच कर नशे की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कायक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, गैर संचारी रोगों के स्टाल लगाकर लोगों को कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के स्टॉल पर फाइलेरिया रोगी नेटवर्क की सदस्य मालती सिंह, अर्जुनलाल और मनोज कुमार ने स्टॉल पर आये स्कूल के बच्चों और जनसामान्य को फाइलेरिया रोग से बचाव तथा साल में एक बार लगातार पाँच साल तक दवा का सेवन करने की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, मलेरिया सहायक मधुप लाल, बीएसडब्ल्यू आशीष कुमार, गौरव कुमार श्रीवास्तव लैब टेक्नीशियन अविनाश कुमार, आयुष्मान भारत योजना के आरोग्य मित्र अनुज सिंह उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को मिला कर्मवीर एक्सीलेंस अवार्ड



**लखनऊ।** उप्र के अपर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को प्रशासनिक सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए कर्मवीर एक्सीलेंस अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड बीते 16 अक्टूबर को मुंबई में एक समारोह में दिया गया था। प्रशांत कुमार को यह सम्मान वर्चुअल रूप में दिया गया था। सोमवार को कर्मवीर प्रतिनिधि कुंवर प्रदीप सिंह ने प्रशांत कुमार को उनके कार्यालय में समर्पित किया।

## सपा प्रतिनिधि मण्डल कल जाएगा बलरामपुर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल बुधवार 2 नवम्बर को हरिहरनगर महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर जायेगा। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ नेता जोखूराम यादव के दो जवान बेटों का बिजली का करन्ट लगने से दु:खद निधन हो गया। प्रतिनिधि मण्डल शोकाकुल परिवार से मिलने एवं सांत्वना देने हेतु जाएगा।

## लौह पुरुष सरदार पटेल की राष्ट्र की एकता में महत्वपूर्ण भूमिका रहीः अंशुमान राम त्रिपाठी

● 'रन फॉर यूनिटी' पर आधारित सचल प्रदर्शनी वाहन को अपर निदेशक सूचना ने झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारत** रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पं. दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर के सभागार में निदेशक सूचना शिशिर के निर्देशन में सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सूचना विभाग के अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया, तथा उनके द्वारा सूचना विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी गयी। इसके उपरांत श्री त्रिपाठी ने सूचना विभाग की रन फॉर यूनिटी पर आधारित सचल प्रदर्शनी वाहन को सूचना परिसर से राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के प्रमुख चौराहों एवं स्थलों के लिए रवाना किया। अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य में आपसी भाईचारा एवं एकता को बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की राष्ट्र की एकता में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने देश की 562 रियासतों का विलय कर एक सम्प्रभु एवं अखण्ड भारत का निर्माण किया जिससे आज हमें पूरी दुनिया में एक भारतीय के रूप में पहचान मिली है। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक सर्वेश कुमार दुबे एवं भूपेंद्र सिंह यादव, उप निदेशक हरि शंकर त्रिपाठी, कुमकुम शर्मा, दिनेश कुमार सहगल, प्रभात शुक्ला, फिल्म निर्माण अधिकारी संजय कुमार अस्थाना, सहायक निदेशक गोकुल प्रसाद दुबे व सतीश चंद्र भारती सहित अन्य विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।

## भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आयोजित किया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा सोमवार से सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य सप्ताह के दौरान आयोजित समारोहों और गतिविधियों के माध्यम से भ्रष्टाचार की बुराइयों को पहचानना और व्यक्तिगत और प्रणालीगत स्तर पर इससे निपटने के तरीकों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर आज प्राधिकरण के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लिया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का इस वर्ष का विषय है भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत है। प्रदेश में राज्य सरकार के सहयोग से आधार अपडेट अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्राधिकरण सभी निवासियों से निवेदन करता है की जिनका आधार बने हुए अधिक समय हो गया है वे अपना आधार अपडेट जरुर कराये।

## राष्ट्र को खुशहाल और समृद्ध बनाने के पक्षधर थे पटेलः अनिल दुबे



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लौहपुरुष** सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में रालोद नेताओं द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई गयी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे तथा रालोद नेताओं द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक गोष्ठी का अयोजन हुआ। गोष्ठी में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि सरदार पटेल अपने राष्ट्र को खुशहाल और समृद्ध बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास करने एवं विश्व में देश का कीर्तिमान स्थापित करने के विशेष रूप से पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि आज अपने देश में श्रमिक वर्ग की स्थिति निरंतर दयनीय होती जा रही है जबकि सरदार पटेल जी का कहना था कि श्रमिकों की मेहनत से ही देश महान बनता है। श्रमिकों की ऊर्जा सकारात्मक रूप से देश को महान बनाने में प्रयोग करना चाहिए। साथ ही साथ श्रमिकों को समय समय पर यह अहसास दिलाना होगा कि उनकी सकारात्मक भूमिका से ही अच्छा उत्पादन होगा और विश्व बाजार में हम अपने देश का परचम लहराने में सफल होंगे। गोष्ठी में टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा, सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष आशीष तिवारी, अल्पसख्यंक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ महमूद समेत कई प्रमुख लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये व सरदार पटेल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डिप्टी बृजेश पाठक व प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने की जनसभा

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ



**गोला नगर** के प्रभारी व जनपद के वरिष्ठ भाजपा नेता राजा राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में गोला विधानसभा उपचुनाव में नगर के हर सेक्टरों के मोहल्लों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पद भ्रमण किया व पब्लिक इंटर कालेज के मैदान में सोमवार 31 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में सम्मिलित होने हेतु नगरवासियों से आह्वान करते हुए भाजपा प्रत्याशी अमन गिरी के पक्ष में मतदान करने हेतु अपील की। इस नगर भ्रमण में गोला के नगर मंडल अध्यक्ष शत्रुघन मिश्राए नगर महामंत्री सुधीर अवस्थीए शक्ति केंद्रों के संयोजकए प्रभारी व पालक सभी बूथ अध्यक्षों व उनकी कमेटी के साथ अपने शक्ति केन्द्रों के मुहल्ले व रोडों पर भ्रमण किया व भारी संख्या में लोगों से मुख्यमंत्री जी की जनसभा में सम्मिलित होने की अपील की। उपचुनाव के अंतर्गत विगत कई दिनों से प्रदेश भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं का भाजपा प्रत्याशी के प्रचार हेतु गोला आवागमन बना हुआ है। इसी कड़ी में रविवार को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी का ब्राह्मण सम्मेलन राजेन्द्र गिरी लान में हुआ व प्रदेश प्रभारी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने 11 बजे नगर के कृषक समाज कालेज सेक्टर के गौशाला सेक्टर में बूथ संख्या 218 के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया व वहीं प्रधानमंत्री जी की मन की बात भी सुनी। तदोपरांत कुंभी मंडल के सांभल में जनसभा को संबोधित किया। सभी पार्टी के पदाधिकारी मुख्यमंत्री जी की जनसभा की तैयारी में जुटे हैं।

## पराली न जलाए जाने को लेकर डीएम निकाला प्रचार वाहन



संवाददाता। सीतापुर

### ● पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में किया जागरूक

**बढ़ते प्रदूषण** को लेकर प्रशासन ने एक बार फिर से किसानों को अपने खेतों में पराली न जलाए जाने को लेकर जागरूकता प्रचार वाहन निकाला है। यह प्रचार वाहन जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अपने कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। पराली जलाने के दुष्प्रभाव के सम्बंध में भी किसानों को जागरूक किया गया। प्रचार वाहन जिले के सभी ब्लाकों के गांवो में जाकर किसानों को खेत में फसल के अवशेष न जलाए जाने को लेकर जागरूक करेगे। यह प्रचार वाहन गाँव-गांव जाकर पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में किसानों को जागरूक करने के साथ ही फसल अवशेष प्रबन्धन के विषय में भी जानकारी देंगे। प्रचार वाहन रवाना करते समय उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिलाकृषि अधिकारी मंजीत कुमार, सिटी मजिस्टेऊट अमृता सिंह, पंकज प्रकाश राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### एकता दिवस के रूप में मनी पटेल जयंती

**मोहम्मदी खीरी।** तहसील सभागार और शिक्षा विभाग में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई जिसमें तहसील के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया वही उप जिलाधिकारी के स्टेनो ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सभी को शपथ दिलाईएइस मौके पर रजिस्टार कानूनगो जीएल रराठौर पेशकार रमेश त्रिपाठीए राम औतार सिहएसहित तहसील का स्टॉफमौजूद रहा। वही कोतवाली मे भी वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। वही मोहम्मदी खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह ने एक विद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया तथा बच्चों ने विद्यालय में खूबसूरत रंगोली बनाई वही खंड शिक्षा अधिकारी ने बीआरसी पर कार्यरत सभी अध्यापकों और लिपिको को शपथ दिलवाई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य समस्त स्टाफ बीआरसी पर खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंहए रिजवान खानए अखिलेश कुमारए अमित अवस्थी व जियाउर रहमान सहित अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

### 80 बोरी यूरिया खाद पकड़ी

**तिकुनियाँ खीरी।** बॉर्डर पर हो रही खाद की तस्करी की खबर चलने के बाद एक्शन मे आई एसएसबी इंडो नेपाल बॉर्डर पर तैनात एसएसबी ने रात्रि गस्त के दौरान मरिया घाट से ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदी 80 बोरी यूरिया खाद पक?ी है। कोतवाली प्रभारी राजू राव ने बताया की रात्रि गस्त 9030 बजे के दौरान एसएसबी खकरोला चौकी के जवानों ने 80 बोरी यूरिया खाद मय ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ा है। जिसकी सूचना कोतवाली प्रभारी ?ो दी यह खाद पिलर न0 705ध्4 के पास से पकड़ा है। कोतवाली प्रभारी राजू राव व खकरोला चौकी इंचार्ज मोहन राय ने सयुक्त रूप से पकड़ी गई यूरिया खाद ट्रैक्टर ट्रॉली सहित कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया। वही कोतवाली प्रभारी ने ट्रैक्टर ट्रॉली के स्वामी की छानबीन शुरू कर दी है। टीम में शामिल रहे खकरोला चौकी इंचार्ज मोहन राय कोतवाली प्रभारी राजू राव रंनगर चौकी इंचार्ज प्रदीप सिंह एसएसबी जवान व पुलिस टीम मौजूद रही।

### सूर्य देव के दर्शन करके अर्द्ध देकर छठ मैय्या की पूजा उपलक्ष मे वृत का किया समापन

**मैलानी.खीरी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी होने वाले छठ पर्व पर नगर मैलानी व ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्वांचल की महिलाओं ने चौबीस घंटों का निर्जला उपवास छठ मैय्या का विधि विधान से पूजा अर्चना की। सारी रात नगर मैलानी के काली मंदिर के पीछे बने सरोवर व मंदिर परिसर मे छठ मैय्या वृत के अवसर पर माता रानी के गीतो भजनों का आयोजन किया गया। सुबह उगते सूर्य को महिलाओं ने सरोवर के जल मे खड़े होकर अर्द्ध देते वृत का समापन करके प्रसाद वितरण किया। इस मौके नगर पंचायत अध्यक्षा सत्यवती पूर्व चेयर मेन अनीता यादव व सपा नेता नरेश यादव भाजपा नेता हरिहर दत्त मिश्र मिश्र डाक्टर जगदीश शेखर भाई वेद प्रकाश वर्मा राहुल कुमार रोहित यादव सहित तमाम महिलाए व बच्चे मौजूद रहे।

### डीएम- एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी संजीव सुमन ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम.एसपी ने बंदियों का हालचाल जानाए खाने.पीने के बारे में जानकारी प्राप्त कीए जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफसफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफसफाई बनाए रखी जाए। डीएम एसपी ने जेल के बैरक पाकशाला अस्पताल आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्राए जेलर पंकज सिंहए डिप्टी जेलर सुनील कुमारए अजय कुमार सिंहए राजेंद्र कुमारीए डॉण् दीपांकर रावत व चिकित्सक डॉण् सुनील मौजूद रहे।

### अफसरों ने देखी बंदियों द्वारा तैयार मिट्टी की कलाकृतियां

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एसपी संजीव सुमन के साथ जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों द्वारा बनाई गई मिट्टी की कलाकृतियां देखीं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने बताया कि निरुद्ध बंदियों को चाक के जरिए मिट्टी की कलाकृतियों का प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बनाया जा रहा। इसके लिए इन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### खेत में पड़ा मिला छात्र का शव

**संडीला(हरदोई)।** कक्षा 12 के छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम बेलहइया निवासी सियाराम का 20 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार इंटर का विद्यार्थी था। वह घर से अपने दूसरे घर में सोने जाने की बात कहकर निकला लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। सुबह उसका शव घर से लगभग 1 किलोमीटर दूर खेत में पड़ा पाया गया। इस संबंध में मृतक के परिजन खामोशी धारण किए हैं। चर्चा है कि सुनील की सुनियोजित हत्या की गयी है। पुलिस मृतक के परिजन से पूछताछ कर रही है। शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### क्रीड़ा भारती महिला विंग की रीना सिंह जी बनी प्रदेश उपाध्यक्ष

**बरेली ।** क्रीड़ा भारती , का आज बरेली जनपद के डोरी लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आगमन हुआ ,जिनका भव्य रूप से स्वागत किया गया । स्वागत में मुख्य रूप से क्रीड़ा भारती ,बरेली जिलाध्यक्ष ,डॉक्टर शिवराम शर्मा जिला मंत्री ,धर्मेंद्र शर्मा जिला उपाध्यक्ष ,विजय श्रीवास्तव, जिला संपर्क प्रमुख बंटी ठाकुर व क्षेत्रिय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव की उपस्थिति में कुछ महिलाओं में खेलों में होने वाली समस्याओं हेतु मुख्य विन्दुओं पर एक बैठक का आयोजन किया गया ।

# सीतापुर में लौहपुरूष की जयंती पर ली गई एकता की शपथ





संवाददाता। सीतापुर

**● पूरे जनपद में धूमधाम से मनाई सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती**

**●डीएम, एसपी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर अर्पित किए पुष्प**

**●कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने पटेल चौक पर अर्पित किए पुष्प**

**●विभिन्न संगठनों, थानों पर हुई रन फॉर युनिटी दौड़ प्रतियोगिता**

**राष्ट्रीय एकीकरण** के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे सीतापुर में पूर्ण उत्साह, उमंग के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये सभी अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक हरिशंकर लाल शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स क्वार्टर गार्द पर लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई। एसपी ने उनके चित्र पर माल्यार्पणकर पुष्प अर्पित किये। यहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी राजीव दीक्षित, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती विकास भवन परिसर में भी मनाई गई, सभाकक्ष में मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुश्प अर्पित किए। आयोजित समारोह के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये सभी अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलायी। सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पटेल चौक नैपालापुर में धूम धाम से मनायी गयी। जिसमे कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, बिसवाँ पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह यादव, लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, नीरज वर्मा (झल्लर) जिला उपाध्यक्ष, कुर्मी महासभा के जिलाध्यक्ष आनन्द वर्मा, डॉ. ओएन वर्मा, शिवसागर वर्मा, आलोक वर्मा, पारसनाथ वर्मा, एस.पी.सिंह, महेंद्र सिंह वर्मा, श्रावण वर्मा, राजेश सिंह वर्मा, प्रदीप वर्मा, जसवंत सिंह सहित सैकड़ो लोग जयंती में शामिल हुए।

## एनसीसी कैडेटों ने किया रन फार युनिटी का आयोजन




**एनसीसी महानिदेशालय** नई दिल्ली के द्वारा पूरे भारत वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 75000 यूनिटों के माध्यम से 750 जिलों में लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मानते हुए रन फ़ॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें 22 उत्तर प्रदेश एन सीसी बटालियन के द्वारा बटालियन स्तर और विभिन्न कालेजो यूनिटों में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। एनसीसी कालोनी सीतापुर के मैदान से 150 एनसीसी कैडेटों ने अहिल्याबाई चौक होते हुए रन फ़ॉर यूनिटी में भाग लिया। राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर से 50 एनसीसी कैडेटों वा सदर कोतवाली के लगभग 30 पुलिसकर्मियों को जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सदर कोतवाल टीपी सिंह, कैप्टन के.के. वर्मा, लेटिनेंट खान शादाब जमीर, लेटिनेंट पवन यादव, लेटिनेंट सुनील सिंह, चीफऑफीसर शिवमूर्ति, सूबेदार मेजर मनोज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षक आशीष भैयाजी व शाह आलम मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### पुल हादसे में नौ...

थलसेना की एक दो टुकड़ियां और नौसेना के दो दलों के अलावा स्थानीय बचाव दल भी (बचाव) अभियान में जुटे हुए हैं। आईजी ने कहा, बचाव अभियान अब भी जारी है। संघवी ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार ने पुल हादसे की जांच के लिए एक समिति गठित की है। पुलिस ने उन एजेंसियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोपों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है, जिन्हें इसके रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी। मोरबी बी डिवीजन पुलिस थाने में रविवार रात दर्ज की गई प्राथमिकी में, पुलिस ने केबल पुल के रखरखाव और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार एजेंसियों को मुख्य आरोपी बनाया है, जिनके नाम जांच के दौरान सामने आए थे। मोरबी बी डिवीजन पुलिस थाने के निरीक्षक प्रकाश डेकीवाडिया ने कहा कि केबल पुल को पिछले कुछ महीनों से उपयोग में नहीं लाया जा रहा था क्योंकि स्थानीय प्रशासन ने इसकी मरम्मत के लिए निजी एजेंसी की सेवा ली थी। प्राथमिकी के अनुसार, एजेंसी के लोगों के लचर रवैए के चलते यह घटना हुई। इसमें कहा गया है कि संबद्ध व्यक्तियों या एजेंसियों ने रखरखाव एवं मरम्मत कार्य की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा। प्राथमिकी में कहा गया है कि एजेंसी ने पुल के रखरखाव और प्रबंधन में लचर रवैया रहने से लोगों की मौत हो सकने को जानते हुए भी उसे लोगों के लिए खोल दिया। पुलिस अधीक्षक राहुल त्रिपाठी ने कहा, हमने एक प्राथमिकी दर्ज की है और ओरेवा कंपनी के उस कर्मचारी से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं जो कल (रविवार को) पुल पर ड्यूटी पर था। चुनावी राज्य गुजरात के दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को याद किया। उन्होंने देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नर्मदा जिले के केवडिया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर उन्हें (पटेल को) श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने भावुक होते हुए कहा, मैं केवडिया में हूं पर मेरा मन मोरबी के पीड़ितों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम के लिए देशभर से मंडलियां केवडिया आई थीं, लेकिन मौजूदा परिस्थितयों को लेकर कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। दिवाली की छुट्टियों और रविवार का दिन रहने के कारण पुल पर अधिक संख्या में पर्यटक थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कुछ लोग केबल पुल पर उछलते हुए और इसकी तार खींचते दिखे थे। उन्होंने कहा कि अधिक वजन के कारण यह पुल टूटा होगा। गुजराती नववर्ष के अवसर पर 26 अक्टूबर को लोगों के लिए केबल पुल को फिर से खोले जाने से पहले ओरेवा ने करीब सात महीने तक उसका मरम्मत कार्य किया था। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि पुल को एक निजी उद्घाटन कार्यक्रम में फिर से खोला गया था और इसे नगर निकाय की ओर से फिटनेस प्रमाणपत्र मिलना बाकी था। भाजपा सूत्रों ने बताया कि हादसे के बाद, मोदी ने गुजरात विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अहमदाबाद में सोमवार को किया जाने वाला अपना रोड शो रद्द कर दिया है।

### पुतिन समेत विश्व...

राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए संदेश में कहा कि पुल गिरने के दुखद हादसे से वह सदमे में हैं। वह घायलों के जल्दी स्वस्थ्य होने और राहत एवं बचाव कार्य सफलपूर्वक पूरी होने की कामना करते हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने कहा कि वह इस घटना से बहुत दुखी हैं। हम कीमती जिंदगियों को गंवाने पर भारत की सरकार तथा लोगों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। पुल टूटने की घटना पर सवाल के जवाब में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिआन ने बीजिंग में कहा कि जो हुआ, हमने उस पर संज्ञान लिया है। हम लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हैं। सिंगापुर के राजदूत, पोलैंड के विदेश मंत्री, भूटान के प्रधानमंत्री, दक्षिण कोरिया आदि ने भी मोरबी पुल हादसे पर शोक जताया है।

### टू-फिंगर टेस्ट ...

शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकारियों को कुछ निर्देश जारी किए और राज्यों के पुलिस महानिदेशकों तथा स्वास्थ्य सचिवों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि टू-फिंगर परीक्षण नहीं हो। इसने कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने यौन हिंसा के मामलों में स्वास्थ्य प्रदाताओं के लिए 19 मार्च 2014 को दिशा-निर्देश जारी किए थे जिसमें टू फिंगर परीक्षण को प्रतिबंधित किया गया था। पीठ ने केंद्र और राज्य के स्वास्थ्य सचिवों को निर्देश दिया कि सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों के पाठ्यक्रम से टू-फिंगर परीक्षण से संबंधित अध्ययन सामग्री को हटाया जाए।

### मोदी का कांग्रेस पर...

गुजरात की जनता इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस शासित राजस्थान सरकार ने सोमवार को यहां के गुजराती अखबारों में अपनी उपलब्धियों का बखान करते हुए विज्ञापन दिए थे। मोदी ने इस अवसर पर सुजलाम सुफलाम नहर योजना का विरोध करने के लिए गहलोत पर भी निशाना साधा ।उन्होंने कहा, जब मैं मुख्यमंत्री (गुजरात) था तब राजस्थान के मुख्यमंत्री भी वही थे जो आज हैं। उन्होंने सुजलाम सुफलाम नहर योजना का विरोध करते हुए मुझे पत्र लिखा था लेकिन मैंने उनसे कहा था कि आपको जो करना है कीजिए, लेकिन यह परियोजना आगे बढ़ेगी क्योंकि इससे उत्तर गुजरात के लोगों को लाभ होगा। मुख्य नर्मदा नहर से कसारा-दंतीवाड़ा पाइपलाइन सहित जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई, उन पर 1560 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। अधिकारियों के मुताबिक, इस परियोजना से पानी की आपूर्ति बढ़ेगी और क्षेत्र के किसानों के लिए यह फायदेमंद साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कई अन्य परियोजनाओं की घोषणा की, जिनमें सुजलाम सुफलाम नहर को मजबूत करना, मोढेरा-मोती दाऊ पाइपलाइन का मुक्तेश्वर बांध-कर्मावत झील तक विस्तार, संतालपुर तालुका के 11 गांवों के लिए लिफ्ट सिंचाई योजना आदि शामिल हैं।

### रेस्तरां-होटल का...

साथ ही, उन्होंने कहा कि आतिथ्य क्षेत्र को समग्र रूप से बढ़ावा देने के अलावा, यह देर रात भोजनालयों में भोजन तथा होटल-रेस्तरां की छत पर भोजन परोसने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। अधिकारियों ने कहा कि समिति हितधारक होटल और रेस्तरां संघों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करेगी। यह कदम राष्ट्रीय राजधानी में 314 प्रतिष्ठानों को चौबीसों घंटे संचालित करने की अनुमति देने के उपराज्यपाल के हालिया फैसले के कुछ दिनों बाद आया है। उन सभी के आवेदन 2016 से लंबित थे। इन प्रतिष्ठानों में ऑनलाइन भोजन और दवा वितरण सेवाएं, केपीओ और बीपीओ से रसद, परिवहन और यात्रा सेवाएं शामिल हैं।

### नोएडा में खुला ...

यहां नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना तीनों विकास प्राधिकरण हैं, जो आईटी का प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में डिजिटल युग की शुरुआत हुई। अब इसे तेजी से बढ़ाया जा रहा है। डाटा क्षेत्र में निवेश के लिए समझौते पर उप्र सरकार के आईएसएस आईआईडीसी और एसीएस अरविंद कुमार, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विकास प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी और यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) के एमडी और आईएएस अक्षय त्रिपाठी ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर योट्टा इन्फ्रास्ट्रक्चर के सह-संस्थापक और चेयरमैन दर्शन हीरानंदानी ने कहा कि भारत 2025 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था में एक ट्रिलियन डॉलर तक का योगदान देने को तैयार है। योट्टा इन्फ्रास्ट्रक्चर उत्तर प्रदेश में अगले पांच से सात वर्षों के दौरान डेटा सेंटर कारोबार में 39,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इस संबंध में उप्र सरकार के साथ समझौता हुआ है। यह निवेश डेटा सेंटर परिसर के निर्माण, आईटी उपकरणों और अन्य हार्डवेयर को खरीदने के लिए किया जाएगा। पहली इमारत योट्टा डी-1 बन चुकी है। योट्टा इन्फ्रास्ट्रक्चर के सह-संस्थापक और सीईओ सुनील गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक डेटा सेंटर पर 6,500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। निवेश प्रतिबद्धता छह डेटा सेंटर के लिए है। हमने पहले ही डी2 और डी3 के लिए काम शुरू कर दिया है, जो 12-15 महीनों में तैयार हो जाएगा।

### आईटीबीपी के याक...

उप महानिरीक्षक (वेटनरी), सुधाकर नटराजन ने पायनियर से बातचीत में कहा, 'ये मेडल हमारे प्रिय जानवरों जिसमें खच्चर, टट्टू और याक शामिल हैं, की मेहनत का नतीजा है। ऊंचे और दुर्गम इलाकों में तैनात हमारे जवानों तक रसद की आपूर्ति बनी रहे, ये इसकी तस्दीक करते है। हमारी पशु परिवहन ईकाई इनकी अच्छी तरह से देखभाल करती है। आईटीबीपी के करीब 98,000 जवान 3,488 किमी लंबे एलएसी की सुरक्षा केअलावा आतंरिक और विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों की भी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालती है।

### पर्थ में विराट के कमरे...

कृपया लोगों की निजता का सम्मान करें और उनके साथ मनोरंजन की वस्तु की तरह व्यवहार नहीं करें। भारतीय टीम क्राउन रिजॉर्ट्स में ठहरी हुई थी और होटल ने बाद में इस घटना में लिप्त लोगों को नौकरी से निकाल दिया और एक माफीनामा भी जारी किया। होटल के बयान के अनुसार, हम इस घटना से काफी निराश हैं। हम इसमें रहने वाले अतिथि से बिना शर्त माफी मांगते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाना जारी रखेंगे कि ऐसी घटना दोबारा नहीं हो। इसमें कहा गया, इस तरह के बर्ताव के लिए कोई ढील नहीं है और हमने अपनी टीम के सदस्यों और ठेकेदारों के लिए जो मानक निर्धारित किए हैं, उसमें इसकी माफी नहीं है। होटल ने कहा, क्राउन ने इस मामले को सुधारने के लिए तुरंत कदम उठाए जिसमें एक जांच शुरू की गई है और इसमें शामिल व्यक्तियों को हटा दिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से तुरंत ही मूल वीडियो को हटा दिया गया है।

किंग कोहली के होटल का कमरा नाम के शीर्षक के इस वीडियो में एक आदमी कोहली की निजी चीजों के बीच कमरे में घूमता दिख रहा है। इस वीडियो में कोहली के हेल्थ सप्लीमेंट , जूते, खुला हुआ सूटकेस दिख रहा है जिसमें उनकी भारत की जर्सी, कैप और मेज पर पड़ा चश्मा शामिल है। ऐसा प्रतीत होता है कि जब वीडियो शूट किया गया तब एक से अधिक व्यक्ति कमरे के अंदर थे और वे संभवत: होटल स्टाफ के सदस्य थे। भारतीय टीम के सदस्य सोमवार को पर्थ से एडीलेड के लिए रवाना हुए जहां उन्हें बुधवार को बांग्लादेश से भिड़ना है। भारत को मौजूदा टी20 विश्व कप में पहली हार का सामना करना पड़ा जब उसे रविवार को दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट से शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भी इस घटना पर गुस्सा जाहिर किया है। वार्नर ने कोहली की पोस्ट पर टिप्पणी की, यह हास्यास्पद है, पूरी तरह से अस्वीकार्य है। कोहली की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने निजता का अनादर करने वाले लोगों पर निशाना साधा। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कुछ घटनाओं का अनुभव किया है जहां प्रशंसकों ने अतीत में कोई संवेदना नहीं दिखाई लेकिन यह सबसे बुरा है। मनुष्य का पूर्ण अपमान। अगर कोई सोचता है कि आप सेलिब्रिटी हो तो इस तरह की चीजों से निपटना पड़ेगा तो आप भी समस्या का हिस्सा हैं। उन्होंने लिखा, कुछ आत्म नियंत्रण से हर किसी को मदद मिलती है। साथ ही अगर आपके बेडरूम में ऐसा हो रहा है तो फिर हद कहां है। इस साल जनवरी में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान प्रसारणकर्ता द्वारा बेटी वामिका की तस्वीरें दिखाए जाने के बाद विराट और अनुष्का ने मीडिया से अनुरोध किया था कि इन तस्वीरों को प्रकाशित नहीं करें।

### लुला डी सिल्वा की...

यह लोकतंत्र के विजय होने का प्रतीक है। सिल्वा अपनी वामपंथी वर्कर्स पार्टी से सत्ता की कमान संभालने का वादा कर रहे हैं। वह मध्यमार्गी और यहां तक कि दक्षिणपंथी लोगों को भी एकसाथ लाना चाहते हैं जिन्होंने पहली बार उन्हें अपना मत दिया है। देश में समृद्धि बहाली के वादे को पूरा करना चाहते हैं, फिर भी उन्हें राजनीतिक रूप से ध्रुवीकृत समाज में विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा, जहां आर्थिक विकास धीमा हो रहा है और मुद्रास्फीति बढ़ रही है। ब्राजील की 1985 की लोकतंत्र में वापसी के बाद यह पहली है कि निवर्तमान राष्ट्रपति दोबारा चुनाव जीतने में विफल रहे हैं ।

# टीएमसी न्यायपालिका का रत्ती भर सम्मान नहीं करती है : रीजीजू

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** विधि मंत्री किरेन रीजीजू ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कानून के शासन के बजाय तृणमूल के कानून का शासन लागू है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने रविवार को एक कार्यक्रम में न्यायपालिका और विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं से लोकतंत्र बचाने का आह्वान करते हुए कहा था कि कुछ लोग सभी लोकतांत्रिक शक्तियों का दमन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा था कि यही चलन जारी रहा तो एक दिन आएगा जब देश में राष्ट्रपति शासन लगेगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नाम लिए बिना उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इसके पीछे सत्तारूढ़ पार्टी है। ममता ने वेस्ट बंगाल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरीडिकल साइंसेज (एनयूजेएस) के दीक्षांत समारोह में यह बात कही। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित भी इस अवसर पर उपस्थित थे।रीजीजू ने ट्वीट किया, ममता दीदी पश्चिम बंगाल का सच बता रही थीं, क्योंकि तृणमूल न्यायपालिका का रत्ती भर सम्मान करती है और न्यायाधीशों के लिए उनके मन में कोई सम्मान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में कानून के शासन के बजाय तृणमूल के कानून का शासन लागू किया है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र दम तोड़ रहा है।

मुख्यमंत्री बनर्जी की कई मौकों पर राज्य व केंद्र सरकार की शक्तियों को लेकर केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के साथ टकराव की स्थिति रही है। ममता ने दावा किया था कि लोगों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि उनका मानना है कि न्यायपालिका को उनके तारणहार के रूप में काम करना होगा।

## मिली की शूटिंग ने मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालाः जान्हवी

भाषा। मुंबई

**अभिनेत्री** जान्हवी कपूर ने कहा है कि मिली फिल्म की शूटिंग के दौरान लंबे वक्त तक फ्रीजर में बंद रहने से न सिर्फ उनके शरीर पर असर पड़ा बल्कि इसने उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित किया है। मिली फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। यह फिल्म नर्सिंग स्नातक मिली नौडियाल पर आधारित है जो एक फ्रीजर में फंसने के बाद जिंदा रहने के लिए संघर्ष करती है। यह भूमिका कपूर ने निभाई है। फिल्म मथुकुट्टी जेवियर की मलयाली भाषा में बनी फिल्म का हिंदी रीमेक है। जेवियर ने ही हिंदी रीमेक का भी निर्देशन किया है। कपूर ने कहा, मुझे याद है कि फिल्म ने मेरे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया। मैं शूटिंग पूरी करने के बाद जब घर लौटती थी और सोने जाती थी तो मुझे सपने में यह दिखता था कि मैं फ्रीजर में हूं।



प्रयागराज में यमुना नदी के घाट पर छठ पूजा करते श्रद्धालु



मोरबी में पुल हादसे में घायल से मिलकर हालचाल लेते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल

# नीतीश ने साधा चिराग पासवान और भाजपा पर निशाना

भाषा। पटना

**● चिराग के भाजपा का प्रचार करने पर नीतीश ने कहा- भाजपा को लेकर कही गई बातें सही साबित हुईं**

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान के प्रदेश की दो विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने के निर्णय को लेकर भगवा पार्टी पर जमकर निशाना साधा। नीतीश ने कहा, भाजपा के बारे में कही गई हमारी बातें सही साबित हुईं। नीतीश ने सोमवार को पूछा कि हम लोगों के खिलाफ वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान जो उम्मीदवार खड़े किए गए थे, वह किसने किए थे। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान चिराग पासवान के निर्णय के बारे में पूछे जाने पर नीतीश ने यह सवाल किया। नीतीश ने पिछले अगस्त महीने में भगवा पार्टी से नाता तोड़कर सात दलों के महागठबंधन के साथ बिहार में नई सरकार बना ली थी। चिराग पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू यह आरोप लगाती रही है कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा चिराग मॉडल का इस्तेमाल इसे कमजोर करने के लिए किया गया। चिराग ने अविभाजित लोजपा के अध्यक्ष के रूप में वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश के नेतृत्व को अस्वीकार करते हुए जदयू के विरोध में अपने उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा था जिनमें से कई भाजपा के बागी थे। चिराग जो अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान द्वारा स्थापित लोक जनशक्ति पार्टी के एक अलग समूह के अब प्रमुख हैं, ने रविवार को कहा था कि वह मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट जहां तीन नवंबर को मतदान होना है, से भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। नीतीश ने चिराग के बारे में कहा, उनके दिवंगत पिता रामविलास पासवान जी को मैंने काफी सम्मान दिया। शुरू से ही मैंने उनका समर्थन भी किया था। वे अब नहीं रहे, यह बहुत दु:खद है। उन्होंने कहा कि भाजपा को छोड़कर हमलोग वापस अपनी पुरानी जगह पर आ गए हैं और अब उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव को आगे बढ़ाना है। मोकामा और गोपालगंज में उपचुनाव के परिणाम को लेकर किए गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता मालिक है, लेकिन हम लोगों को जो वहां के लोगों ने बताया है उसके अनुसार दोनों (मोकामा और गोपालगंज) विधानसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार जीतने जा रहे हैं। हमारी बात सभी से होती रहती है। नीतीश ने कहा कि तबीयत खराब होने की वजह से वह चुनाव प्रचार में नहीं जा रहे हैं। गुजरात के मोरबी में मच्छु नदी पर बने केबल पुल के टूटने के कारण हुए हादसे से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दु:खद है, पुल पुराना ब्रिज था जिसको ठीक किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार को देखना चाहिए था कि पुल कैसे बना है?

### नीतीश भले ही उपचुनावों में प्रचार नहीं कर रहे हों, लेकिन हमारे साथ उनका आशीर्वाद है: तेजस्वी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने विधानसभा की दो सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार के लिए नहीं जा सकने से उत्पन्न गलतफहमी को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने सोमवार को कहा कि भले ही उपचुनावों के लिए नीतीश प्रचार नहीं कर रहे हों, लेकिन हमारे साथ उनका आशीर्वाद है। राजद के राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले तेजस्वी ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुख्यमंत्री चोट के कारण प्रचार के लिए नहीं जा सके, हालांकि उनकी पार्टी जदयू मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव में राजद की मदद कर रही है। तेजस्वी ने कहा, नीतीश कुमार जी महागठबंधन के नेता हैं और राजद के दोनों उम्मीदवार गठबंधन की ओर से मैदान में हैं। वह भले ही शारीरिक रूप से उनके संपर्क में न हों, लेकिन उनका संदेश उन तक पहुंचता रहता है। तेजस्वी भाजपा के उस दावे के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे जिसमें कहा गया है कि नीतीश प्रचार से दूर रह रहे हैं, क्योंकि वह महागठबंधन में असहज हो गए हैं। एक पखवाड़े पहले गंगा नदी पर बने एक पुल के खंभे से स्टीमर के दौरान उसमें सवार मुख्यमंत्री चोटिल हो गए थे।

# कांग्रेस में खींचतानः पायलट के वफादार विधायक ने गहलोत के करीबी राठौड़ पर निशाना साधा

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** में सत्तारूढ़ कांग्रेस में आंतरिक विवाद समाप्त होता नहीं दिखाई दे रहा है। सचिन पायलट के वफादार विधायक रामनिवास गावड़िया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी सहयोगी और राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ पर रविवार को बिना बताए विधायक के निर्वाचन क्षेत्र की यात्रा को लेकर उन पर निशाना साधा है। उन्होंने (गावड़िया ने) राठौड़ पर स्थानीय भाजपा नेताओं की मिलीभगत से अपने निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी को कमजोर करने का भी आरोप लगाया। दूसरी ओर, राठौड़ ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही थे और यह सार्वजनिक है कि किसने पार्टी को नुकसान पहुंचाया था। आरटीडीसी अध्यक्ष के नागौर जिले के परबतसर में सचिन पायलट के वफादार कांग्रेस विधायक रामनिवास गावड़िया के निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर थे और वहां एक पुरस्कार समारोह सहित कुछ कार्यक्रमों में शामिल हुए, जिसमें भाजपा के एक पूर्व विधायक ने भी भाग लिया। गावड़िया कांग्रेस के उन विधायकों में से एक थे जिन्होंने जुलाई 2020 में राजस्थान में सियासी संकट में सचिन पायलट के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह किया था। बिना बताए राठौड़ के दौरे पर सवाल उठाते हुए गावड़िया ने कहा कि राठौड़ भाजपा के साथ सांठगांठ कर पार्टी को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राठौड़ कोई जननेता नहीं हैं और वह जहां भी जा रहे हैं पार्टी को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले को पार्टी आलाकमान तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने एक वीडियो में कहा धर्मेंद्र राठौड़ परबतसर आए और भाजपा कार्यकर्ता उनका नेतृत्व कर रहे थे। वह भाजपा के लोगों के साथ घूमते रहे। इस मामले को पार्टी आलाकमान तक ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र राठौड़ कोई जननेता नहीं हैं, वह चापलूसी से अध्यक्ष बने हैं और एक कागजी नेता हैं। जब आरटीडीसी अध्यक्ष से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि यह पहले से ही सार्वजनिक है कि किसने भाजपा के साथ मिलकर पार्टी को नुकसान पहुंचाने का काम किया था।राठौड़ ने सचिन पायलट और उनके वफादार विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि हर कोई जानता है कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को कितना नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि वे भाजपा की गोद में बैठ गए और अशोक गहलोत सरकार को गिराने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस का सच्चा सिपाही हूं और रहूंगा। भाजपा नेता के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने के आरोप पर उन्होंने कहा कि यह राजपूत समुदाय का कार्यक्रम है और ऐसे कार्यक्रम पार्टी से परे होते हैं। वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गावड़िया के बयान के बारे में पूछे जाने पर कहा कि सभी को मर्यादा में रहकर वही काम करना चाहिए जो कांग्रेस की रीति-नीति एवं संस्कार में है। हाल ही में सितंबर माह में राज्य में एक राजनीतिक संकट पैदा हो गया था, जब गहलोत के वफादार विधायकों ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग नहीं लिया और गहलोत के स्थान पर सचिन पायलट को नए मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करने के पार्टी के किसी भी कदम के खिलाफ आगाह करते हुए विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंप दिया था। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिला तो मुख्यमंत्री पद के लिए गहलोत और पायलट आमने-सामने थे। पार्टी आलाकमान ने गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया और पायलट को उपमुख्यमंत्री पद दिया गया। लेकिन विधायक गावड़िया सहित 18 अन्य विधायकों ने पायलट के नेतृत्व में जुलाई 2020 में गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था।

## प्रभावशाली मुसलमानों में शामिल हुए हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक

**श्रीनगर।** हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष और इस्लामी विद्वान मीरवाइज उमर फारूक, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के साथ वैश्विक स्तर के 500 सबसे प्रभावशाली मुसलमानों की सूची में शामिल हैं। हुर्रियत ने एक बयान में कहा कि वार्षिक सूची जॉर्डन स्थित रॉयल इस्लामिक स्ट्रेटेजिक स्टडीज सेंटर (आरआईएसएससी) ने जॉर्ज टाउन विश्वविद्यालय के सहयोग से जारी की थी और यह सोमवार को प्रकाशित की गई।सऊदी अरब के बादशाह सलमान, ईरान के अयातुल्ला खामेनेई और जॉर्डन के बादशाह अब्दुल्ला का नाम भी इस सूची में शामिल है।बयान के अनुसार, आरआईएसएससी-जॉर्डन ने उनके बारे में कहा, वह (फारूक) भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ बातचीत की वकालत कर रहे हैं ताकि कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं को साकार किया जा सके।

# दीपावली पर सामाजिक उद्यमी संजय शेरपुरिया ने गाजीपुर के पशुपालकों को दिया बड़ा तोहफा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**नेशनल** डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट एनडीआरआई और पूर्वांचल के नामांकित संस्थान युथ रूरल एंटर प्रेन्योर फाउंडेशन के बीच सरदार पटेल जन्मजयंती के शुभ दिन पर एक एमओयू साइन हुआ । इस करार के मुताबिक गाजीपुर के पशुपालकों को अब अच्छे नस्ल के गाय, भैंस, बकरी जैसे पशुओं को पाने के लिए एवं अपने पशुओं को अच्छे तरीके से पालन करने के लिए एनडीआरआई के द्वारा प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस मौके पर एनडीआरआई के निदेशक धीर सिंह और यूथ रूरल एंटर प्रेन्योर फाउंडेशन के मुख्य मार्गदर्शक संजय शेरपुरिया के बीच करनाल स्थित संस्थान पर लंबी चर्चा हुई । गाजीपुर के किसानों को आने वाले दिनों में दूध उत्पादन से और भी ज्यादा फायदा मिले उसके लिए एक व्यूह रचना तैयार की गई और तुरंत ही इस योजनाओं को अमल में लाने का फैसला किया गया । इस अवसर पर फाउंडेशन के निदेशक अरुण कुमार सिंह, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर इंदुप्रकाश सिंह, एवं डेयरी उद्योग के जाने माने कंसलटेंट विवेक सक्सेना भी उपस्थित रहे ।



जालंधर में खेतों में फसल के जलते अवशेष

# नाबालिग के यौन शोषण के दोषी मौलाना को सजा

भाषा। मुंबई

**● मुंबई की एक विशेष अदालत ने सुनाई मौलाना को बीस साल की सजा**

**एक** विशेष अदालत ने यहां आठ वर्षीय छात्रा के यौन शोषण के आरोपी मौलाना को दोषी ठहराते हुए कहा कि शिक्षक से संरक्षक के तौर पर काम करने की उम्मीद की जाती है। पीड़ित छात्रा आरोपी मौलाना के घर कुरान पढ़ने जाती थी। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई के लिए नामित विशेष न्यायाधीश सीमा जाधव ने 20 अक्टूबर को आरोपी को दोषी ठहराया और उसे 20 साल कैद की सजा सुनाई।

अदालत ने आरोपी की इस दलील को भी मानने से इनकार कर दिया कि उसे धार्मिक दुश्मनी के कारण मामले में झूठा फंसाया गया था। आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 एबी (12 साल से कम उम्र की लड़की पर यौन हमला) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत दोषी पाया गया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा, पीड़िता आठ साल की बच्ची है। आरोपी कोई साधारण आदमी नहीं बल्कि शिक्षक था। अन्य व्यवसायों को प्रभावित करने वाला एकमात्र पेशा शिक्षण है। इसमें भावी पीढ़ियों के लाभ के लिए युवाओं के भविष्य को प्रभावित करने की शक्ति है।

अदालत ने कहा, शिक्षक से संरक्षक के रूप में कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। आरोपी के इस तरह के जघन्य कृत्यों का पीड़ित पर आजीवन मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक प्रभाव रहेगा। उसने (आरोपी ने) आठ साल की छोटी बच्ची को शिकार बनाया है और उसके जीवन पर एक स्थाई दुष्प्रभाव छोड़ा है।

अदालत ने आगे कहा कि आरोपी ने अपराध तब किया था जब बच्ची ने अभी-अभी समझना और अपना जीवन जीना शुरू किया था। उसने कहा, भरोसे के आदमी द्वारा इस तरह का अपराध बच्चे के जीवन को सकारात्मक रूप से देखने के नजरिए को बदल देता है। इसलिए, आरोपी किसी भी रियायत का हकदार नहीं है। अदालत ने अपने फैसले में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कोफी अन्नान के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा शायद सबसे शर्मनाक मानवाधिकार उल्लंघन है, और यह शायद सबसे व्यापक है। इसकी कोई भौगोलिक, सांस्कृतिक या आर्थिक सीमा नहीं है। यह जब तक जारी रहेगा, हम समानता, विकास और शांति की दिशा में वास्तविक प्रगति करने का दावा नहीं कर सकते।

शिकायत के अनुसार पीड़िता का परिवार और आरोपी उपनगर कुर्ला में एक ही इमारत में रहते थे। पीड़िता रोज आरोपी के घर अरबी में कुरान पढ़ने जाती थी। शकायत के मुताबिक, छह मई 2019 को, जब पीड़िता पढ़ने के लिए गई थी, तो आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया और उसे इस बारे में किसी से बात करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। घर लौटने पर बच्ची ने बाद में अपनी मां को इस बारे में बताया जिसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आरोपी ने दावा किया था कि यह धार्मिक दुश्मनी के कारण पीड़ित परिवार द्वारा दायर किया गया एक झूठा मामला था, क्योंकि वे सुन्नी संप्रदाय से संबंधित हैं जबकि वह देवबंदी संप्रदाय से है। उसने आगे आरोप लगाया कि पीड़िता और उसके परिवार के सदस्य बांग्लादेश से अवैध अप्रवासी थे।अदालत ने हालांकि आरोपी के इन तर्कों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि पीड़िता का जन्म पश्चिम बंगाल में हुआ था।

# रूस ने यूक्रेन के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों पर ताबड़तोड़ हमले किए

भाषा। कीव

**रूस ने** यूक्रेन में कीव, खारकीव और अन्य प्रमुख शहरों के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को निशाना बनाकर सोमवार को सुबह ताबड़तोड़ हमले किए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों के कारण यूक्रेन के इन शहरों में पानी और बिजली की आपूर्ति बाधित हुई है। रूस के इन हमलों को यूक्रेन द्वारा कथित तौर पर इस सप्ताहांत काला सागर में रूसी बेड़े पर किए गए ड्रोन हमले को लेकर जवाबी कार्वाई के रूप में देखा जा रहा है। यूक्रेन ने इन हमलों के आरोपों से इनकार किया है। यूक्रेन की राजधानी कीव के कई हिस्सों में तड़के धमाकों की तेज आवाजें सुनी गईं। सुबह-सुबह अपने काम पर जाने की तैयारी कर रहे कई लोगों को आपातकालीन विभाग की ओर से मिसाइल हमलों के बारे में चेतावनी वाले संदेश मिले। शहर में इस दौरान करीब तीन घंटे तक हवाई हमलों के खतरे के सायरन बजते रहे। कीव के मेयर वितोली कलितस्चको ने बताया कि हमलों के कारण यूक्रेन की राजधानी के एक हिस्से में बिजली व पानी की आपूर्ति ठप है। उन्होंने कहा कि कीव में रहने वाले करीब 80 प्रतिशत लोगों को पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। लोगों को निकटतम पंप रूम और बिक्री केंद्रों से पानी खरीद कर भंडारण करने के लिए कहा गया है। कलितस्चको ने कहा कि शहर के करीब साढ़े तीन लाख घरों में बिजली की आपूर्ति करने वाले संयंत्र को ठीक करने के लिए स्थानीय अधिकारी जुटे हुए हैं। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि कीव के कुछ इलाकों में तीन से चार घंटों के भीतर पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। यूक्रेन के प्रति समर्थन जताने के लिए चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फिआला, विदेश, रक्षा और आंतरिक मंत्रियों सहित उनकी सरकार के कई शीर्ष अधिकारियों के कीव पहुंचने से ठीक पहले यह हमले हुए। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि लड़ाई के दौरान रूस द्वारा आम नागरिकों को निशाना बनाकर ऐसे मिसाइल हमले करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, इन हमलों को प्रतिक्रिया कहकर उचित न ठहराएं। रूस ऐसा इसलिए करता है क्योंकि उसके पास अभी भी मिसाइलें हैं और वह यूक्रेन के लोगों को मारने की इच्छाशक्ति रखता है। कीव के उत्तर में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया गया है। नीपर नदी के बाएं किनारे वाले इलाके से धुआं उठ रहा था। इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि उसने चार जोरदार धमाकों की आवाज सुनी जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सेरही ने कहा, पहले तो मुझे लगा कि मैंने एक जेट विमान को गुजरते हुए सुना है, लेकिन फिर मुझे एहसास हुआ कि यह एक मिसाइल थी। सेरही ने अपना पूरा नाम बताने से इनकार कर दिया। अधिकारियों ने जापोरिज्जिया में भी हमलों की वजह से बिजली आपूर्ति ठप होने की आशंका जताई है। कीव के दक्षिण-पूर्व में चर्कासी क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर भी हमले किए गए। यूक्रेन के अन्य क्षेत्रों में भी विस्फोट होने की सूचना मिली थी।

## चीन ने प्रशांत क्षेत्रीय सहायता दो कूटनीतिक सहयोगियों पर केंद्रित रखीः रिपोर्ट

भाषा। कैनबरा

**चीन ने** अपनी प्रशांत क्षेत्रीय सहायता को अपने नए कूटनीतिक सहयोगियों सोलोमन द्वीपसमूह और किरिबाती पर केंद्रित रखा, जबकि पूरे क्षेत्र में चीनी वित्तीय सहायता में गिरावट जारी रही। लोवी इंस्टीट्यूट ने सोमवार को क्षेत्रीय सहायता के अपने नवीनतम वार्षिक विश्लेषण में यह सूचना दी। चीन की प्रशांत क्षेत्र को सहायता 2016 में 28.7 करोड़ डॉलर से गिरकर 2020 में 18.7 करोड़ डॉलर पहुंच गई जो 2008 के बाद से सबसे निम्न स्तर पर है। सिडनी स्थित अंतरराष्ट्रीय नीति थिंकटैंक ने 2008 में प्रशांत क्षेत्र में विकासशील द्वीपीय देशों के लिए सहायता का आकलन करना शुरू कर दिया था। लोवी की पैसिफिक ऐड मैप रिपोर्ट के अनुसार इसी समय, महामारी से रक्षा के उपायों ने 2020 में प्रशांत क्षेत्रीय सहायता को रिकॉर्ड 4.25 अरब डॉलर तक पहुंचा दिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक है।

# फिलीपीन में भीषण तूफान में 100 से अधिक लोगों की मौत

भाषा। मनीला

**फिलीपीन** में इस साल के सबसे भीषण तूफान में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जान गंवाने वाले 105 लोगों में से कम से कम 53 लोगों की जान बाढ़ व भूस्खलन के कारण हुई घटनाओं में गई। ए लोग मुस्लिम स्वायत्त क्षेत्र के मैगुइन्डानाओ के थे। तूफान से द्वीपसमूह के एक बड़े हिस्से में तबाही मच गई थी। हालांकि रविवार को तूफान देश के बाहर दक्षिण चीन सागर में पहुंच गया। सरकार की प्रमुख आपदा प्रतिक्रिया एजेंसी के अनुसार, कम से कम 69 लोग घायल हैं और 63 अन्य लापता हैं। तूफान से करीब 19 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं जिसमें 975,000 से अधिक ग्रामीण शामिल थे। ए लोग अभी आश्रय स्थलों या अपने रिश्तेदारों के घरों में रह रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ के पानी से 4,100 से अधिक मकान और 16,260 हेक्टेयर (40,180 एकड़) धान और अन्य फसलें क्षतिग्रस्त हो गईं।



## इथियोपिया के टिग्रे संघर्ष पर शांति वार्ता आगे बढ़ाई गई

भाषा। नैरोबी

**इथियोपिया** के टिग्रे संघर्ष पर संघर्षरत पक्षों के बीच शांति वार्ता सोमवार तक बढ़ा दी गई। बैठक से अवगत एक अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि इथियोपिया की संघीय सरकार और उत्तरी टिग्रे क्षेत्र के प्रतिनिधियों के बीच दक्षिण अफ्रीका में वार्ता अभी भी जारी है। अफ्रीकी संघ के नेतृत्व वाली वार्ता में संघर्ष समाप्त करने की मांग हो रही है। अमेरिका का दावा है कि इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं। औपचारिक रूप से पहली शांति वार्ता पिछले सप्ताह शुरू हुई थी और दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने कहा था कि यह रविवार को समाप्त होगी। हालांकि, संघर्षरत पक्षों के प्रतिनिधियों ने सवालों के जवाब नहीं दिए हैं। इथियोपियाई के संघर्ष में पड़ोसी देश इरिट्रिया की सेना भी हिस्सा ले रही है लेकिन वह इस वार्ता में शामिल नहीं है।



दक्षिण कोरिया के प्रधान मंत्री हान डकसूए बाएं से दूसरे शनिवार की रात हैलोवीन उत्सव के बाद एक घातक दुर्घटना के पीड़ितों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए

# पाकिस्तानः मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ 10 अरब का मानहानि का मुकदमा करेंगे इमरान

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को निशाना बनाया और कहा कि उन्हें (खान को) अयोग्य घोषित कर उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने को लेकर उनके खिलाफ वह 10 अरब रुपए का मानहानि का एक मुकदमा करेंगे।

अपदस्थ प्रधानमंत्री ने अपने लॉंग मार्च के चौथे दिन की शुरूआत पर समर्थकों को संबोधित करते हुए यह कहा। खान ने ऐलान किया कि उनका मकसद इस्लामाबाद तक मार्च कर हकीकी आजादी (असली आजादी) हासिल करना है, जो तभी संभव होगा जब स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव शीघ्र कराए जाएंगे। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) की पांच सदस्ईय एक समिति ने खान(70) को इस महीने की शुरूआत में मौजूदा नेशनल असेंबली की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया था। समिति के अध्यक्ष सिकंदर सुलतान रजा हैं जो देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं। खान ने कामोनकी में अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, सिकंदर सुल्तान, मैं आपको अदालत ले जाऊंगा...ताकि भविष्य में आप किसी के निर्देश पर किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान नहीं पहुंचाएं। तोशाखाना और निषिद्ध फंडिंग मामले में उनके खिलाफ ईसीपी के फैसले मौजूदा सरकार के निर्देश पर दिए गए। उन्होंने कहा, आप (सिकंदर) चोरों के दोस्त हैं और कार्वाई की जाएगी।

### इमरान खान के कंटेनर की चपेट में आकर महिला पत्रकार की मौत, पूर्व प्रधानमंत्री शोक जताने पहुंचे घर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सोमवार को मृत पत्रकार सदफ नईम के घर पहुंचे और उनके परिजनो के प्रति संवेदना व्यक्त की। इससे एक दिन पहले नईम की कथित तौर पर खान के वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। चैनल 5 की तरफ से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के हकीकी आजादी मार्च को कवर कर रही पत्रकार नईम की मौत रविवार को साधोक के पास हुई थी।संबंधित चैनल के मुताबिक, उसकी संवाददाता उस कंटेनर से कंटेनर से कुचली गईं जिसमे खान सफर कर रहे थे। डान अखबार की खबर के अनुसार, मीडिया घराने ने कहा कि नईम कंटेनर से गिर गईं और इसके नीचे आ गईं। हालांकि मौके पर मौजूद डॉन की वेबसाइट के संवाददाता की खबर के मुताबिक, वह कंटेनर पर चढ़ने की कोशिश के दौरान फिसल गईं। इस घटना के चलते पीटीआई ने रविवार की अपनी गतिविधियो को रोक दिया था। खान ने समर्थकों से संक्षिप्त संबोधन में कहा, एक दुर्घटना के कारण हम बेहद दुख के साथ आज का मार्च समाप्त कर रहे है।

## जलवायु सम्मेलन में शामिल नहीं होने के सुनक के फैसले की हो रही आलोचना

भाषा। लंदन

**मिस्र में** होने वाले आगामी जलवायु शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होने के ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के फैसले और सरकार द्वारा महाराजा चार्ल्स तृतीय को इसमें शामिल होने से रोकने की दुनिया भर में कई लोगों ने आलोचना की है। आलोचकों का आरोप है कि सुनक जलवायु संकट से निपटने के संबंध में ब्रिटेन की प्रतिबद्धता से अपने हाथ पीछे खींच रहे हैं। जलवायु शिखर सम्मेलन (सीओपी27) मिस्र के शर्म अल-शेख में छह नवंबर से 18 नवंबर के बीच आयोजित होगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने पिछले हफ्ते एक बयान में कहा था कि विभिन्न प्रतिबद्धताओं के कारण प्रधानमंत्री सुनक के मिस्र में आयोजित जलवायु शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद नहीं है।बयान में कहा गया था कि ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व अन्य वरिष्ठ मंत्रियों द्वारा किया जाएगा ।

# युगांडा में भारतीय व्यापारी की गोली मारकर हत्याः खबर

भाषा। जोहानिसबर्ग

युगांडा के किसोरो कस्बे में एक पुलिस कांस्टेबल ने 24 वर्षीय भारतीय कारोबारी की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान कुंतज पटेल के रूप में की गई है। डेली मॉनिटर अखबार की खबर के अनुसार, फील्ड फोर्स यूनिट (एफएफयू) के पुलिस कांस्टेबल इलियोडा गुमिजामू (21) पर हत्या का आरोप दर्ज किया गया है। 27 अक्टूबर को जब वह अपराध स्थल से भागने की कोशिश रहा था तभी उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

## सिंगापुर में भारतीय मूल का मलेशियाई शख्स मादक पदार्थ मामले में बरी, मृत्युदंड से बचा

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के 39 वर्षीय एक मलेशियाई को सिंगापुर की अपीली अदालत ने सोमवार को मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में बरी करते हुए कहा कि अभियोजन अपने मामले को साबित नहीं कर पाया। मामले में शख्स को मई 2020 में मृत्युदंड दिया गया था। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार सिंगापुर की शीर्ष अदालत ने अक्टूबर 2011 में हुए यहां एक कार पार्किंग में मादक पदार्थों की तस्करी के एक मामले में पुनीथन गनासन को बरी कर दिया। मई 2020 में गनासन को मौत की सजा सुनाई गई थी, जो सिंगापुर में कोविड-19 महामारी के दौरान दी गई पहली मौत की सजा थी। गनासन पर तब मामला शुरू किया गया जब मादक पदार्थ पहुंचाने वालों में से एक ने आरोप लगाया था कि गनासन मादक पदार्थ लेन-देन का मास्टरमाइंड था, जिसके लिए ड्रग पहुंचाने वालों को 28 अक्टूबर, 2011 को सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

## चीन में विनिर्माण कमजोर हुआ, अर्थव्यवस्था में गिरावट की आशंका बढ़ी

**बीजिंग।** चीन मे अक्टूबर के दौरान विनिर्माण क्षेत्र मे कमजोरी देखने को मिली, जिसके चलते अर्थव्यवस्था मे गिरावट की आशंका बढ़ गई है। चीन के सरकारी सांख्यिकी ब्यूरो और एक आधिकारिक उद्योग समूह के अनुसार मासिक क्रय प्रबंधकों का सूचकांक अक्टूबर मे घटकर 49.2 रह गया, जो सितंबर मे 50.1 था। इस सूचकांक मे 50 से कम अंक का अर्थ संकुचन है। इन आंकड़ों के मुताबिक नए ठेकों और रोजगार मे गिरावट आई है। इससे पहले आशंका जताई गई थी कि 2022 के अंत मे आर्थिक वृद्धि कमजोर हो जाएगा, क्योंकि वैश्विक मांग मे कमी के चलते निर्यात प्रभावित होगा। इसके अलावा चीन मे कोविड-19 पर काबू पाने के लिए शहरो मे बार-बार लॉकडाउन लगाया गया। इस वजह से घरेलू बाजार मे उपभोक्ता खर्च मे कमी हुई।

## बिग विंग्स के साथ बात करने का मौका

**मुंबई।** उभरता हुआ देसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म खुल के स्थापना के बाद से ही डिजिटल स्पेस में धूम मचा रहा है। लोकतंत्र मीडियाटेक के संस्थापक और सीईओ पीयूष कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म नेटिज़न्स के लिए एक बार के बिना खुद को व्यक्त करने और खुद को और दूसरों को शिक्षित करने का एक स्थान है। जबकि पूरे भारत के उपयोगकर्ताओं ने नोटिस लेना शुरू कर दिया है, सेलिब्रिटी भी जादू का पता लगाने के लिए खुद को रोक नहीं सकते हैं। सीईओ और संस्थापकए पीयूष कुलश्रेष्ठ ने साझा किया मुझे यह देखकर खुशी होती है कि मशहूर हस्तियां और सामान्य व्यक्ति हमारे मंच पर इतना खुलकर बोलते हैं। विचार साझा करने और इन चर्चाओं में शामिल होने के लिए जीवन के सभी क्षेत्रों के उपयोगकर्ताओं को भी बिग.विंग्स के साथ बात करने का मौका मिला है।

## एयरोफ्लोट मास्को से गोवा के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करेगी

**मुंबई।** रूसी एयरलाइंस एयरोफलोट ने सोमवार को कहा कि वह दो नवंबर से मास्को से गोवा के लिए अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। एयरलाइन इस समय मास्को से दिल्ली के बीच सप्ताह में दो बार अपनी हवाई सेवाएं संचालित करती है। बयान में कहा गया कि एयरोफ्लोट अपने एयरबस ए-330 विमान के साथ हर बुधवार, शनिवार और रविवार को मास्को से गोवा के लिए उड़ान सेवाएं संचालित करेगी।

# सेंसेक्स 787 अंक के उछाल के साथ 60,000 अंक के पार

**● निफ्टी ने लांघा 18,000 का स्तर**

भाषा। मुंबई



**वैश्विक** बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को जोरदार लिवाली से सेंसेक्स 60,000 अंक तथा निफ्टी 18,000 अंक के पार निकल गया। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में गिरावट और इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी केंद्रीय बैंक की तरफ से ब्याज दरों में आक्रामक रूप से वृद्धि की आशंका का निवेशकों की धारणा पर असर नहीं पड़ा। बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में भी तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 786.74 अंक यानी 1.31 प्रतिशत की जोरदार बढ़त के साथ 60,746.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 826.85 अंक तक उछल गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 225.40 अंक यानी 1.27 प्रतिशत की बढ़त लेकर 18,012.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर में सबसे अधिक 4.18 प्रतिशत का उछाल आया। साथ ही महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ डॉ रेड्डीज, एनटीपीसी और इंडसइंड बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध प्रमुख (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा, निवेशक इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कम वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, जबकि पहले दरों में आक्रामक रूप से वृद्धि का अनुमान लगा रहे थे। इस उम्मीद ने तेज उछाल को हवा दी है, जिसने दोनों मानक सूचकांक को मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर पंहुचा दिया है। उन्होंने कहा, विदेशी निवेशक स्थानीय शेयरों में नए सिरे से निवेश कर रहे हैं। इससे निवेशकों की धारणा को बल मिला है। हालांकि, अगर फेडरल रिजर्व कोई कठोर रुख अपनाता है, तो बाजार में निकट अवधि में गिरावट आ सकती है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वॉल स्ट्रीट में उछाल का असर घरेलू बाजार में दिखाई दे रहा है। स्थानीय बाजार में चीन के कमजोर कारखाना आंकड़ों के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी बाजार को समर्थन मिला है। इसके अलावा बीएसई मिडकैप 1.24 प्रतिशत तथा स्मॉलकैप में 0.45 प्रतिशत की तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को खासी बढ़त के साथ बंद हुए थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95.47 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को l,568.75 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

# यूरोप के 19 देशों में मुद्रास्फीति 10.7 प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

भाषा। फ्रैंकफर्ट

**यूरो** मुद्रा का इस्तेमाल करने वाले 19 यूरोपीय देशों में मुद्रास्फीति अक्टूबर में रिकॉर्ड 10.7 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। प्राकृतिक गैस एवं बिजली की आसमान छूती कीमतों ने अर्थव्यवस्था की रफ्तार को भी धीमा कर दिया है।

यूरोपीय संघ (ईयू) के सांख्यिकी संगठन यूरोस्टैट ने सोमवार को अक्टूबर महीने के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले की तुलना में इस महीने मुद्रास्फीति 10.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसके पहले सितंबर में मुद्रास्फीति 9.9 प्रतिशत रही थी। यह यूरोजोन के लिए 1997 में आंकड़ों का संकलन शुरू होने के बाद मुद्रास्फीति का उच्चतम स्तर है। यूरोपीय संघ के कुल 28 में से 19 देशों में यूरो मुद्रा का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हें सामूहिक तौर पर यूरोजोन कहा जाता है। यूरोस्टैट ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण प्राकृतिक गैस की कीमतों में आए उछाल और बिजली के दाम बढ़ने से मुद्रास्फीति में यह तेजी आई है। ऊर्जा संसाधनों पर व्यय बढ़ने से उपभोक्ताओं का अन्य जरूरी चीजों पर व्यय घट गया है। यूरोस्टैट के मुताबिक, खाद्य उत्पाद, शराब एवं तंबाकू उत्पादों के दाम 13.1 प्रतिशत बढ़े हैं जबकि ऊर्जा संसाधनों की कीमतों में 41.9 प्रतिशत का उछाल आया है। इस बीच कोविड-19 महामारी के दुष्प्रभावों से उबरने की कोशिश में लगी यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 0.2 प्रतिशत की ही वृद्धि दर हासिल की है। इसके पहले अप्रैल-जून तिमाही में वृद्धि दर 0.8 प्रतिशत रही थी। यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने पिछले हफ्ते एक अनुमान में कहा था कि अगले साल मुद्रास्फीति 5.8 प्रतिशत रह सकती है। तीन महीने पहले लगाए गए अनुमान में इसके 3.6 प्रतिशत रहने की बात कही गई थी। यूरोप समेत दुनिया के तमाम हिस्सों में इस साल मुद्रास्फीति का उच्च स्तर देखा जा रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन में भी मुद्रास्फीति ने पिछले 40 वर्षों के सर्वोच्च स्तर को छू लिया है।

## इस साल नई आवासीय इकाइयों की आपूर्ति 44 प्रतिशत बढ़कर 3.4 लाख इकाई पर पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों मे आवासीय परिसंपत्तियों की नई आपूर्ति इस साल 44 प्रतिशत बढ़कर 3.4 लाख इकाई पर पहुंचने की संभावना है। संपत्ति सलाहकार एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से सितंबर के बीच सात प्रमुख शहरों में नई इकाइयों की आपूर्ति 2.65 लाख इकाई पर पहुंच गई। इसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर), मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता जैसे सात शहर शामिल हैं। सलाहकार कंपनी ने कहा कि मौजूदा रुझानों को देखते हुए इन शहरों मे पूरे 2022 कैलेंडर वर्ष के दौरान आपूर्ति बढ़कर 3.4 लाख इकाई से अधिक हो जाएगी।

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Naresh Kumar and Mrs. Sita Pal have acquired the Entire Freehold Plot bearing No. E-21, area measuring 119 sq. yds, Part of Khasra No. 661/2, situated at Village Basai Darapur, Delhi State Delhi, colony known as Sudershan Park Extn., New Delhi-110015 vide Sale deed dated 05.07.2018, Doc no. 7780 and Now, Mr. Naresh Kumar and Mrs. Sita Pal are mortgaging the above said property with IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

## ब्लू टिक के लिए शुल्क लेने की खबरों पर आईटी मंत्री ने कहा, ट्विटर ने पुष्टि नहीं की

भाषा। नई दिल्ली

**ट्विटर द्वारा** सत्यापन के बाद जारी किए जाने वाले बैज ब्लू टिक के लिए प्रति माह 20 अमेरिकी डॉलर का शुल्क लेने की खबरों पर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि माइक्रोब्लॉगिंग मंच ने इसकी पुष्टि नहीं की है। उन्होंने कहा कि इसपर कोई भी टिप्पणी ट्विटर से वास्तविक स्थिति जानने के बाद ही की जा सकती है। यह बात ट्विटर ने नहीं की है। किसी ने इस खबर को चलाया है... इसकी ट्विटर ने पुष्टि नहीं की है। उन्हें जो कहना है, उसे कहने दीजिए और फिर हम टिप्पणी करेंगे... मैं अनुमान के आधार पर हस्तक्षेप नहीं कर सकता। मंत्री से उन खबरों पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया था, जिनके मुताबिक ट्विटर अपने उपयोगकर्ताओं की पहचान की पुष्टि करने वाले प्रतिष्ठित ब्लू टिक मार्क के लिए शुल्क लेने पर विचार कर रहा है।

# अगले साल अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आईएमएफ के अनुमान से बेहतर रहेगी : नागेश्वरन

भाषा। नई दिल्ली

**मुख्य आर्थिक** सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि पूंजी निर्माण गतिविधियां बढ़ने से अगले साल देश की आर्थिक वृद्धि दर अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के अनुमान से कहीं अधिक रहने की उम्मीद है। हाल ही में आईएमएफ ने 2023 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। आईएमएफ ने कहा था कि चालू साल में भारत की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहेगी। नागेश्वरन ने इस संदर्भ में कहा कि उन्हें आने वाले वर्षों में वृद्धि दर इस अनुमान से कहीं अधिक रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक दशक तक सुस्त रहने के बाद भारत का पूंजी निर्माण चक्र आगे बेहतर प्रदर्शन करेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के सार्वजनिक डिजिटल ढांचे ने संभवतः एक विचलन बिंदु को पार कर लिया है और यह देश की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने के साथ ही उच्च वृद्धि में भी योगदान देगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में छह प्रतिशत के बुनियादी आंकड़े में 0.5-0.8 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है। नागेश्वरन ने कहा कि राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति में आमतौर पर एक-दूसरे से तालमेल होता है और दोनों एक-दूसरे को संतुलित करने का भी काम करती हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ऋण के उच्च अनुपात की स्थिति पर मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि इसे टिकाऊ रख पाना चिंता का विषय नहीं है और परिसंपत्ति मौद्रीकरण के साथ इसमें कमी की जा सकती है।

### भारत में पी-नोट्स के जरिए निवेश सितंबर में बढ़कर 87,813 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली।** भारतीय पूंजी बाजार मे पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिए निवेश सितंबर के अंत मे बढ़कर 87,813 करोड़ रुपए हो गया। यह लगातार दूसरा महीना है, जब निवेश मे बढ़ोतरी हुई है। आय और वृद्धि के लिहाज से उभरते बाजारो मे भारत का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहने के कारण यहां पी-नोट्स के जरिए निवेश बढ़ा। पी-नोट्स या भागीदारी पत्र पंजीकृत एफपीआई द्वारा उन विदेशी निवेशको को जारी किए जाते है, जो सीधे खुद को पंजीकृत किए बिना भारतीय शेयर बाजार का हिस्सा बनना चाहते है। हालांकि, उन्हें इसके लिए एक तय जांच-परख की प्रक्रिया से गुजरना होता है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ो के अनुसार, भारतीय बाजारो मे पी-नोट्स के जरिए किए गए निवेश का मूल्य (इक्विटी, ऋण और मिश्रित प्रतिभूतियों को मिलाकर) सितंबर मे 87,813 करोड़ रुपए रहा, जो अगस्त के अंत मे 84,810 करोड़ रुपए था।

## एल्युमीनियम कंपनियों के परिचालन मार्जिन में 12 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान

भाषा। मुंबई

**मजबूत मांग** के बावजूद चालू वित्त वर्ष में एल्युमीनियम विनिर्माताओं का परिचालन मार्जिन l,200 आधार अंक घटकर 22-24 प्रतिशत रहने की आशंका है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका कारण उत्पाद के लिए कम प्राप्ति तथा उत्पादन लागत अधिक होना है। हालांकि, क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि अच्छी घरेलू मांग के कारण एल्युमीनियम कंपनियों को मजबूत परिचालन मुनाफा होना जारी है। क्रिसिल ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादकों का परिचालन मार्जिन चालू वित्तवर्ष में 12 प्रतिशत घटकर 22-24 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पिछले वित्त वर्ष में 36 प्रतिशत पर था जो दशक का उच्चतम स्तर है।

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
**उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 1359 / निविदा / 2022–23 — दिनांक: 31.10.2022

**शुद्धि पत्र**

अपरिहार्य कारणों से इस कार्यालय के पत्रांक– 1305 / निविदा / 2022–23 दिनांक 19.10.2022 से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड रूद्रपुर एवं बाजपुर की 22 पेयजल योजनाओं के निर्माण सम्बन्धी कार्यो हेतु आमंत्रित ई–निविदा(टू–बिड सिस्टम) की तिथियाँ निम्नानुसार विस्तारित की जाती है।

1– ई–निविदा डाउनलोड / अपलोड करने की तिथि दिनांक 31.10.2022 के स्थान पर दिनांक 05.11.2022 के सायं 5:00 बजे से दिनांक 19.11.2022 के सायं 5:00 बजे तक पोर्टल पर अपलोड की जा सकेगी।
2– निविदा से सम्बन्धित धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य, शपथ पत्र, स्टाम्प पेपर आदि के Original documents अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय में जमा करने की तिथि **दिनांक 14.11.2022** तक के स्थान पर **दिनांक 19.11.2022 के सायं 5:00 बजे तक जमा किये जा सकेंगे।**
3– तकनीकी प्री–बिड मीटिंग **दिनांक 07.11.2022** के स्थान पर दिनांक **14.11.2022 को अपरान्ह 3:00 बजे** कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के अधिशासी अभियन्ता कक्ष में आहुत की जायेगी ।
4– तकनीकी बिड **दिनांक 15.11.2022** के स्थान पर **दिनांक 21.11.2022 को प्रातः 11:00** बजे खोली जायेगी।

(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय–जीवन संचय"

# अब भीगी बिल्ली बन गए माफिया: योगी

**हार के लिए अभी से बहाना खोज रही है समाजवादी पार्टी:योगी**

**काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर करेंगे गोला गोकर्णनाथ का विकास**

**छोटी काशी के विकास से आस्था का सम्मान और रोजगार का सृजन होगा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखीमपुर खीरी, लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सोमवार को लखीमपुर खीरी पहुंचे। यहां उन्होंने गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार की कमान संभालते हुए जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत पूर्व विधायक अरविंद गिरी के पुत्र अमन गिरी को जिताने की जनता से अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार हर हाल में गन्ना किसानों की पाई पाई का भुगतान करा के रहेगी। इसमें कोताही या भष्ट्राचार करने वालों का इंतजार जेल की चाहरदीवारियां कर रही हैं। माफिया के खिलाफ गरजते हुए उन्होंने कहा की जो माफिया कभी उत्तर प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक सीना तानकर चलते थे आज भीगी बिल्ली बनकर और दुम दबाकर घूम रहे हैं। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा चुनाव से पहले ही हार के डर से बौखला गयी है। सपा नेता हार के लिए अलग अलग बहाने ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता सोशल मीडिया पर अभी से हार की भाषा बोल रहे हैं। वे पहले ईवीएम को दोषी ठहराते थे, अब कह रहे हैं कि यहां जबरदस्ती चुनाव जीता जा रहा है। मगर चुनाव जबरदस्ती नहीं बल्कि मतदाताओं के आशीर्वाद से जीता जाता है। जो मतदाताओं के उम्मीदों पर खरा उतरेगा वो जीतेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आज बिना किसी भेदभाव के चहुंमुखी विकास हो रहा है। आज यहां मेडिकल कॉलेज बन रहा है। इसके बाद उपचार के लिए जनता को लखनऊ या दिल्ली नहीं जाना होगा। उन्हें यहीं पर स्वास्थ्य की उत्तम व्यवस्था मिलेगी। इसके अलावा मेडिकल की पढ़ाई की शुरुआत होगी। डबल इंजन की सरकार में आज लखीमपुर जिले में गरीबों को आवास, शौचालय, पटरी व्यवसायियों को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा गांवों और मजरों का विद्युतीकरण किया जा रहा है और गरीबों को मुफ्त में बिजली का कनेक्शन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के दौरान अपने देखा होगा कि डबल इंजन सरकार और भाजपा के नेता व कार्यकर्ता जनता की सेवा में कैसे जुटे हुए थे। सरकार की ओर से बिना किसी भेदभाव के फ्री इलाज, फ्री वैक्सीन और राशन की व्यवस्था करायी गयी। अगर सपा की सरकार रहती तो कोई भी अपने घरों से नहीं निकलता। केंद्र सरकार से राशन आता तो ये लोग उसे पूरा डकार जाते। उन्होंने कहा कि पहले यहां का किसान आत्महत्या करने का विवश था। आज डबल इंजन सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ क्षेत्र के 5 लाख से ज्यादा किसानों को दिया है।

**गोला गोकर्णनाथ मंदिर को काशी विश्वनाथ कॉरीडोर के रूप में डेवलप किया जाएगा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अरविंद गिरी ने योग्य जन प्रतिनिधि के रूप में इंटर कालेज आईटीआई और चिकित्सालय का निर्माण कराया। उनकी इच्छा थी कि गोला गोकर्णनाथ मंदिर को काशी विश्वनाथ धाम की तरह में विकसित किया जाए। छोटी काशी के नाम से विख्यात इस स्थान को वास्तविक काशी में बदलने के लिए हर प्रयास किये जाएंगे। आस्था का सम्मान होगा जिससे युवाओं के लिए रोजगार का सृजन होगा। हम यहाँ के पटरी व्यवसाइयों का पुनर्वास करेंगे, किसी को भी उजाड़ा नहीं जाएगा। इस स्थान के सुंदरीकरण और मार्ग के चौड़ीकरण का आदेश पहले ही दिया जा चुका है।

## हनुमान की मूर्ति हटाने पहुंची पुलिस पर पथराव, पांच पुलिसकर्मी घायल

**बलिया।** बलिया जिले में गड़वार थाना क्षेत्र के बहादुरपुर कारी गांव में एक सरकारी भूमि पर भगवान हनुमान की मूर्ति स्थापित किए जाने की सूचना मिलने के बाद उसे हटाने पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव एवं लाठियों से हमला कर दिया, जिसके कारण पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रविवार रात हुई इस घटना में 36 नामजद सहित कुल 76 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ग्रामीणों के हमले में घायल हुए गड़वार थाना प्रभारी राज कुमार सिंह ने अस्पताल से सोमवार को दूरभाष पर बताया कि बहादुरपुर कारी गांव में रविवार की रात्रि एक सरकारी भूमि पर हनुमान जी की मूर्ति स्थापित कर दी गई और इसकी जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग के अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों ने बगैर सरकारी अनुमति के मूर्ति स्थापित करने का हवाला देते हुए उसे हटाने का प्रयास किया, तो ग्रामीण उग्र हो गए। सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने अधिकारियों पर पथराव किया और लाठियों से हमला कर दिया।

## भाजपा नेता पर चिकित्सक को बंदूक तानकर धमकाने का मामला दर्ज चिकित्सक के खिलाफ भी प्राथमिकी

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले के राजकीय मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता द्वारा बंदूक तानकर धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। सोमवार शाम भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कोतवाली के सामने प्रदर्शन किए जाने के बाद चिकित्सक पर भी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने सोमवार को दर्ज कराई गई प्राथमिकी के हवाले से बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक करण गुप्ता शनिवार रात 12 बजे ड्यूटी पर थे, तभी शहर निवासी अंशुल अग्निहोत्री के सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें लाया गया जिसका परीक्षण करने के बाद उन्हें ईसीजी कराने भेजा गया। उन्होंने बताया कि इसी बीच भाजपा की महानगर इकाई के उपाध्यक्ष राजकमल बाजपेई ने आकर हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि बाजपेई ने चिकित्सक की गर्दन पकड़कर हाथापाई करते हुए उन्हें गोली मारने के लिए बंदूक तान दी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने रविवार देर रात आरोपी भाजपा नेता राजकमल बाजपेई के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के बाद सोमवार शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाली के सामने प्रदर्शन किया। इसके बाद जिस मरीज को लेकर विवाद हुआ था, उसकी मां लक्ष्मी देवी की ओर से चिकित्सक करन गुप्ता पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक करन गुप्ता पर रिश्वत मांगने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों मामलों की जांच के उपरांत ही कार्वाई की जाएगी। भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष राजकमल बाजपेई ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मरीज अंशुल अग्निहोत्री उनके परिचित थे और सही इलाज न मिलने पर उसके परिजनों ने उन्हें बुलाया था। बाजपेई का आरोप है कि जब वह वहां गए तो चिकित्सक अपने कमरे में बैठे मोबाइल फोन पर गेम खेल रहे थे और जब उनसे मरीज देखने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि यह हमारे बस से बाहर है, इसे बाहर ले जाइए। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने स्ट्रेचर की मांग की तो चिकित्सक ने खुद ही स्ट्रेचर ढूंढने के लिए कह दिया। इसके बाद वह मरीज को जैसे-तैसे एक निजी अस्पताल में ले गए जहां उसे भर्ती कराया गया है।

## धूमधाम से मनी लौह पुरुष की जयन्ती

**गोंडा।** राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार भारतरत्न लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की 147वीं जयन्ती जनपद में बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर आयुक्त सभागार में अपर आयुक्त राकेश चंद शर्मा ने सरदार बल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। सभी को ''राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर मंडलीय शासकीय अधिवक्ता राम शंकर पांडेय, स्टेनो शिव गोपाल तिवारी व अभिषेक सिंह सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने विकास भवन सभागार तथा अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी व मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव एवं नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण ने कलेक्ट्रेट सभागार में लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया। इस अवसर पर सभी विभागों व कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संस्कृत-संभाषण वर्ग आज से

**गोंडा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत-संभाषण वर्ग का निरूशुल्क आयोजन दिनांक 01 नवंबर से 07 नवंबर 2022 तक कालेज के तुलसी सभागार में अपराह्न 01 बजे से 02 बजे तक किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मंशाराम वर्मा ने बताया कि इस सप्त दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं। इसमें विषय की कोई अनिवार्यता नहीं है। विगत वर्षों में कला वर्ग के अलावा विज्ञान वर्ग के गुरुजनों एवं छात्रों ने भी प्रतिभाग किया है। उन्होंने बताया कि लगातार सात दिन प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा।

# उतरौला में 17 वर्ष पूर्व हुए सांप्रदायिक दंगे में दोष सिद्ध

# दो पूर्व पालिका अध्यक्षों समेत 41 को सजा

**भाषा।** बलरामपुर

**पांच-पांच साल की कैद, 65 लोगों को बनाया गया था आरोपी, इसमें एक की पहले जबकि सुनवाई के दौरान पांच आरोपियों की मृत्यु हो गई**

**बलरामपुर** जिले की एक अदालत ने 17 वर्ष पूर्व हुए सांप्रदायिक दंगे में उतरौला नगर पालिका परिषद के दो पूर्व अध्यक्षों समेत 41 लोगों को दोषी करार देते हुए पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। तिवारी ने बताया कि उतरौला के सांप्रदायिक दंगे में कुल 65 लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिसमें एक आरोपी की मृत्यु पहले ही हो गई थी, जबकि सुनवाई के दौरान पांच आरोपियों की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय के अपर जिला जज जेपी यादव की अदालत ने 18 आरोपियों को दोष मुक्त करते हुए 41 लोगों के खिलाफ सजा सुनाई है, जिसमें 39 लोगों को जेल भेजा गया है। दोषियों में असलम फरार चल रहा है, जबकि अमर चन्द्र की तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि अदालत ने सभी दोषियों को पांच-पांच वर्ष की सजा और 14-14 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आधिकारिक सूत्रों ने घटना के बारे में बताया कि 26 मार्च 2005 को उतरौला क्षेत्र में होली के जुलूस निकलने के दौरान सांप्रदायिक हिंसा व आगजनी हुई थी, जिसमें तत्कालीन थानाध्यक्ष द्वारा दोनों पक्षों पर आगजनी की धारा समेत विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूरे मामले में पुलिस द्वारा 65 अभियुक्तों को नामित करते हुए अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया गया था। 17 साल बाद अदालत ने मामले में 41 लोगों को दोषी पाया है जिनमें से 39 अभियुक्त हाज़िर अदालत आए हुए थे। इन्हें अदालत के आदेश पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जेल भेजे गए अभियुक्तों में उतरौला नगर पालिका के दो पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता और अनूप गुप्ता शामिल हैं।

## बोरे में भरे तिरंगे जलाए जाने का वीडियो वायरल, जांच टीम गठित

**गोंडा।** गोंडा जिले में सरकारी दफ्तरों की सफाई के दौरान बोरे में भरे गए तिरंगों को कथित रूप से आग के हवाले करने का वीडियो वायरल होने के मामले में जिला प्रशासन ने दो सदस्ईय टीम गठित करके जांच रिपोर्ट तलब की है। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने सोमवार को बताया कि जिला मुख्यालय पर स्थित विकास भवन के सरकारी दफ्तरों की साफ-सफाई के दौरान कर्मचारियों द्वारा रविवार को बोरे में रखे तिरंगे को आग के हवाले किए जाने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई थी। कुमार ने बताया कि उन्होंने इस घटना का संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी की अध्यक्षता में दो सदस्ईय टीम गठित करके जांच आख्या तलब की है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने पर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्वाई की जाएगी। इस सम्बंध में जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी ने बताया कि गत अगस्त माह में हर घर तिरंगा अभियान में वितरण के लिए झंडे मंगाए गए थे। उन्होंने कहा कि कुछ झंडे मानक के अनुरूप नहीं थे, इसलिए उन्हें वितरित नहीं किया गया था और विकास भवन के ही एक कक्ष में रखवा दिया गया था। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण दफ्तरों की साफ-सफाई की जा रही थी। विद्यार्थी ने बताया कि इसी दौरान सफाई कर्मचारियों ने अन्य रद्दी फाइलों व कागजों के साथ उस बोरी को भी जला दिया, जिनमें तिरंगे रखे थे। गौरतलब है कि सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विकास भवन के पीछे कुछ बोरों में जलते हुए राष्ट्र ध्वज कथित तौर पर दिखाई दे रहे थे। इसमें किसी को यह कहते हुए सुना जा रहा था कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत वितरण के लिए आए झंडों को आग के हवाले कर दिया गया है।

## आरेडिका में सरदार पटेल के जन्म दिवस पर रन फार यूनिटी का आयोजन



**रायबरेली।** गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को श्राष्ट्रीय एकता दिवसश् के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ।इस वर्ष रेल मंत्रालयए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली के आवासीय परिसर में एमण्सीएफण् की कार्मिक शाखा के नेतृत्व में खेल कूद संघ के द्वारा रन फॉर यूनिटीए दौड़ का आयोजन किया गयाए जिसमें आरेडिका के महाप्रबंधकए अधिकारियोंए कर्मचारियों रेलवे सुरक्षा बल एवं उण्प्रण् पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के जवानोंए बच्चों एवं महिलाओं ए ने बढ.चढ कर हिस्सा लिया और साथ ही साथ एकताए अखंडता और सुरक्षा की भावना बढाने हेतु शपथ ग्रहण की। आरेडिका के विभिन्न शापों में उपविभागाध्यक्षों के नेतृत्व में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता की शपथ ली। रेलवे सुरक्षा बल एवं उण्प्रण् पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के द्वारा एकताए अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने हेतु मार्च.पास्ट का आयोजन किया गया ।आरेडिका में 31 अक्टूबर से 6 नम्बर 2022 तक सर्तकता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत की गयी जिसके तहत: महाप्रबंधक सभागार में उच्च अधिकारियों के द्वारा और विभिन्न कार्य स्थलों पर कर्मचारियों एवं अन्य अधिकारियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु सत्यनिष्ठाए ईमानदारी और पारदर्शिता की शपथ ली गयी।

## जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन 16 वर्ष पुराने मामले में गिरफ्तार

**बाराबंकी।** शहर कोतवाली पुलिस ने जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन और समाजवादी पार्टी के नेता धीरेंद्र कुमार वर्मा को 16 वर्ष पुराने एक मुकदमे में गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि वर्मा को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मौर्य ने सोमवार को बताया कि सतरिख थाने में दर्ज एक मुकदमे को लेकर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत ने वर्मा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। पुलिस के अनुसार थाना सतरिख ग्राम पारा कुंवर में वर्ष 2006 में विद्यालय भवन निर्माण को लेकर गड़बड़ी को लेकर तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) राजेश कुमार वर्मा ने भवन निर्माण प्रभारी रहे धीरेंद्र कुमार वर्मा पर भवन निर्माण में धांधली का मुकदमा दर्ज कराया था।

# अपराध पर लगाएं प्रभावी अंकुश: आकाश तोमर

**कटराबाजार थाने का एसपी ने किया निरीक्षण कार्यशैली में सुधार लाने के दिए निर्देश**



**गोंडा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने थाना कटराबाजार का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदी गृह व थाना परिसर आदि का गहनता से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री तोमर ने थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि रिकार्डों का अद्यतन सही ढंग से हो, थाने पर साफ-सफाई व्यवस्थाएं दुरुस्त रहे, महिला फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण कराया जाए, रात्रि गश्त बढ़ाते हुए अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108 व 102 के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने संबंधी दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाने के त्योहार रजिस्टर, मासिक व अपराध रजिस्टर का अवलोकन कर सभी अभिलेखों को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अन्यथा की दशा में सम्बन्धित थानाध्यक्ष/पुलिसकर्मी पर विभागीय कार्रवाई अवश्य होगी।

## पुलिसकर्मियों को दिलाई शपथ



गोंडा। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने रिजर्व पुलिस लाइन में तथा क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय ने पुलिस कार्यालय मे सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण/पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। पुलिस लाइन में उपस्थित पुलिस कर्मियों को एसपी ने राष्ट्र के एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर एसपी श्री तोमर ने राष्ट्र की एकता व अखण्डता के लिए लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल द्वारा किए गए कार्यों व उनके द्वारा राष्ट्र के प्रति समर्पण के बारे में पुलिस कर्मियों को विस्तार से अवगत कराया। इसी तरह जनपद के समस्त थानों/चौकियों पर भी राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई।

# राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की शपथ ली

**लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर निकली प्रभात फेरी**



**बांदा।** लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को जनपद में आज राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत आज प्रातः जनपद के प्राथमिक विद्यालय के छात्रध् छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी।आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल आरपी सिंह ने आयुक्त कार्यालय में लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। आयुक्त ने आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकताए अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए शपथ दिलायी। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन श्री अमरपाल सिंह सहित अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहे।कलेक्टेऊट में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी बांदा श्री अनुराग पटेल ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जन्म दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सरदार बल्लभ भाई पटेल किसान परिवार से थे। उन्होंने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ देश को आजादी दिलाने में आजीवन लगे रहे। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता व सूझ.बूझ से कई रियासतों का विलय कर खण्ड.खण्ड भारत को अखण्ड भारत बनाने का कार्य किया था। उन्हें लौह पुरूष भी कहा जाता हैए इसके साथ ही उन्हें उनके कार्यों के लिए भारत रत्न से भी नवाजा गया। सरदार बल्लभ भाई पटेल दृढ़ इच्छाशक्ति रखने वाले व बहुत ही सरल स्वभाव के थे। हम लोंगो का कर्तव्य है कि हम राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुदृढ़ बनाने का कार्य करें तथा ऐसा कोई कार्य न करें जिससे राष्ट्र की एकता और अखण्डता के लिए खतरा हो। उन्होंने कहा कि आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए यह जरूरी है कि असमाजिक तत्वों पर हम लोंग निगाह रखें तथा असमाजिक गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को दें।कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायीए जिसमें उन्होंने राष्ट्र की एकताए अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच इसका संदेश फैलाने तथा देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प दिलाने की शपथ दिलायी।

# अखंडता का संकल्प ले लौह पुरुष को किया नमन



**अंबेडकरनगर ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारीए अपर जिलाधिकारी तथा कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी कर्मचारी द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर देश की अखंडता के लिए श्राष्ट्रीय एकता दिवस् के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारी एकर्मचारी को निम्नवत शपथ दिलाया गया.. 'मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा करूंगी और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा करूंगी। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूंए जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।'ष्इस दौरान मौके पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार कनौजियाएजिला पूर्ति अधिकारीए अभिहित अधिकारीए जिला सूचना अधिकारीए चकबंदी अधिकारी ए कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी तथा ध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## पटेल की 147वीं जयंती पर एकता रैली



**अम्बेडकर नगर।** देश के प्रथम गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती पर सोमवार को राष्ट्रीय एकता रैली का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया गया। रैली का आयोजन प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी सुधा सिंह की अगुवाई में विकास भवन प्रांगण से चलकर हवाई पट्टी तक पहुंचकर सम्पन्न हुआ। इसके पहले प्रभारी युवा कल्याण अधिकारी ने उपस्थित लोगों को सत्यनिष्ठा से राष्ट्र की एकताए अखंडताए सुरक्षा को बनाये रखने के लिए शपथ दिलाई।इसके अलावा ग्रामीण स्तर पर युवक मंगल दल.ब्राहिमपुर कुशमा एवं युवान फाउंडेशन द्वारा रैलीए एकता शपथ व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के लिए देश की अखंडता ज्यादा महत्वपूर्ण थीए वह देश को आगे बढ़ाना चाहते थे उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि टीम भावना से ही राष्ट्र की प्रगति हो सकती है।इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अजय यादवए ज्योति मौर्यए विशाल श्रीवास्तवए सूर्यनाथए पंतलालए दिलीपए रामदास आदि उपस्थित रहे।

# न्यूजीलैंड में भारतीय टीमों की अगुआई करेंगे पंड्या और धवन

● चार सीरीज के लिए तीन कप्तान

भाषा। एडीलेड

**ऑलराउंडर** हार्दिक पंड्या को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सोमवार को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया, इस तरह बीसीसीआई ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों की आगामी चार श्रृंखलाओं के लिए तीन अलग कप्तानों की घोषणा की। टी20 श्रृंखला की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया में मौजूदा टी20 विश्व कप के खत्म होने के बाद दिन बाद 18 नवंबर को वेलिंगटन में होगी। अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन 25 नवंबर से न्यूजीलैंड में शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। ऋषभ पंत न्यूजीलैंड में इन दोनों श्रृंखला के लिए टीम के उप कप्तान होंगे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को को खिलाड़ियों के काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। रोहित बांग्लादेश में वनडे और टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम की अगुआई के लिए वापसी करेंगे। स्टार बल्लेबाज कोहली और अश्विन





भी बांग्लादेश दौरे के लिए टीम में वापसी करेंगे जिसमें भारत तीन वनडे और दो टेस्ट खेलेगी। इस दौरे की शुरूआत चार दिसंबर से होगी। यह पहली बार है जब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक साथ चार टीम की घोषणा की है। रविंद्र जडेजा भी बांग्लादेश के खिलाफ वापसी करेंगे। एशिया कप के दौरान घुटने की चोट लगने के बाद वह मौजूदा टी20 विश्व कप से बाहर हो गए थे। चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन के कारण ही अलग अलग टीमों की घोषणा की गई है। उन्होंने ऑनलाइन प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, किसी ने भी आराम की मांग नहीं की थी। सभी फैसले खिलाड़ियों के काम के बोझ के प्रबंधन के तहत किए गए। हमारे पास चिकित्सा टीम की रिपोर्ट है कि किसे, कब और कैसे आराम देना है। यह पूछने पर कि टी20 विश्व कप के पहले तीन मैचों में प्रदर्शन को देखते हुए कार्तिक का भविष्य क्या है और अब न्यूजीलैंड दौरे के लिए भी उन्हें आराम दिया गया है तो चेतन ने कहा कि तमिलनाडु के बल्लेबाज के लिए अभी सब खत्म नहीं हुआ है। मुख्य चयनकर्ता ने कहा, विश्व कप कुछ दिनों में खत्म हो जाएगा इसलिए हमें फैसला करना था कि किसे आराम देना है किसे नहीं। वह (कार्तिक) अच्छा करता रहा है और वह हमारे लिए उपलब्ध है। लेकिन इस बार हमने विश्व कप के बाद अलग खिलाड़ियों को आजमान के बारे में सोचा। कार्तिक की पीठ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के पिछले मैच के दौरान चोट लग गई थी और उनका बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैच में खेलना संदिग्ध लग रहा है। लेकिन चेतन ने कार्तिक की चोट के बारे में कोई अपडेट नहीं दिया। मेडिकल टीम उनकी देखरेख कर रही है, यह आंतरिक मसला है इसलिए यहां कुछ भी खुलासा करना ठीक नहीं होगा। वह विश्व कप का हिस्सा हैं और वह अच्छा कर रहे हैं। टी20 श्रृंखला का दूसरा मैच माउंट मोनगानुई में 20 नवंबर को खेला जाएगा जबकि अंतिम मुकाबला 22 नवंबर को नेपियर में होगा। एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत 28 नवंबर को ऑकलैंड में होगी जबकि अगले दो मैच 27 और 30 नवंबर को क्रमश: हैमिल्टन और क्राइस्टचर्च में होंगे। भारतीय टीम बांग्लादेश दौरे की शुरूआत तीन वनडे से करेगी जो ढाका में (चार, सात और 10 दिसंबर को) खेले जाएंगे। इसके बाद चटगांव (14 से 18 दिसंबर) और ढाका (22 से 26 दिसंबर) में दो टेस्ट खेले जाएंगे। पीठ में स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दोनों दौरों के लिए नहीं चुना गया है क्योंकि वह अभी तक चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं और चयनकर्ता उनकी वापसी को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहते। बुमराह के बारे में पूछने पर शर्मा ने कहा, हमें खिलाड़ियों के कार्यभार का प्रबंधन करना होगा। हमें इसे गंभीरता से लेना होगा। एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) की चिकित्सा टीम उसकी (बुमराह) अच्छी देखरेख कर रही है। उन्होंने कहा, वह निश्चित रूप से आस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम का हिस्सा होंगे लेकिन हम बांग्लादेश के खिलाफ उनकी वापसी में जल्दबाजी नहीं करना चाहते। वह जल्द ही वापसी करेंगे। भारतीय टीम का चार टेस्ट और तीन वनडे के लिए आस्ट्रेलिया का दौरा अगले साल फरवरी–मार्च में होगा।

## टी-20 में बदलाव शुरू, कार्तिक और अश्विन के लिए रास्ता बंद

**एडीलेड।** पूरी संभावना है कि आस्ट्रेलिया में चल रहा टी20 विश्व कप दिनेश कार्तिक और रविचंद्रन अश्विन के लिए इस प्रारूप में अंतिम टूर्नामेंट हो क्योंकि चेतन शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति ने 2024 चरण को ध्यान में रखते हुए खेल के इस छोटे प्रारूप में बदलाव का दौर शुरू कर दिया है। हार्दिक पंड्या को 18 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए सोमवार को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया। टीम को देखकर साफ संकेत मिलते है कि अगली पीढ़ी इस टी20 विश्व कप के बाद जिम्मेदारी संभालने को तैयार है। विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनो ने आराम की मांग की थी और केएल राहुल को निजी कारणो से ब्रेक दिया गया है। वे शायद भारत के लिए छोटे प्रारूप में खेल सकते है लेकिन बदलाव के आरंभ की अनदेखी नही की जा सकती। कार्तिक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच तक 2022 में 27 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचो में उनकी अनदेखी गई। और न ही अश्विन को इसमे शामिल किया गया है जिन्हे रोहित शर्मा के जोर देने के बाद चार साल के अंतराल बाद टी20 टीम मे वापस बुलाया गया। मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने दो अलग अलग श्रृंखलाओ के लिए चार टीमो की घोषणा के बाद वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, विश्व कप कुछ दिनो मे खत्म हो जाएगा इसलिए हमे फैसला करना था कि किसे आराम देना है किसे नही। वह (कार्तिक) अच्छा करता रहा है और वह हमारे लिए उपलब्ध है। लेकिन इस बार हमने विश्व कप के बाद अलग खिलाड़ियों को आजमान के बारे मे सोचा। कार्तिक की पीठ मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के पिछले मैच के दौरान चोट लग गई थी और उनका बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैच मे खेलना संदिग्ध लग रहा है। लेकिन चेतन ने कार्तिक की चोट के बारे मे कोई अपडेट नही दिया। वह इस बारे मे भी चर्चा नही करना चाहते कि इस अनुभवी विकेटकीपर को पिछले चार महीनो मे भारत के लिए 27 टी20 खेलने के बाद कार्यभार प्रबंधन की जरूरत क्यो पड़ी। उन्होने कहा, मेडिकल टीम उनकी देखरेख कर रही है, यह आंतरिक मसला है इसलिए यहां कुछ भी खुलासा करना ठीक नही होगा। वह विश्व कप का हिस्सा है और वह अच्छा कर रहे है। लेकिन समझा जा सकता है कि भारतीय क्रिकेट कार्तिक से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। 2019 मे विश्व कप ने उनका 50 ओवर का करियर खत्म कर दिया था और 2022 शायद उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय मे अंतिम रहे।





**न्यूजीलैंड में टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की टीम:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), ऋषभ पंत, शुभमन गिल, इशान किशन, दीपक हुड्डा, सूर्य कुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार और उमरान मलिक। **न्यूजीलैंड में एकदिवसीय मुकाबलों की टीम:** शिखर धवन (कप्तान), ऋषभ पंत, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्य कुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, वाशिंटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, शाहबाज अहमद, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, कुलदीप सेन और उमरान मलिक। **बांग्लादेश में एकदिवसीय मुकाबलों की टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल, शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, ऋषभ पंत, इशान किशन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर और यश दयाल। **बांग्लादेश में टेस्ट श्रृंखला की टीम:** रोहित शर्मा, लोकेश राहुल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, केएस भरत, अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव।

## फिंच की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव, स्कैन के लिए जाएंगे

भाषा। ब्रिसबेन

**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान आरोन फिंच के पैर की मांसपेशियों में सोमवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान खिंचाव आ गया। फिंच ने इस मुकाबले में अर्धशतक जड़ा जिससे गत चैंपियन टीम ने आयरलैंड को 42 रन से हराया। फिंच ने 44 गेंद में 63 रन की पारी खेली लेकिन अपनी पारी के आखिरी हिस्से के दौरान उन्हें विकेटों के बीच दौड़ लगाते हुए परेशानी में देखा गया। उनकी पारी से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 179 रन का स्कोर खड़ा किया। पैंतीस साल के फिंच ने आयरलैंड की पारी के दौरान पूरे समय क्षेत्ररक्षण नहीं किया।

## अफगानिस्तान की टीम में चोटिल जजाई की जगह लेंगे गुलबदिन

**ब्रिसबेन।** ऑलराउंडर गुलबदिन नैब बाकी के बचे टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान की टीम में चोटिल हजरतुल्लाह जजाई की जगह लेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 की प्रतियोगिता तकनीकी समिति ने जजाई के विकल्प को स्वीकृति दे दी है। गुलबदिन रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ जुड़े हुए थे। जजाई पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से बाहर हुए हैं।

## राष्ट्रीय अंडर–23 एथलेटिक्स: अनीमेश, परवेज और यशस चमके

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के अनीमेश कुजुर, मध्य प्रदेश के परवेज और कर्नाटक के पी यशास ने सोमवार को यहां एएफआई राष्ट्रीय ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में चमकदार प्रदर्शन करते हुए पुरूषो की क्रमशः 200 मीटर, 800 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ फाइनल्स मे जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के अंतिम दिन आठ मीट रिकॉर्ड बने जिसमें से दो महिला एथलीट ने बनाए। अनीमेश, परवेज और यशस ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयासो में सुधार किया।

## भविष्य में अधिक मेजबानी करे भारत: शेख सलमान

**नवी मुंबई।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के अध्यक्ष शेख सलमान अल खलीफा ने कहा है कि फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा और महाद्वीपीय संस्था एएफसी दोनों अंडर-17 महिला विश्व कप सहित अन्य प्रमुख टूर्नामेंटो की मेजबानी करने की भारत की क्षमता से खुश है और देश में अधिक टूर्नामेंट आयोजित करना चाहते है। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप तीन शहरों भुवनेश्वर, गोवा और नवी मुंबई में आयोजित किया गया था।

## नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराकर आर्सेनल ईपीएल तालिका में शीर्ष पर

**मैनचेस्टर।** रेइस नेल्सन के दो गोल की बदौलत आर्सेनल रविवार को यहां एकतरफा मुकाबले मे नॉटिंघम फॉरेस्ट को 5-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। आर्सेनल के लिए नेल्सन (49वे और 52वे मिनट) के अलावा गैब्रियल मार्टिनेली (पांचवे मिनट), थॉमस पार्टे (57वे मिनट) और मार्टिन ओडेगार्ड (78वे मिनट) ने गोल दागे।

## ऑगर–एलियासिम ने स्विस इंडोर का खिताब जीता

**बासेल।** कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिम ने रविवार को फाइनल में होल्गर रूने को हराकर स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता जो अक्टूबर में उनका तीसरा खिताब है। ऑगर-एलियासिम ने रूने को फाइनल मे सीधे सेट मे 6-3, 7-5 से हराया। ऑगर-एलियासिम ने टूर्नामेंट के दौरान पांच मैच मे एक भी बार अपनी सर्विस नही गंवाई। रविवार को रूने को भी उनके खिलाफ तीन ब्रेक प्वाइंट मिले लेकिन उन्होने तीनो बचा लिए। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी ऑगर-एलियासिम ने इससे पहले अक्टूबर मे इटली के फ्लोरेंस और बेल्जियम के एंटवर्प में भी खिताब जीते थे।

## वेरस्टापेन ने सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड बनाया

**मेक्सिको सिटी।** नीदरलैंड के मैक्स वेरस्टापेन ने रविवार को यहां मौजूदा सत्र की 14वी फार्मूला वन रेस जीतकर एक सत्र में सबसे अधिक रेस जीतने का रिकार्ड बनाया। वेरस्टापेन ने पिछले हफ्ते ही अमेरिका के टेक्सास में फॉर्मूला वन रेस जीतकर जर्मनी के माइकल शूमाकर और सेबेस्टियन वेटेल के सत्र में 13 जीत के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। वेरस्टापेन ने रविवार को मैक्सिको सिटी ग्रां प्री मे सत्र की अपनी 14वी जीत के साथ एक सत्र मे सर्वाधिक एफवन जीत का रिकॉर्ड बनाया। उन्होने सत्र मे 13 जीत के रिकॉर्ड को तोड़ा। पिछला रिकॉर्ड 2004 मे शूमाकर ने बनाया था जबकि 2013 मे वेटेल ने इसकी बराबरी की थी।

# फिंच का अर्धशतक, आस्ट्रेलिया जीता



● टी-20 विश्वकप : आयरलैंड को 42 रन से हराया

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पारी :** वॉर्नर का एडेयर बो मैकार्थी 03,फिंच का एडेयर बो मैकार्थी 63,मार्श का टकर बो मैकार्थी 28,मैक्सवेल का टकर बो लिटिल 13,स्टोइनिस का डॉकरेल बो लिटिल 35,डेविड नाबाद 15, वेड नाबाद 07,**अतिरिक्त** : 15 ,**कुल** : 20 ओवर मे पांच विकेट पर 179 रन, **विकेट पतन** :1-8, 2-60, 3-84, 4-154, 5-160,**गेंदबाजी** : लिटिल 4-0-21-2,एडेयर 4-0-59-0, मैकार्थी 4-0-29-3, डेलानी 3-0-29-0, हैंड 1-0-15-0, डॉकरेल 4-0-24-0

**आयरलैंड पारी :** स्टर्लिंग का कमिंस बो मैक्सवेल 11, बालबिर्नी बो कमिंस 06,टकर नाबाद 71,टेक्टर का सब बो मैक्सवेल 06,कैम्फर बो स्टार्क 00,डॉकरेल बो स्टार्क 00,डेलानी का मैक्सवेल बो स्टोइनिस 14, एडेयर स्ट वेड बो जम्पा 11,हैंड बो जम्पा 06,मैकार्थी का सब बो कमिंस 03, लिटिल रन आउट 01,**अतिरिक्त** : 08,**कुल** : 18.1 ओवर मे सभी आउट 137 रन,**विकेट पतन** :1-18, 2-18, 3-24, 4-25, 5-25, 6-68, 7-91, 8-103, 9-136 ,**गेंदबाजी** : हेजलवुड 3-0-24-0,कमिंस 4-0-28-2,मैक्सवेल 2.1-0-14-2,स्टार्क 4-1-43-2,जम्पा 4-0-19-2,डॉकरेल 1-0-6-1

भाषा। ब्रिसबेन

**कप्तान** आरोन फिंच ने (44 गेंद में 63 रन) अर्धशतक जड़कर फॉर्म में वापसी की जिससे गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने सोमवार को यहां आयरलैंड पर 42 रन की जीत से टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखीं। इस जीत से आस्ट्रेलिया के चार मैच में पांच अंक हो गए हैं। टीम ग्रुप एक में इंग्लैंड से ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंचने से सेमीफाइनल की दौड़ में बनी हुई है। न्यूजीलैंड के भी इतने ही अंक हैं जो ग्रुप एक में बेहतर रन रेट से शीर्ष पर कायम है। लेकिन आस्ट्रेलिया का रन रेट (-0.304) अब भी नेगेटिव है और उसने अपनी एशेज प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की तुलना में एक मैच ज्यादा खेला है जिसका रन रेट 0.239 है। आस्ट्रेलियाई टीम अब अपने अंतिम ग्रुप मैच में शुक्रवार को एडीलेड में अफगानिस्तान से भिड़ेगी। फिंच के अर्धशतक से आस्ट्रेलिया ने धीमी शुरूआत से उबरते हुए पांच विकेट पर 179 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को टूर्नामेंट से बाहर करने वाली और सुपर 12 चरण में इंग्लैंड को हराकर उलटफेर करने वाली आयरलैंड की टीम 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने पस्त हो गई और 18.1 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। मौजूदा चैम्पियन ने चार ओवर के अंदर आयरलैंड की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया था। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने आयरलैंड के लिए एकमात्र विकेटकीपर बल्लेबाज लोकरान टकर (48 गेंद में नाबाद 71 रन) डटे रहे जिन्होंने अंत तक उम्मीद बनाए रखी। पर दूसरे छोर पर उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला और रन गति बढ़ती रही। 19वें ओवर में जोश लिटिल के आउट होने से आयरलैंड की पारी खत्म हुई जिससे टकर 71 रन बनाकर नाबाद रहे। तेज गेंदबाजी के अगुआ पैट कमिंस (चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट) ने फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज एंडी बालबिर्नी को आउट किया। फिर ग्लेन मैक्सवेल (14 रन देकर दो विकेट) ने पांच गेंद के अंदर पॉल स्टरलिंग (11) और हैरी टेक्टर (06) के विकेट झटक लिए। फिर मिशेल स्टार्क (चार ओवर में एक मेडन, 43 रन देकर दो विकेट) ने पांच गेंद में कर्टिस कैम्फर और जॉर्ज डॉकरेल को पवेलियन भेज दिया। आयरलैंड ने इस तरह से पावरप्ले में 25 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे।

# हायलो ओपन बैडमिंटन में सात्विक-चिराग की जोड़ी पर होंगी सबकी नजर

भाषा। सारब्रकेन (जर्मनी)

**हाल में फ्रेंच** ओपन चैम्पियन बने सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी जब मंगलवार से यहां शुरू होने वाले हायलो ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना अभियान शुरू करेगी तो उनकी निगाहें इसी लय को बरकरार रखने पर लगी होगी। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन सात्विक और चिराग ने रविवार की रात फ्रेंच ओपन के पुरूष युगल फाइनल में चीनी ताइपे के लु चिंग याओ और यांग पो हान की जोड़ी को हराकर सत्र का अपना सबसे बड़ा खिताब हासिल किया। इस सत्र में दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी शानदार फॉर्म में हैं और अब उनकी निगाहें अपनी अलमारी में एक और खिताब शामिल करने पर लगी होंगी। दोनों अपने अभियान की शुरूआत चीनी ताइपे के ली यांग और लु चेन के खिलाफ करेंगे। जापान के शीर्ष वरीय ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी भी ड्रा में उनके हाफ में हैं लेकिन भारतीय जोड़ी पिछले हफ्ते पेरिस में सेमीफाइनल में इसी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी पर मिली जीत से आत्मविश्वास लेना चाहेगी। अन्य भारतीयों में लक्ष्य सेन, एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत 180,000 डॉलर राशि के टूर्नामेंट की एकल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। सातवें वरीय लक्ष्य पेरिस में पहले दौर में बाहर हो गए थे। वह हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जबकि प्रणय इंडोनेशिया के शेसार हिरेन यस्ताविटो के खिलाफ पहले दौर का मुकाबला खेलेंगे। श्रीकांत भारत की थॉमस कप जीत के बाद से कुछ धमाल नहीं कर पाए हैं और राष्ट्रमंडल खेलों का कांस्य पदक विजेता फॉर्म में वापसी करने की कोशिश करेगा। वह चीन के लु गुआंग जू के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे।



## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता फ्रेंच ओपन पुरूष युगल खिताब

**पेरिस।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट का पुरूष युगल खिताब अपनी झोली मे डाला। भारतीय जोड़ी ने रविवार रात फाइनल मे लु चिंग याओ और यांग पो हान की चीनी ताइपे की जोड़ी को सीधे गेम मे पराजित किया। भारतीय जोड़ी 2019 चरण मे उप विजेता रही थी। दुनिया की आठवे नंबर की इस जोड़ी ने लु और यांग की 25वी रैंकिंग की जोड़ी को 48 मिनट मे 21-13 21-19 से हराया। भारतीय जोड़ी का इस साल स्वप्निल प्रदर्शन जारी है जिसमे उन्होने इंडियन ओपन सुपर 500 खिताब, राष्ट्रमंडल खेलो का स्वर्ण पदक, थॉमस कप खिताब और अगस्त मे विश्व चैम्पियनशिप मे कांस्य पदक जीता। इस जोड़ी का यह विश्व टूर पर तीसरा खिताब है। उन्होने 2019 थाईलैंड ओपन सुपर 500 और इस साल इंडियन ओपन सुपर 500 ट्राफी जीती है। इस तरह यह जोड़ी सुपर 750 टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी भी बन गई है।

## एशियाई शतरंज : हर्ष शीर्ष पर बरकरार

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर हर्ष भरतकोटि यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैम्पियनशिप के ओपन वर्ग के छठे दौर में शीर्ष वरीय और हमवतन जीएम आर प्रगानंद से ड्रा खेलने के बाद पांच अंक लेकर एकल बढ़त बनाए हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने 33 चाल के बाद अंक बांटने पर सहमति दी। इस तरह भरतकोटि की चार मैचों से चली आ रही जीत की लय थम गई। शीर्ष वरीय प्रगानानंद सहित 11 खिलाड़ी भरतकोटि से आधा अंक लेकर दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। इसमें ल्यूक मेंडोंका, मुरली, कोस्तव चटर्जी, नारायणन, बी अधिबान, एस पी सेतुरमन और अरविंद चिदम्बरन (सभी भारतीय) शामिल हैं।

# मौकों को गोल में बदलना होगा : हरमनप्रीत

भाषा। भुवनेश्वर

**भारतीय** हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने यहां एफआईएच पुरूष प्रो लीग में निचली रैंकिंग की स्पेन से मिली हार के बाद कहा कि उनकी टीम को ज्यादा से ज्यादा मौकों को गोल में बदलकर अच्छे नतीजे हासिल करने होंगे। भारत को रविवार को यहां स्पेन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जो मौजूदा चरण में उसकी पहली हार है। इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर से मिले मौकों का फायदा उठाने को लेकर फिर चर्चा शुरू हो गई। भारत ने टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में न्यूजीलैंड पर 4-3



से रोमांचक जीत दर्ज की थी। दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय टीम ने आठवीं रैंकिंग की स्पेन के खिलाफ पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन टीम एक को ही गोल में बदल पाई जो हरमनप्रीत ने 27वें मिनट में किया। हरमनप्रीत ने कहा, हम काफी मौके बना रहे थे। हमें काफी पेनल्टी कॉर्नर भी मिले। हम विभिन्न संयोजन और वैरिएशन की कोशिश कर रहे थे। लेकिन कभी कभार ए काम नहीं करते। हमें अगले हफ्ते दो और मैच खेलने हैं, इसलिए उम्मीद करते हैं कि हम ज्यादा से ज्यादा मौकों को गोल में बदलने की कोशिश करेंगे। टीम के लिए एक मैदानी गोल अभिषेक ने 55वें मिनट में किया। भारतीय टीम अब रिवर्स चरण के मुकाबलों में चार नवंबर को न्यूजीलैंड और छह नवंबर को स्पेन से भिड़ेगी। हम पूरे दबदबे से खेलने की कोशिश करते हैं। इसलिए हम ज्यादा मौके बना सकते हैं। हम काफी पास दे पा रहे थे और प्रतिद्वंद्वी के सर्कल में प्रवेश कर रहे थे।

# अपने जुनून व पिता के संकल्प से पदक विजेता बने शंकर

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** के शंकर मुथुस्वामी ने भले ही विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता हो लेकिन इस किशोर खिलाड़ी का कहना है कि जब उन्होंने सत्र की शुरुआत की थी तब यह टूर्नामेंट उनकी प्राथमिकताओं की सूची में काफी ऊपर नहीं था। कोविड-19 महामारी के कारण इस प्रतिष्ठित जूनियर प्रतियोगिता को दो बार रद्द करना पड़ा था लेकिन रविवार को तमिलनाडु के 18 वर्षीय शंकर ने इस टूर्नामेंट में पदक जीता। अगस्त में विश्व जूनियर नंबर एक बनने वाले शंकर ने स्पेन के सेनटेंडर से




पीटीआई से कहा, शुरुआत में मैं विश्व चैंपियनशिप के बारे में नहीं सोच रहा था क्योंकि यह दो साल से नहीं हुई थी और मुझे यकीन नहीं था कि इस बार भी यह टूर्नामेंट होगा या नहीं। मैं अपनी सीनियर प्रतियोगिताओं को लेकर व्यस्त था। जब चयन ट्रायल हुआ तो मैंने उसमें भाग लिया और मैंने सोचा कि जब मैं टीम में जगह बनाऊंगा तो कुछ खास करने की कोशिश करूंगा। लेकिन मैंने इस टूर्नामेंट के लिए विशेष रूप से ट्रेनिंग नहीं ली थी। पिछले पांच हफ्तों से मैं सीनियर प्रतियोगिताओं में व्यस्त रहा हूं लेकिन मुझे खुशी है कि मैं विश्व चैंपियनशिप पदक के साथ अपने जूनियर दिनों का अंत कर सका। अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-19 स्तर पर राष्ट्रीय चैंपियन रहे शंकर ने पिछले हफ्ते कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को हराया लेकिन फाइनल में उन्हें चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन के खिलाफ शिकस्त के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। शंकर के लिए इन सब चीजों की शुरुआत तब हुई जब उनके पिता ने उन्हें खेलों में शामिल किया।

## पटना पाइरेट्स ने गुजरात जायंट्स को हराया

**पुणे।** सचिन के चमकदार प्रदर्शन की बदौलत पटना पाइरेट्स ने सोमवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मुकाबले मे गुजरात जायंट्स को 34-28 से शिकस्त दी। सचिन पटना की टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे जिन्होंने मैच मे 13 अंक जुटाए। पहले हाफ तक पटना पाइरेट्स ने 21-13 से बढ़त बनाई हुई थी।

## स्नेहाशीष बने कैब अध्यक्ष, ऋद्धिमान को शांति प्रस्ताव

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के नव नियुक्त अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने सोमवार को ऋद्धिमान को शांति का प्रस्ताव दिया जो विवाद के बाद गृह राज्य छोड़कर त्रिपुरा की टीम मे चले गए थे। कैब अधिकारियो से तकरार के बाद अनुभवी भारतीय टेस्ट विकेटकीपर साहा ने खुद को राज्य की टीम के लिए अनुपलब्ध करार दिया था। साहा फिर त्रिपुरा से मेंटोर-कम-खिलाड़ी के तौर पर जुड़ गए थे जिससे कैब के साथ उनका 15 साल का जुड़ाव खत्म हो गया था।

## अमन और कुमारी पीयूष को लखनऊ सीनियर खो खो टीम की कमान

**लखनऊ।** बलिया में दो नवंबर से आयोजित की जाने वाली 49वीं स्टेट सीनियर खो खो चैंपियनशिप में भाग लेने वाली लखनऊ की टीम की घोषणा सोमवार को लखनऊ खो खो एसोसिएशन के सचिव राजेश कुमार वर्मा ने की। अमन कुमार गुप्ता को पुरुष टीम और कुमारी पीयूष चौबे को महिला टीम का कप्तान बनाया गया है। टीमः पुरुष- अमन कुमार गुप्ता, शिवम दुबे, विनायकजीत यादव, हर्षित शमा, शिवांक राज,पवन सिंह,कृष्ण थापा, वैभव कुमार राजवंशी, पवन सिंह बिष्ट, साहिल सिंह बिष्ट और विमल कुमार राजवंशी।

## दिव्यांग क्रिकेटर दम दिखाने को तैयार

**लखनऊ।** इकाना स्टेडियम में इंडियन बैंक सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग-टी20 कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सीजन टू का आगाज हो गया। सोमवार को उद्घाटन के अवसर पर प्रदर्शनी मैच इंडियन बैंक इलेवन 12 विश्वकप विजेता खिलाड़ियों और पार्टनर एकादश टीम के बीच खेला गया। इससे पहले दिव्यांग क्रिकेटरों का हौसला बढ़ाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद मैदान में उतर कर बल्लेबाजी की। उन्होने टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के बाद क्रिकेट खेलते हुए गेंद खेली और शॉट भी लगाये। इस अवसर पर सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग टी 20 कप की ब्रांड एंबेसडर दीपा मलिक पद्म श्री, खेल रत्न और अर्जुन अवार्डी, पैरालंपिक पदक विजेता ने कहा कि हमारी यह निरंतर कोशिश रहेगी कि सभी दिव्यांग खिलाड़ियों को खेलों की मुख्यधारा से जोड़े ताकि उन्हें अपनी काबिलियत दिखाने के लिए समान प्लेटफार्म मिल सके। इस टूर्नामेंट में लखनऊ के विभिन्न स्टेडियमों पर लीग दौर के मुकाबले एक नवंबर से 5 नवंबर तक खेले जाएंगे जिसमें दिव्यांग क्रिकेटरों की 20 टीमें खेलेंगी। फाइनल 7 नवंबर को के डी बाबू स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में मेजबान उत्तर प्रदेश एक नवंबर को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ अपना पहला लीग खेलेगा। आज टूर्नामेंट के उद्घाटन के अवसर पर उत्तर प्रदेश के खेल व युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव, एसएल जैन इंडियन बैंक के एमडी और सीईओ इंडियन बैंक के इमरान अमीन सिद्दीकी ईडी डीसीसीआई सचिव रवि चौहान व संयुक्त सचिव अभय प्रताप सिंह व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट में आज :सुबह का सत्र : उत्तर प्रदेश बनाम हिमाचल प्रदेश आर्यावर्त क्रिकेट मैदान,कर्नाटक बनाम महाराष्ट्र बीबीडी स्टेडियम,विदर्भ बनाम बड़ौदा केडी सिंह बाबू स्टेडियम, चंडीगढ़ बनाम छत्तीसगढ़ चौक स्टेडियम , दोपहर का सत्र : हैदराबाद बनाम आंध्र प्रदेश बीबीडी स्टेडियम,पश्चिम बंगाल बनाम पंजाब केडी सिंह बाबू स्टेडियम,तमिलनाडु बनाम गुजरात ;चौक स्टेडियम,हरियाणा बनाम बिहार आर्यावर्त क्रिकेट मैदान

## इंटर स्कूल क्रिकेट टेनिस बॉल का आयोजन



**लखनऊ।** सेंट क्लेयर कान्वेंट स्कूल के सिल्वर जुबली के उपलक्ष में 31 अक्टूबर को इंटर स्कूल क्रिकेट टेनिस बॉल टूर्नामेंट का आयोजन टेनिस बाल क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से किया गया जिसमे करीब 8 स्कूलों ने भाग लिया। माउंट फोर्ट कॉलेज, दिल्ली पब्लिक स्कूल गोमती नगर , दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदिरा नगर ,लखनऊ पब्लिक स्कूल आम्रपाली ,लखनऊ पब्लिक स्कूल गोमतीनगर ,आल हुदा पब्लिक स्कूल, सिटी मोंटेसरी चौक ब्रांच तथा सेंट क्लार्स कान्वेंट स्कूल लखनऊ की टीमें शामिल रही कार्यक्रम का उद्घाटन जे जे जोसफप्रधानाचार्य लखनऊ क्रिस्चियन कॉलेज ने किया जिसमे टूर्नामेंट के डायरेक्टर सिस्टर विनीता जोसफ ए टूनामेंट के ओर्गनइजिंग सेक्रेटरी विजय श्रीवास्तव एवं टेनिस बाल क्रिकेट एसोसिएशन प्रेसिडेंट आज़म खान मौजूद थे।